www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण
SUNDAY
नई दिल्ली, रविवार, 27 अप्रैल, 2025
वर्ष – 18 | अंक – 21 | पृष्ठ – 10
मूल्य – 3.00 रु.
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु

साहित्य
असहमत पृष्ठ 06
एंटीबायोटिक के उपयोग से भी आंत के बैक्टीरिया में बन सकती है प्रतिरोधक क्षमता पृष्ठ 10
पहलगाम आतंकी हमला केंद्र सरकार की विफलता... पृष्ठ 02
■ प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर जनता को ठग रही भाजपा
■ ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार को अब वादों को ... 03
■ आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरा
■ पाक सेना प्रमुख ने फिर अलापा टू नेशन थ्योरी का राग 07

# जम्मू-कश्मीर में छह आतंकियों के घर गिराए

## कश्मीर में बुलडोजर नहीं, घरों को ढहाने के लिए हो रहा आईईडी का इस्तेमाल

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम हमले के बाद गुस्साए हुए सुरक्षाबलों ने शनिवार को दक्षिण कश्मीर के तीन जिलों में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों के चार और मकान ध्वस्त कर दिए गए, जिन पर पहलगाम हमले में शामिल होने का संदेह है। इस तरह से कुल मिला कर 24 घंटों में 6 आतंकियों के 6 घरों को नेस्तनाबूद कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि मुरान पुलवामा के आतंकी एहसान उल हक शेख के मकान को अधिकारियों ने कल देर रात ध्वस्त कर दिया।

इसी तरह कुलगाम में आतंकी जाकिर अहमद गनिया (2023 से सक्रिय) के मकान को मतलहामा में विस्फोट कर ध्वस्त कर दिया गया। शोपियां में आतंकी शाहिद अहमद कुटे का मकान भी चोटीपोरा में ध्वस्त कर दिया गया।



■ संदिग्ध स्थानीय आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान जारी

■ सर्च ऑपरेशन के दौरान कुछ संदिग्ध वस्तुएं दिखाई दीं थी

वह 2002 से सक्रिय है। कल पहलगाम हमले में शामिल होने की बात सामने आने के बाद दो आतंकियों आसिफ अहमद शेख त्राल और आदिल थोकर बिजभेरा के मकान ध्वस्त कर दिए गए थे। दरअसल पहलगाम हमले में शामिल संदिग्ध स्थानीय आतंकियों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इससे पहले दो और आतंकियों के घर को सुरक्षाबलों ने तबाह किया था। जिसमें अनंतनाग जिले के बिजबेहरा के त्राल के गोरी इलाके में एक आतंकी के घर को बम से उड़ाया, जबकि दूसरे संदिग्ध के घर को बुलडोर से गिराया गया। बताया जाता है कि एहसान ने 2018 में पाकिस्तान से प्रशिक्षण लिया था।

### मीडिया चैनलों के लिए एडवाइजरी जारी

#### सुरक्षा बलों की गतिविधियों को लाइव ना दिखाएं

**नई दिल्ली**। भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को देश के सभी न्यूज चैनलों, मीडिया प्लेटफार्मों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के लिए एक सख्त एडवाइजरी जारी की। एडवाइजरी में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा संबंधी अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों की लाइव कवरेज, रियल-टाइम रिपोर्टिंग या स्रोतों पर आधारित जानकारी का प्रसारण पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

### हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार : शरीफ



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है।

### आर-पार के मूड में हैं नागरिक और जवान

**चपराल (जम्मू फ्रंटियर)**। आर या पार। यह नारा और जोश है उन जवानों में जो देश की रक्षा करने की खातिर सीमा पर डटे हुए हैं। यही नारा सीमांत गांवों के लोग भी लगा रहे हैं। पाकिस्तान क्या समझता है अपने आपको। इस बार तो हम दुनिया के नक्शे से ही उसका नामोनिशान मिटा देंगे, यह भी लक्ष्य है उन सैनिकों का जो सीमा पार बढ़े पाक सेना के जमावड़े के पश्चात सीमा पर तैनात किए गए हैं। जम्मू फ्रंटियर की अंतरराष्ट्रीय सीमा की इस चौकी पर एक दूसरे को ललकारने का कार्य भी जारी है। पाकिस्तानी सीमा चौकी की दूरी मात्र 150 गज। जिस स्थान पर यह संवाददाता खड़ा था उससे जीरो लाइन, अर्थात दोनों देशों को बांटने वाली रेखा की दूरी थी मात्र 75 गज। चिल्लाया न जाए तो भी उस आवाज को दुश्मन के सैनिक सुन लेते हैं। अब बहुत हो गया। इस बार तो हमें आर-पार की लड़ाई लड़नी होगी। अगर हम ऐसे ही हिम्मत हारते गए गए जवानों का जोश ठंडा पड़ जाएगा। यही कारण है कि ऊपर के आदेशों के बाद भी हम संयम को कभी कभी तोड़ देते हैं, 'चौकी पर तैनात अधिकारी ने कहा था। वह अपनी पहचान गुप्त रखना चाहता था।



# पोप फ्रांसिस को दी गई अंतिम विदाई

## 170 देशों के प्रतिनिधि पोप के अंतिम दर्शन करने पहुंचे

**वेटिकन**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का शव रोम के सांता मारिया मैगियोरे बेसिलिका में दफना दिया गया है। ये जगह सेंट पीटर्स स्क्वायर से करीब 4 किमी दूर है। सेंट पीटर्स स्क्वायर पर पोप के अंतिम संस्कार की रस्में करीब तीन घंटे चलीं। पोप फ्रांसिस ने अपनी अंतिम इच्छा में कहा था कि उन्हें जमीन में एक साधारण कब्र में दफनाया जाए। शव को दफनाने से पहले यहां एक छोटी प्रार्थना रखी गई। उनका शव सेंट पीटर्स बेसिलिका से निकालकर सेंट पीटर्स स्क्वायर में रखा गया था, जहां प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। पोप के अंतिम संस्कार में ढाई लाख लोग जुटे। 170 देशों के प्रतिनिधि पोप के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। इनमें भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं। पोप का 21 अप्रैल को 88 साल की उम्र में स्ट्रोक और हार्ट फैलियर से निधन हुआ था। बीते तीन दिन से उनके पार्थिव शरीर को ताबूत में अंतिम दर्शन के लिए सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा गया था।

## सार संक्षेप

### जनता पर ठीकरा फोड़ना बंद करे सरकार : दानिश अली




**नई दिल्ली**। कांग्रेस के नेता कुंवर दानिश अली ने पहलगाम हमले पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जनता पर ठीकरा नहीं फोड़ना चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि जो जिम्मेदारी उनकी थी उसे वह निभा नहीं पाए। पूर्व सांसद दानिश अली ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के मीडिया को दिए एक बयान का वीडियो साझा करते हुए शनिवार को एक्स पर कहा, सरकार ने सर्वदलीय बैठक में अपनी नाकामी को स्वीकार किया है।

### मध्य प्रदेश में एआई की मदद से रुकेगा अवैध खनन



**भोपाल**। मध्य प्रदेश में अवैध खनन बड़ा मुद्दा रहा है। पत्थर से लेकर रेत का खनन चर्चाओं में रहना आम बात है। अब राज्य सरकार इस पर रोक लगाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद लेने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देश पर अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन की रोकथाम के लिए एआई का उपयोग कर खनन निगरानी प्रणाली विकसित की जा रही है।

### सेना ने नेत्र शल्य चिकित्सा में प्राप्त की महत्वपूर्ण उपलब्धि



**नई दिल्ली**। भारतीय सेना ने नेत्र शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इसके तहत न्यूनतम चीरफाड़ वाली ग्लूकोमा शल्य चिकित्सा के लिए आर्मी हॉस्पिटल (आर एंड आर) में पहली बार उन्नत थ्रीडी माइक्रोस्कोप का इस्तेमाल किया गया। यह उपलब्धि विभिन्न नेत्र शल्य चिकित्साओं के लिए बेहद अहम मानी जा रही है।

भारत समिट 2025 में बोले राहुल गांधी

# मौजूदा माहौल में विपक्ष को कुचलना लक्ष्य

## कांग्रेस नेता ने कहा, दुनिया में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई

**हैदराबाद**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को भारत समिट 2025 में भाग लेने के लिए तेलंगाना पहुंचे। इस दौरान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि दुनिया भर में लोकतांत्रिक राजनीति मौलिक रूप से बदल गई है। दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते। वैश्विक न्याय, समानता और प्रगतिशील सहयोग पर सार्थक संवाद को बढ़ावा देने पर केंद्रित दो दिवसीय सम्मेलन भारत शिखर सम्मेलन शुक्रवार को शुरू हुआ था।

**नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे**

भारत समिट 2025' में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज के आक्रामक राजनीतिक माहौल में विपक्ष को कुचलना और मीडिया को कमजोर करना ही लक्ष्य बन गया है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान अपने



■ दशकों पहले जो नियम लागू थे, वे अब लागू नहीं होते

■ मीडिया को भी कमजोर करने का काम किया जा रहा

अनुभवों को याद करते हुए गांधी ने कहा कि उन्हें एहसास हुआ कि नेता लोगों की आवाज समझने में विफल रहे हैं। कभी-कभी, जब मैं अपनी पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं, तो पाता हूं कि जो चीजें 10 साल पहले प्रभावी थी, जो साधन 10 साल पहले कारगर थे, वे अब कारगर नहीं हैं।

### कांग्रेस के लिए सभी रास्ते बंद किए गए

राहुल ने कहा- हमने पाया कि हमारे सभी रास्ते बंद हो गए हैं। मीडिया और माहौल हमें उस तरह से काम करने की परमिशन नहीं देता जैसा हम चाहते थे। इसलिए हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हम में से हर किसी की कुछ मामलों पर अलग-अलग राय होगी, लेकिन हम इस बात पर सहमत हो सकते हैं कि मुद्दों पर क्या विचार कर सकते हैं।

# राजा का कर्तव्य लोगों की रक्षा करना : भागवत

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शनिवार को एक बार फिर पहलगाम हमले पर बयान दिया। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, 'अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो, वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे, तो उनका क्या करें।'

उन्होंने कहा, 'राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए।' भागवत ने यह बात नई दिल्ली में पीएम संग्रहालय में स्वामी विज्ञानंद की पुस्तक 'हिंदू मेनिफेस्टो' के विमोचन के दौरान कही। इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 लोगों के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया। 'दुनिया को हमें बहुत सिखाना है और हमारे पास बहुत है। हमारी अहिंसा लोगों को बदलने के लिए है। उन्हें अहिंसक बनाने के लिए है। कुछ लोग तो बन गए, लेकिन कुछ नहीं बने। वे इतने बिगड़े हैं कि कुछ भी करो वे नहीं बदलेंगे। बल्कि दुनिया में और उपद्रव करेंगे।'



■ कहा, कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी कर लो

■ भागवत ने कहा, भारत पड़ोसी को नुकसान नहीं पहुंचाता

### आरएसएस ने वही किया जो पाक चाहता है : खेड़ा



**नई दिल्ली**। कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समर्थित संगठनों ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद ठीक वही किया, जो पाकिस्तान चाहता था। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि पाकिस्तान इस हमले से यही चाहता था कि कश्मीरियों की रोजी रोटी पर हमला हो और भारत में हिंदुओं एवं मुसलमानों के बीच विवाद बढ़े। खेड़ा ने एक वीडियो जारी कर कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद पिछले चार दिन में किस नेता ने क्या किया या कहा, किस पार्टी ने क्या किया या कहा, यह तुलना आवश्यक है।

# तहव्वुर राणा ने आतंकी हमलों से पल्ला झाड़ा



■ दोस्त डेविड हेडली पर फोड़ा ठीकरा

■ खुद को इस मामले में बेगुनाह बताया

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। 26/11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड के रूप में जाना जाने वाले तहव्वुर हुसैन राणा ने मुंबई क्राइम ब्रांच की पूछताछ में चौंकाने वाला दावा किया। राणा ने 26/11 आतंकी हमले से अपना पल्ला पूरी तरह से झाड़ लिया है।

अधिकारियों ने बताया कि खुद को इस हमले से पूरी तरह बेगुनाह बताते हुए राणा ने कहा कि उसे 26/11 हमले से कोई लेना-देना नहीं है। इस हमले के लिए उसने अपने बचपन के दोस्त डेविड कोलमैन हेडली को जिम्मेदार ठहराया है। राणा ने पूछताछ के दौरान यह भी कहा कि मुंबई हमले की साजिश में उसकी कोई भूमिका नहीं थी। इसमें डेविड हेडली का हाथ था। पूछताछ में राणा ने यह भी बताया कि वह दिल्ली और मुंबई के अलावा केरल भी गया था। जब अधिकारियों ने उससे केरल जाने की वजह पूछी, तो उसने बताया कि वह वहां अपने जानने वालों से मिलने गया था। राणा ने केरल में अपने परिचित व्यक्ति का नाम और पता भी एजेंसी को सौंपा है। इस जानकारी के बाद क्राइम ब्रांच अब राणा के दावों की पुष्टि करने की तैयारी में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि जांच एजेंसी की एक टीम जल्द ही केरल रवाना हो सकती है, ताकि सच्चाई का पता लगाया जा सके।

### राणा पर हमले की योजना बनाने का आरोप

मुंबई हमले 26 नवंबर 2008 को हुए थे, जब 10 आतंकियों ने ताज होटल, ओबेरॉय ट्राइडेंट, छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और नरीमन हाउस समेत कई जगहों पर हमला किया था। राणा पर लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर हमले की योजना बनाने का आरोप है।

# प्रधानमंत्री ने 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे

**नई दिल्ली**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'रोजगार मेला' के तहत 51 हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए युवा शक्ति की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग-अलग विभागों में युवाओं के नए दायित्वों की शुरुआत हुई है।



■ बोले, आपके हाथों में देश का भविष्य

### युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते

मोदी ने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को यह दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर यह सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें।

# एक्सप्रेसवे पर सफाई कर रहे 10 लोगों को गाड़ी ने कुचला

**6 लोगों की मौत, 5 गंभीर रूप से घायल**

**चंडीगढ़**, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के नूंह जिले में स्थित दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के अंतर्गत इब्राहिमबास गांव के पास यह दर्दनाक हादसा उस समय हुआ जब सफाई कार्य में लगे करीब 11 कर्मचारी एक्सप्रेसवे की साफ-सफाई कर रहे थे। सुबह करीब 10 बजे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने अचानक आकर सफाई कर्मचारियों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर ही 6 कर्मचारियों की मौत हो गई और 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। उन्होंने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में भी मदद की।


तैयारी | जून से अगस्त तक की जाएगी आयोजित

# कैलाश मानसरोवर यात्रा 6 वर्ष बाद फिर होगी शुरू

**नई दिल्ली, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को 'कैलाश मानसरोवर यात्रा 2025' की औपचारिक घोषणा कर दी। यात्रा जून से अगस्त 2025 के दौरान आयोजित की जाएगी। कैलाश मानसरोवर यात्रा अपने धार्मिक मूल्य और सांस्कृतिक महत्व के लिए जानी जाती है। भगवान शिव के निवास के रूप में हिंदुओं के लिए महत्वपूर्ण होने के नाते, यह जैन और बौद्धों के लिए भी धार्मिक महत्व रखती है।**

इस वर्ष, 5 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) उत्तराखंड राज्य से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए और 10 बैच (प्रत्येक में 50 यात्री) सिक्किम राज्य से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे।

विदेश मंत्रालय की ओर से एक निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से यात्रियों का चयन किया जाएगा और उनको विभिन्न मार्ग एवं बैच आवंटित किए जाएंगे। कंप्यूटरीकृत प्रक्रिया के जरिए यात्रियों को एक बार मिले मार्ग और बैच में आम तौर पर बदलाव नहीं होगा। हालांकि अगर जरूरी हो तो चयनित यात्री बैच में परिवर्तन के लिए अनुरोध कर सकते हैं। यह परिवर्तन खाली स्थान उपलब्ध होने पर ही किया जा सकेगा। इस मामले में मंत्रालय का निर्णय ही अंतिम होगा। इससे पहले केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को आश्वासन दिया कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बावजूद अमरनाथ यात्रा सुचारू रूप से चलेगी, जो इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होने वाली है। हमले के बावजूद गोयल ने विश्वास व्यक्त किया कि कश्मीर में पर्यटन जल्द ही फिर से शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई भी कश्मीर को उसके विकास पथ से नहीं हटा सकता।



■ हिंदुओं, जैन और बौद्धों के लिए भी धार्मिक महत्व

### विदेश मंत्रालय ने पंजीकरण किया शुरू

विदेश मंत्रालय ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए बनी विशिष्ट वेबसाइट केएमवाई डॉट जीओवी डॉट इन पर पंजीकरण शुरू कर दिया है।

# देश

**उवाच**

"सरकार को आतंकवाद से अत्यंत गंभीरता से निपटना चाहिए, वैश्विक राय को जुटाकर और पूरे देश को विश्वास में लेकर इसके प्रायोजकों को कूटनीतिक और वित्तीय रूप से अलग-थलग करने के लिए निर्णायक कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवाद हिंदू-मुस्लिम मुद्दा नहीं है।"

**-पी.संतोष कुमार, सीपीआई नेता**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 40.0 | 25.0 |
| मुंबई | 33.0 | 28.0 |
| कोलकाता | 32.0 | 29.0 |
| चेन्नई | 33.0 | 29.0 |

# पहलगाम आतंकी हमला केंद्र सरकार की विफलता का जीता-जागता सबूत : कांग्रेस

## सरकार की सुरक्षा व्यवस्था व खुफिया तंत्र की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**लखनऊ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इस घटना को बेहद दुखद और निंदनीय करार देते हुए सरकार की सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र को पूरी तरह विफल बताया। अजय राय ने कहा कि पहलगाम की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह सरकार की विफलता का जीता-जागता सबूत है। न तो वहां सेना थी, न पैरामिलिट्री फोर्स और न ही खुफिया तंत्र ने कोई भूमिका निभाई। सरकार केवल बड़ी-बड़ी बातें करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था शून्य है। इस हमले ने सरकार की नाकामी को उजागर किया है और इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सरकार की लापरवाही ही ऐसी घटनाओं को जन्म देती है। अगर पुलिस और सेना मुस्तैद होती, सुरक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त होतीं, तो न कोई जाति पूछता, न धर्म। सरकार की नाकामी के कारण ही समाज में विभाजन की कोशिशें हो रही हैं। अगर सरकार मजबूती से निर्णय ले और सुरक्षा व्यवस्थाओं को दुरुस्त करे, तो ऐसी घटनाएं रुक सकती हैं। यह हिंदुस्तान की बात है, न कि किसी धर्म या समुदाय की।



हमले ने सरकार की नाकामी को उजागर किया है और इसे रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए : अजय राय

### केंद्र सरकार के राफेल सौदे पर किया कटाक्ष

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार के राफेल सौदे पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राफेल विमानों को मिर्च और नींबू बांधकर लाया था। क्या राफेल केवल शोभा के लिए है। सरकार को कठोर कार्रवाई करनी चाहिए थी। आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने की जरूरत है। कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर देश के साथ मजबूती से खड़ी है। पाकिस्तान से आ रहे बयानों पर कठोर कार्रवाई की जरूरत है। सरकार को आगे बढ़कर निर्णय लेना होगा। कांग्रेस पार्टी आतंकवाद के खिलाफ हर कदम पर केंद्र सरकार का समर्थन करेगी, बशर्ते वह ठोस और प्रभावी कदम उठाए। वहीं कांग्रेस के नेता कुंवर दानिश अली ने पहलगाम हमले पर सरकार को घेरते हुए कहा कि अपनी नाकामी को छिपाने के लिए जनता पर ठीकरा नहीं फोड़ना चाहिए और स्वीकार करना चाहिए कि जो जिम्मेदारी उनकी थी उसे वह निभा नहीं पाए। पूर्व सांसद दानिश अली ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के मीडिया को दिए एक बयान का वीडियो साझा करते हुए शनिवार को कहा कि सरकार ने सर्वदलीय बैठक में अपनी नाकामी को स्वीकार किया है।

## पहलगाम आतंकी हमले की जिम्मेदारी होनी चाहिए तय : सुजॉय हाजरा



**कोलकाता।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर तृणमूल कांग्रेस विधायक सुजॉय हाजरा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। हाजरा ने कहा कि पहलगाम हमले की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने सुरक्षा चूक पर सवाल उठाते हुए इसकी गहन जांच की मांग की और कहा कि केंद्र सरकार को आतंकवाद के खिलाफ कड़े कदम उठाने चाहिए। साथ ही, उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर देश में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का आरोप लगाया। पुलवामा हमले के बाद भी जांच में कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। इस बार भी केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि इतने संवेदनशील इलाके में सुरक्षा में चूक कैसे हुई। पर्यटन सीजन में जब इतने सारे लोग कश्मीर जाते हैं, तो वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं थे। उन्होंने सवाल उठाया कि जब बंगाल में भाजपा नेताओं को भारी सुरक्षा दी जाती है, तो कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा के लिए ऐसा क्यों नहीं किया गया।

## झारखंड के मुख्य सचिव व उपायुक्त को नोटिस

**रांची,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। झारखंड की राजधानी रांची स्थित सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर के रैंप निर्माण का विरोध थम नहीं रहा है। सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप निर्माण से संबंधित मामले में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव और उपायुक्त को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने नगर विकास विभाग के सचिव और रांची नगर निगम के प्रशासक को भी नोटिस जारी किया है। दूसरी ओर रैंप निर्माण के विरोध मामले में सत्ता पक्ष ने एक बार फिर भाजपा को घेरने की कोशिश की है।

झामुमो ने कहा कि बीजेपी को आदिवासियों ने नकार दिया है इसलिए छोटी-छोटी चीजों को लेकर सामने आती रहती है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने आज कहा कि राष्ट्रीय जनजाति आयोग के सदस्य आशा लकड़ा है। भाजपा खुलकर सामने नहीं आती है वह किसी संगठन या किसी की आड़ में आकर काम करती है। भाजपा के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि लगभग 3 महीने से सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप का विवाद चल रहा है।सरना स्थल का लगभग 10 फीट से ज्यादा जमीन चला गया है इसलिए आदिवासी संगठन आंदोलन कर रहे है। उन्होंने कहा कि सरना स्थल को पुलिस छावनी में तब्दील कर रखा है। राज्य सरकार कभी नहीं चाहता है कि सरना स्थल का विवाद खत्म हो। राज्य सरकार चाहती तो इसका कोई दूसरा रास्ता निकाला जा सकता था लेकिन सरकार अपनी जिद्द पर पड़ी हुई है। उल्लेखनीय है कि प्रशासन और आदिवासी समाज के लोग एक बार फिर सिरमटोली-मेकॉन फ्लाईओवर के रैंप निर्माण के मामले को लेकर शुक्रवार को आमने-सामने आ गए थे।

## अनंतनाग में पहलगाम हमले के बाद 175 लोग हिरासत में

### कड़ी सतर्कता के साथ दिन-रात तलाशी अभियान जारी

**श्रीनगर,**26 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा बलों ने अनंतनाग जिले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया है।

पुलिस ने बताया कि पिछले चार दिनों में अनंतनाग पुलिस, सेना, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और अन्य एजेंसियों की संयुक्त टीमें संदिग्ध ठिकानों और सहायता नेटवर्क को निशाना बनाते हुए पूरे जिले में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान चला रही हैं।

पुलिस के एक बयान में कहा गया है, इन अभियानों के तहत पूरे जिले में कई स्थानों पर छापे मारे गए। कड़ी सतर्कता के साथ दिन-रात तलाशी अभियान चल रहा है। अब तक आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने वाले सहायता नेटवर्क को खत्म करने के लिए पूछताछ के लिए करीब 175 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध रिसॉर्ट पहलगाम के पास सुरम्य बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों पर हुए



आतंकी हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। हमले के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने कई जिलों में बड़े पैमाने पर अभियान चलाया और पूछताछ के लिए संदिग्धों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि अनंतनाग में सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरे जिले में अतिरिक्त मोबाइल वाहन चेक प्वाइंट (एमवीसीपी) स्थापित किए गए हैं।

पुलिस ने कहा कि इसके अलावा किसी भी संभावित आतंकवादी उपस्थिति को खत्म करने और जिले को सुरक्षित करने के लिए विशेष रूप से उच्च घनत्व वाले वन क्षेत्रों में घेराबंदी और तलाशी अभियान (कॉसो), घात लगाकर हमला और गहन गश्त शुरू की गई है। सुरक्षा बलों ने मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले में भी सतर्कता बढ़ा दी है क्योंकि जिले की पर्वत श्रृंखलाएं अनंतनाग से जुड़ी हुई हैं।

## सार संक्षेप

### कुपवाड़ा में हथियार व गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले कुपवाड़ा में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है और हथियारों तथा गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। इस सप्ताह की शुरुआत में अनंतनाग के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर आतंकवाद विरोधी अभियान में तेजी लाने के बीच ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया।

### शिवपुरी मामले में वायु सेना ने जताया खेद

**भोपाल/शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में एक मकान पर एक विमान से भारी गोले जैसी वस्तु गिरने से उस मकान के ध्वस्त होने के मामले में वायु सेना ने खेद जताया है। भारतीय वायु सेना ने कहा कि शिवपुरी के पास एक वायु सेना के एक विमान से गैर विस्फोटक वस्तु गिरने से मकान को हुए नुकसान को लेकर वायु सेना खेद व्यक्त करती है। इस मामले में वायु सेना की ओर से जांच के निर्देश दे दिए गए हैं।

### केरल के प्रख्यात इतिहासकार एमजीएस नारायणन का निधन

**कोझिकोड।** प्रख्यात इतिहासकार, लेखक एवं राजनीतिक टिप्पणीकार मुत्तयिल गोविंदा मेनन शंकर नारायणन का शनिवार को यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी प्रेमलता और दो पुत्र एन विजय कुमार और एन विनय हैं। नारायणन उम्र जनित बीमारी से पीड़ित थे और शनिवार को कोझिकोड के मालापरम्बा स्थित अपने आवास 'मैत्री' में अंतिम सांस ली।

### हाईकोर्ट का जीडीए को चार सप्ताह में निर्णय देने का आदेश

**गाजियाबाद।** शिप्रा कृष्णा विस्टा, इंदिरापुरम के अपार्टमेंट निवासियों ने उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट अधिनियम के उल्लंघन के खिलाफ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। निवासियों ने 5 सितंबर 2024 को डीजी डिस्कनेक्शन के संबंध में उत्तर प्रदेश अपार्टमेंट अधिनियम की धारा 22(2) के तहत एक अपील दायर की थी। इस अपील पर 30 सितंबर 2024 को सुनवाई की गई थी, लेकिन अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। निवासियों का आरोप है कि गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने यह आदेश दिया था कि जब तक इस मामले का अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक डीजी डिस्कनेक्शन से संबंधित कोई कार्रवाई न की जाए, लेकिन कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा इन आदेशों का उल्लंघन किया गया। इसके कारण निवासियों को गंभीर परेशानी का सामना करना पड़ा और अंततः उन्हें मामले को उच्च न्यायालय में ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उच्च न्यायालय ने 22 अप्रैल 2025 को इस मामले में अपना निर्णय सुनाते हुए गाजियाबाद विकास प्राधिकरण को 4 सप्ताह के भीतर निर्णय देने का आदेश दिया है।

## जनता के अधिकारों पर हमला कर रही भाजपा : उमंग सिंघार



**इंदौर,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे संविधान बचाओ अभियान के संबंध में कहा कि देश के नागरिकों के अधिकारों पर भारतीय जनता पार्टी सरकार हर दिन हमला कर रही है और जनता को इस अत्याचार से बचाने के लिए कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान शुरू करने जा रही है। सिंघार ने यहां संवाददाताओं को इस अभियान के संबंध में जानकारी दी। इसका उद्देश्य संविधान में निहित सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय जैसे मूलभूत सिद्धांतों की रक्षा करना है, जिन पर वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार प्रहार कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस की संविधान बचाओ यात्रा केवल कांग्रेस का आंदोलन नहीं है। यह देश के हर उस नागरिक का आंदोलन है, जो संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों का सम्मान करता है। आंदोलन मात्र वोट बैंक की राजनीति नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक आवाज़ है। कांग्रेस द्वारा निर्धारित तीन प्रमुख बिंदु-सामाजिक न्याय, राजनीतिक न्याय और आर्थिक न्याय-केवल घोषणाएं नहीं, बल्कि आम जनता की वास्तविक जरूरतें हैं। यह अभियान 25 अप्रैल से 30 मई तक चार चरणों में संचालित होगा। 25 से 30 अप्रैल तक सभी राज्यों में जिला स्तर पर और पांच से 10 मई तक सभी जिलों में ब्लॉक स्तर पर जनसभाएं होंगी। इसके बाद विधानसभाओं में आम जनता के साथ संवाद और सभाएं एवं घर-घर जाकर प्रचार और संविधान बचाओ का संदेश प्रसारित किया जाएगा।

### गुजरात में अवैध अप्रवासियों पर बड़ी कार्रवाई

# सूरत-अहमदाबाद में हजारों बांग्लादेशी किए गिरफ्तार

**अहमदाबाद,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार के निर्देश पर अवैध अप्रवासियों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गुजरात में एक हजार से अधिक बांग्लादेशी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। राज्य के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने बताया कि सूरत और अहमदाबाद में तलाशी अभियान के दौरान अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। इनके प्रत्यर्पण के प्रयास जारी हैं।

गृह मंत्री ने इसे गुजरात पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई बताते हुए कहा कि अहमदाबाद में कम से कम 890 तथा सूरत में 134 अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने अवैध अप्रवासियों को चेतावनी दी कि वे अपनी इच्छा से पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दें अन्यथा उन्हें पकड़ लिया जाएगा और निर्वासित कर दिया जाएगा। उन्होंने अप्रवासियों को आश्रय देने वाले लोगों को भी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। गृह मंत्री ने कहा कि हम उन फर्जी दस्तावेजों की भी जांच करेंगे जिनका इस्तेमाल उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों और गुजरात तक पहुंचने के लिए किया और फर्जी दस्तावेज बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को गुजरात भर में अवैध अप्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं और सुरक्षा पर कैबिनेट समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार पाकिस्तानी नागरिकों को गुजरात छोड़ने का स्पष्ट आदेश दिया गया है। मंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल को इस बात का सबूत दिया जाएगा कि बंदियों ने राज्य में कैसे फर्जी दस्तावेज बनवाए।



■ अप्रवासियों को आश्रय देने वाले लोगों को भी कानूनी कार्रवाई की दी गई चेतावनी

गुजरात के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय ने कहा कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा दस्तावेजी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर उनकी राष्ट्रीयता का पता लगाया जा रहा है। जब यह तय हो जाएगा कि वे बांग्लादेशी नागरिक हैं, तो केंद्र सरकार और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के समन्वय से उनके निर्वासन की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाएगी।

बता दें कि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानियों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। इसी नीति के आधार पर पाकिस्तान के लोगों को देश छोड़ने को कहा गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी सभी राज्यों को निर्देश दिए हैं कि पाकिस्तान के लोगों की पहचान कर उन्हें देश से निकालने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए।

### दो बांग्लादेशी निकले अलकायदा के स्लीपर सेल

सांघवी ने कहा कि अप्रवासियों ने गुजरात आने से पहले भारत के विभिन्न हिस्सों में रहने के लिए पश्चिम बंगाल से प्राप्त फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किया। इनमें से कई लोग मादक पदार्थ तस्करी और मानव तस्करी में संलिप्त हैं। हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी। इनके निर्वासन की सभी प्रक्रियाएं यथाशीघ्र पूरी करने के लिए व्यवस्था की गई है।

# बिहार में चुनाव टिकट खरीदने का आरोप लगाकर घिरे प्रशांत किशोर



मंत्री अशोक चौधरी करेंगे मानहानि का मुकदमा

**पटना,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। राजनीतिक दल जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर इन दिनों 'जन सुराज उद्घोष यात्रा' के तहत बिहार के विभिन्न जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस बीच, बिहार के मंत्री अशोक चौधरी के बारे में दिए गए बयान पर वह घिरते नजर आ रहे हैं। प्रशांत किशोर ने मंत्री अशोक चौधरी पर टिकट खरीदकर बेटी को सांसद बनाने का आरोप लगाया था। इस बयान को लेकर मंत्री अशोक चौधरी ने प्रशांत किशोर पर मानहानि का मामला दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। जदयू नेता अशोक चौधरी ने शनिवार को कहा कि जन सुराज के प्रशांत किशोर ने जो कहा है, उसके लिए उनके खिलाफ मानहानि का केस करेंगे और लड़ेंगे। हम दलित परिवार से आते हैं, हम तलवार लेकर तो लड़ नहीं सकते। हमारे पास जो भी सामान्य नागरिकों के संसाधन हैं, हम उन्हीं का प्रयोग करेंगे और हमें लगता है कि हमें न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा था, मैं न तो विधायक हूं, न सांसद, न ही बालू माफिया या शराब माफिया के लिए काम करता हूं। मैंने जो भी धन अर्जित किया है, वह अपनी बुद्धि और मेहनत से किया है। मैं जो भी संसाधन खर्च कर रहा हूं, वह बिहार के गरीब लोगों के लिए खर्च कर रहा हूं, ताकि पैसे के अभाव में उन्हें राजनीति से दूर न रहना पड़े।

### प्रशांत किशोर ने जमुई में मंत्री पर साधा था निशाना

दरअसल, प्रशांत किशोर ने शुक्रवार को जमुई में मंत्री अशोक चौधरी पर जमकर निशाना साधा था। जन सुराज के संस्थापक ने कहा था कि उनका (अशोक चौधरी का) राजनीतिक चरित्र क्या है, यह सबको पता है। उन्होंने अपनी बेटी को 'टिकट खरीदकर' सांसद बनवाया। बिहार के किसी नेता या पार्टी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह हम पर एक रुपया भी लेने का आरोप लगा सके।

## ओडिशा में हत्या के मामले में पांच को उम्रकैद

**भुवनेश्वर,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। झारसुगुड़ा अदालत के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुभाष चंद्र ढाल ने काले जादू के शक में महिला की हत्या के मामले में पांच आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। ढाल ने संतोषिनी, सौदामिनी, सहदेव, नवीन भोई और अक्षय जयपुरिया को उम्रकैद की सजा सुनाई है और प्रत्येक पर 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जुर्माना न भरने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन के अनुसार, दो मार्च 2017 को झारसुगुड़ा जिले के बिजापाली गांव में काले जादू के शक में युत्सा जयपुरिया की हत्या कर दी गई। उसी दिन डोलामणि जयपुरिया के घर शिव गुरु पूजा आयोजित की गई थी। पीड़िता की बहन ममता जयपुरिया ने रेंगाली थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। डोलामणि की बेटियों संतोषिनी और सौदामिनी जयपुरिया ने घर में पूजा रखी थी। युत्सा अपने माता-पिता और बहन ममता के साथ वहां गई थी। पूजा के दौरान संतोषिनी और सौदामिनी पर शिव गुरु की आत्मा आने का दावा किया गया और उन्होंने युत्सा पर काले जादू का आरोप लगाया।

# तमिलनाडु में पूर्व विधायकों व विधान परिषद सदस्यों की पेंशन में बढ़ोतरी

**चेन्नई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। तमिलनाडु में पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की मासिक पेंशन तीस हजार रुपए से बढ़ाकर 35000 रुपए कर दी गई है। मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने शनिवार को राज्य विधानसभा में घोषणा की कि पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों की मासिक पेंशन इस साल एक अप्रैल से 30,000 रुपए से बढ़ाकर 35,000 रुपए कर दी गई है। स्टालिन ने उपसभापति के पिचंडी और सदन में अन्य सदस्यों द्वारा किए गए अनुरोधों का जवाब देते हुए कहा कि सदस्यों द्वारा व्यक्त की गई इच्छाओं के सम्मान में पूर्व विधायकों और विधान परिषद सदस्यों (उच्च सदन अब समाप्त हो चुका है) की मासिक पेंशन मौजूदा तीस हजार से बढ़ाकर 35,000 रुपए की जाएगी, इस दौरान सत्ता पक्ष के सदस्यों ने मेज थपथपाई। उन्होंने विधायकों के लिए पारिवारिक पेंशन 15,000 रुपए से बढ़ाकर 17,500 रुपए करने की घोषणा की। इसके अलावा पूर्व विधायकों और एमएलसी के लिए वार्षिक चिकित्सा भत्ता 75,000 रुपए से बढ़ाकर एक लाख रुपए करने की भी घोषणा की। इस वर्ष का चिकित्सा भत्ता उन्हें पहले ही दिया जा चुका है इसलिए नियमों में आवश्यक संशोधन करने के बाद शेष 25,000 उन्हें दिए जाएंगे। उन्होंने विधायक निर्वाचन क्षेत्र विकास निधि में वृद्धि के बारे में एक अन्य सदस्य के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र (राज्य में कुल 234 निर्वाचन क्षेत्र) के लिए हर साल तीन करोड़ रुपये आबंटित किए जाते हैं जिसका उपयोग विभिन्न कल्याणकारी उपायों को लागू किया जाता है।



- मासिक पेंशन बढ़कर हुई पैंतीस हजार रुपए
- मुख्यमंत्री स्टालिन ने विधानसभा में की इसकी घोषणा

**कार्रवाई** *पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की बड़ी धड़कनें*

# जम्मू में शादी कर आईं 34 पाक महिलाएं दीर्घकालिक वीजा पर

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर ही नहीं बल्कि जम्मू संभाग में भी पाकिस्तानी महिलाओं की शादी जम्मू के व्यक्तियों से हुई है। इनकी कुल संख्या 34 है। एक रोचक तथ्य इन शादियों का यह भी है कि इनमें से चार महिलाओं ने जिन बच्चों को जन्म दिया उन्हें पाकिस्तानी नागरिकता मिली है।**

जबकि कुछ सप्ताह पूर्व भारतीय केरिपुब जवान से शादी करने वाली पाकिस्तानी महिला मीनल का वीजा पिछले महीने की 14 तारीख को समाप्त हो चुका है। याद रहे केंद्र सरकार ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को दिए गए व्यापार, सम्मेलन, पर्यटन और तीर्थयात्री सहित 14 श्रेणियों के वीजा रद्द कर दिए हैं। जम्मू में अधिकारियों ने बताया है कि चार बच्चों के साथ 34 पाकिस्तानी महिलाएं और केरिपुब कांस्टेबल से विवाहित एक अन्य महिला फिलहाल जम्मू क्षेत्र में रह रही हैं। अधिकारियों के अनुसार, विवाहित 34 पाकिस्तानी महिलाएं यहां बस गई हैं और वे दीर्घकालिक वीजा (एलटीवी) की श्रेणी में आती हैं, जिसे रद्द नहीं किया गया है।

रोचक तथ्य यह है कि कुछ महिलाओं ने चार बच्चों को जन्म दिया है और उन्होंने भी पाकिस्तानी नागरिकता का विकल्प चुना है। एक अन्य पाकिस्तानी महिला मीनल खान ने यहां केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान से शादी की है, जिसका वीजा इस साल 14 मार्च को समाप्त हो गया था। अधिकारियों ने कहा कि महिला ने वीजा में विस्तार के लिए आवेदन किया है और उसका आवेदन केंद्रीय गृह मंत्रालय के समक्ष लंबित है। दरअसल शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ टेलीफोन पर बातचीत के बाद, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने भी सभी राज्यों के मुख्य सचिवों के साथ एक वीडियो कांफ्रेंस की थी और उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि जिन पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द किए गए हैं, वे तय समय सीमा तक भारत छोड़ दें। सभी राज्य सरकारों को भेजे गए संदेश में गृह मंत्रालय ने कहा कि यह आदेश पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किए गए दीर्घकालिक वीजा और राजनयिक और आधिकारिक वीजा पर लागू नहीं होगा।



■ केंद्र सरकार ने 14 श्रेणियों के वीजा किए हैं रद्द

गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार, सार्क वीजा रखने वालों को 26 अप्रैल तक भारत छोड़ देना चाहिए और जिनके पास आगमन पर वीजा, व्यवसाय, फिल्म, पत्रकार, पारगमन, सम्मेलन, पर्वतारोहण, छात्र, आगंतुक, समूह पर्यटक और तीर्थयात्री वीजा हैं, उन्हें 27 अप्रैल तक भारत छोड़ देना चाहिए। पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों को दिए जाने वाले समूह तीर्थयात्री वीजा वाले लोगों को भी 27 अप्रैल तक देश छोड़ देना चाहिए। फिलहाल जिले में 34 पाकिस्तानी नागरिक दीर्घकालिक वीजा पर रह रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि सरकार के ताजा फैसले से इनका सीधा असर नहीं पड़ेगा, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने सत्यापन की प्रक्रिया तेज कर दी है।

उल्टा पुल्टा

टीचर ने गट्टू से पूछा
टीचर : ये बता रेडियो और न्यूज पेपर में क्या अंतर है?
गट्टू : टीचर न्यूज पेपर में रोटी लपेट कर ले जा सकते हैं,
लेकिन रेडियो में तो लपेट कर नहीं जा सकते।

`आप' ने दिल्ली सरकार पर लगाए गंभीर आरोप, कहा

# प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर जनता को ठग रही भाजपा

## दिल्ली में एयर क्वालिटी जांच के लिए लगे हुए है 40 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी ने भाजपा पर प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर दिल्ली की जनता को ठगने का आरोप लगाया है। पार्टी का दावा है कि दिल्ली सरकार जंगल वाले इलाकों में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगा रही है। इन क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर आधा रहता है।

पार्टी मुख्यालय में आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में बनी भाजपा की नई सरकार ने इस बार दिल्ली के बजट में यह प्रावधान किया कि दिल्ली के प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए दिल्ली में कुछ और नए क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। दिल्ली में एयर क्वालिटी चेक करने के लिए 40 एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगे हुए हैं। यह आबादी और क्षेत्रफल के अनुपात में लगाए गए हैं। इनमें से कुछ स्टेशन आबादी वाले क्षेत्र में लगाए गए हैं, कुछ स्टेशन औद्योगिक क्षेत्र में लगाए गए हैं और कुछ स्टेशन हरित क्षेत्र में लगाए गए हैं, ताकि दिल्ली में प्रदूषण का सही अनुपात पता किया जा सके। लेकिन दिल्ली सरकार जिन छह नए स्टेशन को लगाने जा रही है वह सभी हरित क्षेत्र है। इनमें से एक स्टेशन सेंट्रल रिज एरिया सिविल



एक ही दिन तीन अलग-अलग एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन में मापे गए प्रदूषण के स्तर में लगभग आधे का अंतर है : सौरभ भारद्वाज, आम आदमी पार्टी

लाइंस के पास, एक स्टेशन जेएनयू के अंदर, एक स्टेशन इग्नू के पीछे मैदान गढ़ी के जंगल में, एक स्टेशन अक्षरधाम के समीप कॉमन वैल्थ गेम्स कॉम्पलेक्स यमुना के किनारे और एक स्टेशन एनएसटीयू कैंपस में लगाया है। यह सभी जगह हरी भरी और जंगल वाला एरिया है। सौरभ भारद्वाज ने कहा एक ही दिन तीन अलग-अलग एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन में मापे गए प्रदूषण के स्तर में लगभग आधे का अंतर है। औद्योगिक क्षेत्र में और रिहायसी क्षेत्र में लगे स्टेशन में मापा गया प्रदूषण का स्तर मंदिर मार्ग पर लगे स्टेशन से लगभग दोगुना है। इस प्रकार के कार्यों पर आपराधिक मामला बनता है। किसी भी राज्य में प्रदूषण की सही स्थिति को जानने के लिए एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन लगाने का एक नियम होता है। उन्होंने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से पूछा कि सारे एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन इन हरित जगह पर ही लगाए जाएंगे।

## दिल्ली में प्रदूषण के मुद्दे पर झूठा प्रचार कर रहे `आप' : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा झूठ बोलने पर जमकर निशाना साधा और कहा कि आप के नेता अपनी आदत के अनुसार एक बार फिर झूठ बोलने और झूठा प्रचार करने में जुट गये हैं। श्री सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के वायु गुणवत्ता निगरानी नेटवर्क को लेकर यह काम शुरू किया है। गौरतलब है कि आप के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली भाजपा सरकार पर हरे-भरे क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली लगाने का आरोप लगाया है। श्री भारद्वाज के आरोपों का जवाब देते हुए श्री सचदेवा ने शनिवार को मीडियाकर्मियों के समक्ष कुछ आंकड़े प्रस्तुत किए और कहा कि भाजपा द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए ठोस और सच्चे कार्य को देखकर आप पार्टी बौखला गई है और इसी कारण वे निराधार आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह जनता को गुमराह करने की बेतुकी कोशिश आप की हताशा को दिखाती है।



भाजपा द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए किए गए ठोस व सच्चे कार्य को देखकर आप पार्टी बौखला गई है : वीरेंद्र सचदेवा

## ट्रिपल इंजन भाजपा सरकार को अब वादों को पूरा करने के लिए काम करना चाहिए : देवेन्द्र यादव

### कांग्रेस ने भाजपा व 'आप' पर लगाए दिल्ली को गंदगी व कूड़े से नर्क बनाने का आरोप

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली नगर निगम में भाजपा का मेयर बनने के बाद अब राजधानी में ट्रिपल इंजन की सरकार से जनता की उमीदें अधिक बढ़ गई हैं। दिल्ली की जनता ट्रिपल इंजन की सरकार से पूछ रही है कि तीनों लैंडफिल को कब तक खत्म होंगी, सफाई कर्मचारियों की पेंशन कब तक बहाल करेगी, अनाधिकृत कालोनियों पर हाउस टैक्स और कूड़ा उठाने के सरचार्ज की जो तलवार लटकी है, दिल्ली की जनता को इन सब से कब तक राहत मिलेगी, इसके लिए ट्रिपल इंजन की सरकार समय सीमा तय करे।

श्री यादव ने कहा कि दिल्ली को गंदगी, जलभराव, नालों की सफाई, कूड़े के पहाड़ों की समस्याओं से राहत मिलने, बिजली, पानी सहित महंगाई और बेरोजगारी जैसी किल्लतों से राहत मिलेगी। परंतु भाजपा का इतिहास रहा है कि इन्होंने 1993-98 के कार्यकाल, निगम में 15 वर्षों के भ्रष्टाचारी कुशासन में दिल्ली की बर्बाद करने के सिवाय कुछ नही किया। भाजपा के वादे, घोषणाएं और दावें हर बार जुमले साबित हुए है। भाजपा और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली को गंदगी और जगह-जगह कूड़े ढेरों से नर्क बनाकर रख दिया है। वर्तमान में निगम में आम आदमी पार्टी ने हालात सुधारने के लिए कोई काम नही किया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार और कुशासन मुक्ति पाने के लिए भाजपा को बहुमत दिया लेकिन 3 महीनों में धरातल पर अभी तक कुछ दिखाई नही दिया है। प्रधानमंत्री, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सिर्फ बयानबाजी और झूठी घोषणाएं करती दिखाई दे रही है, योजनाओं को शुरू करके उन्हें कार्यान्वित करने की तरफ सरकार बिलकुल भी संवेदनशील नही है। पिछले 10 वर्षों के आम आदमी पार्टी के कुशासन के हालात जस के तस है।

देवेन्द्र यादव ने कहा कि दिल्ली की खस्ताहाल सड़कों, सड़क पर गड्ढों, नालों की सफाई, यमुना की सफाई, बिजली पानी संकट, प्रदूषण, जल भराव जैसी वर्तमान और आगे होने वाली ज्वलंत समस्याओं को निपटाने की दिशा में भाजपा सरकार कोई काम नही कर रही है, जबकि जनता ने बहुत उम्मीदों के साथ इन्हें दिल्ली की सत्ता सौंपी है। 3 महीनों के शासन में भाजपा सरकार ने जनता विरोधी फैसले लिए है।



दिल्ली की जनता ने भ्रष्टाचार व कुशासन मुक्ति पाने के लिए भाजपा को बहुमत दिया लेकिन 3 महीनों में धरातल पर अभी तक कुछ दिखाई नहीं दिया है : देवेन्द्र यादव

सार संक्षेप

### यूनिवर्सिटी रैंकिंग में कीट ने हासिल किया 184 वां स्थान


**नई दिल्ली।** हर साल की तहत इस साल भी टीएचई एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग की घोषणा की गई है और भुवनेश्वर स्थित कीट डीम्ड विश्वविद्यालय केआईआईटी भुवनेश्वर को एक बार फिर उल्लेखनीय स्थान हासिल हुआ है। 2025 के घोषित नतीजे में कीट ने एशिया में 184वीं रैंक हासिल किया है, जो पिछले साल के 196वें स्थान से उल्लेखनीय सुधार है। यह विकास कीट की निरंतर प्रगति और वैश्विक शैक्षणिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में इसकी बढ़ती मान्यता की पुष्टि करती है। इस लेटेस्ट रैंकिंग के साथ कीट को भारत में सरकारी और निजी दोनों संस्थानों में 8वां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय के रूप में मान्यता मिली है। इसने कई प्रतिष्ठित भारतीय संस्थानों के बीच यह स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय ने पूर्वी और उत्तरी भारत में टॉप रैंक वाले डीम्ड विश्वविद्यालय के रूप में अपना गौरव भी बरकरार रखा है। इसके अलावा, खेल विज्ञान विषय में कीट भारत में दूसरे स्थान पर है।इस वर्ष की रैंकिंग में 35 देशों/क्षेत्रों के 853 विश्वविद्यालय शामिल हैं। यह उनके शोध, शिक्षण, ज्ञान आदान-प्रदान और अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण का आकलन करता है।

### दिल्ली में पहली बार दुबई प्रॉपर्टी एक्सपो का मेगा इवेंट



**नई दिल्ली।** दुबई प्रॉपर्टी एक्सपो इस मई में दिल्लीवासियों के लिए खास अवसर लेकर आ रहा है। 24-25 मई, 2025 को दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होने वाला यह एक्सक्लूसिव इवेंट भारत के प्रमुख निवेशकों, एनआरआईज़ और लग्ज़री प्रॉपर्टी में दिलचस्पी रखने वालों के लिए सुनहरा मौका होगा। इस एक्सपो में दुबई के शीर्ष डेवलपर्स सीधे भारतीय खरीदारों से मुलाकात करेंगे। यहां न केवल बेहतरीन रेजिडेंशियल और कमर्शियल प्रोजेक्ट्स पेश किए जाएंगे, बल्कि हाई रिटर्न इनवेस्टमेंट, लॉन्ग-टर्म रेजिडेंसी और दुबई के गोल्डन वीज़ा जैसे विकल्पों पर भी विस्तार से जानकारी मिलेगी।

### बियॉन्ड मिथ एंड मेटाफर का त्रिवेणी कला संगम में प्रदर्शनी



**नई दिल्ली।** संचित आर्ट द्वारा आयोजित प्रख्या कलाकार शब्बीर हुसैन संतोष की अभिव्यक्तिपूर्ण कला प्रदर्शनी बियॉन्ड मिथ एंड मेटाफर का उद्घाटन हाल ही में त्रिवेणी कला संगम की श्रीधरणी गैलरी में हुआ। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रख्यात कलाप्रेमी डॉ. कर्ण सिंह एवं वरिष्ठ कला समीक्षक प्रयाग शुक्ल ने किया। क्यूरेटर अर्चना खरे घोष के कलात्मक संकलन से सजी यह प्रदर्शनी 30 अप्रैल तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। इस अवसर पर कला प्रेमियों, समीक्षकों और कलाकारों की भारी उपस्थिति देखी गई। दर्शकों ने संतोष की चित्रकला में स्मृति, मौन और मिथकीय भावनाओं की अद्भुत अभिव्यक्ति को महसूस किया। उनके चित्रों में प्रयुक्त गहरे लाल, सुनहरे और पीले रंगों की बुनावट ने दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोर कर रख दिया।

## जन सुनवाई कैंप में नागरिकों की समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

### लोगों ने अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति प्रसन्नता व्यक्त की

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा तथा श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने करावल नगर के सभापुर स्थित एसडीएम कार्यालय में जन सुनवाई कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर एसडीएम कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

करावल नगर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए दिल्ली सरकार संकल्पित है : कपिल मिश्रा

जन सुनवाई के दौरान क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से आए नागरिकों ने मंत्री कपिल मिश्रा से सीधे संवाद किया और अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। श्री मिश्रा ने हर नागरिक की बात गंभीरता से सुनी और समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।





जन सुनवाई के इस प्रयास से नागरिकों में उत्साह देखा गया। लोगों ने अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रति संतोष एवं प्रसन्नता व्यक्त की।

इस अवसर पर कपिल मिश्रा ने कहा कि करावल नगर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए दिल्ली सरकार संकल्पित है। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। ऐसे आयोजनों से जनता को अपने विधायकों एवं मंत्रियों से सीधे संवाद करने का अवसर मिलता है। हम सब मिलकर करावल नगर को विकसित दिल्ली की यात्रा में एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाएंगे। जन सुनवाई कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करना था, जिसमें सरकार और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित हो सका।

## 29 अप्रैल तक राजधानी छोड़ दें पाकिस्तानी नागरिक : आशीष सूद

**दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तानी नागरिकों को वापस उनके देश भेजने के लिए केंद्र के फैसले का असर दिखना शुरू हो गया है। दिल्ली सरकार ने उन पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वापस जाने की अंतिम तिथि 26 से 29 अप्रैल तक निर्धारित की, जिनके वीजा निलंबित कर दिए गए हैं।

दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे दिल्ली में रह रहे अवैध पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने में मदद करें और तत्काल नजदीकी पुलिस स्टेशन को भी सूचित करें।




यदि किसी को किसी संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक के अवैध रूप से ठहरे होने की जानकारी मिले, तो वे तुरंत निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें : आशीष सूद, गृह मंत्री दिल्ली

उन्होंने बताया कि यह निर्णय भारत सरकार के पाकिस्तानी नागरिकों की वीजा सेवाएं निलंबित करने के आदेश के तहत लिया गया है। दीर्घकालिक वीजा और राजनयिक एवं आधिकारिक वीजा को छोड़कर, सभी अन्य वीजा तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिए गए हैं।

मंत्री आशीष सूद ने कहा कि देशहित के इस कार्य में हर नागरिक का सहयोग आवश्यक है। यदि किसी को किसी संदिग्ध पाकिस्तानी नागरिक के अवैध रूप से ठहरे होने की जानकारी मिले, तो वे तुरंत निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें।

## दिल्ली सरकार के साथ मिलकर राजधानी को स्वच्छ बनाएंगे : डिप्टी मेयर

**नई दिल्ली**, 25 अप्रैल (एजेंसियां)। दिल्ली के नए डिप्टी मेयर और भाजपा नेता जय भगवान यादव ने कहा कि वह दिल्ली सरकार के साथ मिलकर राजधानी को स्वच्छ बनाने का काम करेंगे। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में पिछले 11 साल में आम आदमी पार्टी सरकार ने वादा किया था कि अगर वह नगर निगम में सत्ता में आई तो कूड़े के पहाड़ों को हटा देगी, दिल्ली को बेहतर बनाएगी और इसे साफ-सुथरा बनाएगी। लेकिन दिल्ली में बदलाव देखने को नहीं मिला।



उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद दो महीने में बदलाव दिखने लगे हैं। सड़कें ठीक की जा रही हैं, गड्ढे भरे जा रहे हैं और यमुना नदी को साफ किया जा रहा है। नगर निगम में भी भाजपा सुनिश्चित करेगी कि दिल्ली में साफ-सफाई दुरुस्त रहे। स्कूलों को ठीक कराएंगे। प्रदूषण को दूर करेंगे। दिल्ली सरकार और भारत सरकार के साथ मिलकर दिल्ली को सुंदर राजधानी बनाएंगे।

पहलगाम में आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के साथ भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता है।

दूसरी ओर, मेयर चुने जाने के बाद राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पिछले ढाई साल में नगर निगम में आम आदमी पार्टी (आप) के नेतृत्व में जो बदहाली हुई थी, हम कोशिश करेंगे कि तीन महीने के अंदर उसमें सुधार करके जनता को दिखाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सफाई, कूड़े का पहाड़ हटाना, आगामी मानसून से पहले जलभराव की समस्या को हल करना प्राथमिकता होगी।

## पहलगाम में हुए जघन्य अपराध के विरुद्ध रोष रैली आयोजित

### पाकिस्तान के नापाक इरादों को सफल नहीं होने देने का लिया संकल्प

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। एनसीपी पार्टी, दिल्ली प्रदेश के महासचिव एवं प्रमुख प्रवक्ता बृजमोहन श्रीवास्तव तथा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह के नेतृत्व में पहलगाम में हुए जघन्य अपराध के विरुद्ध तथा निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु एक शांतिपूर्ण रोष रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में आम नागरिकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।





सुरक्षा व्यवस्था हेतु भारी पुलिस बल की भी तैनाती की गई थी। रैली पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित ढंग से सम्पन्न हुई। अपने भाषण में श्री बृजमोहन श्रीवास्तव ने कहा कि हम पाकिस्तान के नापाक इरादों को कभी सफल नहीं होने देंगे। कश्मीर में पाकिस्तान समर्थित अलगाववादियों द्वारा की गई यह कायरतापूर्ण घटना अत्यंत निंदनीय है और इसकी हम घोर भर्त्सना करते हैं। वहीं दिल्ली प्रदेश के जनप्रिय अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हम उन 26 निर्दोष भारतीय नागरिकों की निर्मम हत्या पर शोक व्यक्त करते हैं, जो पर्यटक के रूप में कश्मीर गए थे। यह घटना मानवता के विरुद्ध है। हम भारत सरकार से इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हैं और दोषियों को फांसी की सजा दिलवाकर रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान पूरी दुनिया में आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश बन चुका है और इसकी हरकतें बार-बार इसका प्रमाण देती हैं।

### पहलगाम में हुए हमले के खिलाफ आतंकवाद का किया पुतला दहन

**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन कर आतंकवाद का पुतला दहन किया। पूर्व महापौर जय प्रकाश ने बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले की घटना के विरोध में शनिवार को श्री राम यूथ वेलफेयर एसोसिएशन और सदर बाजार के व्यापारियों ने मिलकर 12 टूटी चौक पर फूंका आतंकवाद का पुतला जलाया । जय प्रकाश ने कहा पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए क्रूर आतंकी हमले में 26 लोगों की निर्मम हत्या कर दी गई। इस हमले ने देश भर को झकझोर कर रख दिया है। इसके विरोध में सदर बाजार के 12 टूटी चौक पर प्रदर्शन करते हुए आतंकवाद का पुतला दहन किया। और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाते रहे।





## सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों के चेयरमैन का प्रतिनिधिमंडल ने किया मुख्यमंत्री से मुलाकात

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी आईपी यूनिवर्सिटी द्वारका दिल्ली के अंतर्गत आने वाले सेल्फ फाइनेंस के कॉलेजों के चेयरमैन का एक प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता व शिक्षा मंत्री आशीष सूद से मुलाकात की। इस अवसर पर कॉलेजों में विभिन्न तरह की आने वाली कठिनाइयों से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को अवगत कराया गया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि इनमें आने वाली सबसे बड़ी समस्या जिसे दिल्ली के 120 सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया समय पर पूरा न होने का सामना कर रहे हैं। क्योंकि हर साल आईपी यूनिवर्सिटी हर साल सभी कॉलेजों का निरीक्षण कराती है। उस प्रकिया में इतना विलंब हो जाता है कि दिल्ली के छात्रों को बाध्य होकर दिल्ली के पड़ोसी राज्यों के यूनिवर्सिटी में एडमिशन लेना पड़ता है। उसकी वजह से दिल्ली के सेल्फ फाइनेंस कॉलेजों की सीटें पूरी नहीं भरती है। इससे न केवल दिल्ली सरकार के अंतर्गत आने वाले आईपी यूनिवर्सिटी के राजस्व का नुकसान होता है बल्कि दिल्ली के छात्रों को बाहर के यूनिवर्सिटी में भटकना पड़ता है। एसोसिएशन ने सीएम रेखा गुप्ता से अपील की कि ऐसा सिस्टम बनाया जाए की पांच साल में एक बार निरीक्षण हो और उसके आधार पर निर्णय किया जाए। देश के सभी यूनिवर्सिटी में निरीक्षण का कोई नियम नहीं है।



■ मुख्यमंत्री से एडमिशन प्रोसेस को सरल बनाने की अपील
■ विभिन्न शिक्षा संबंधित विषयों पर भी हुई चर्चा

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से एसोसिएशन के चेयरमैन ने अपील की कि नामांकन प्रक्रिया के दो राउंड के बाद इनकी सीटें पक्का कर दिए जाए। वहीं जो बच्चे काउंसलिंग के लिए बचे हैं उन्हें तीसरे और चौथे राउंड के लिए रखा जाए। इससे की बार-बार कॉलेजों को इंतजार करना पड़ता है कि कौन-कौन से बच्चे आएंगे। इस गंभीर मुद्दे पर भी विचार किया गया। इन कॉलेजों में इंजीनियरिंग, एलएलबी, एल एल एम, बीबीए, बीकॉम ऑनर्स, एमबीए, बीएड, बीसीए व कई अन्य प्रकार के कोर्सेस चल रहे हैं। प्रबंधकों के डेलिगेशन में महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट फाउंडर चेयरमैन नन्द किशोर गर्ग, विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोपक्षबल इन्सिट्युट के चेयरमैन डॉ. एससी वत्स, गीतारत्न इंस्टीट्यूट के चेयरमैन आर एन जिंदल, आईआईटीएम के चेयरमैन रवि शर्मा, कमल इंस्टीट्यूट के चेयरमैन डॉ. वेद टंडन, भारतीय विद्या पीठ के डायरेक्टर हुड्डा, ट्रीनिटी इंस्टट्यूट द्वारका के डॉ. आर के टंडन, टी आर गर्ग, रजनीश गर्ग, व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

दिल्ली भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रभारीडॉ. वेद टंडन ने सभी प्रबंधकों के तरफ से मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री से एडमिशन प्रोसेस को सरल बनाने की अपील की।

## योगासन में उत्कृष्टता का जश्न : wnd एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप नई दिल्ली में शुरू

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। wnd एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप का उद्घाटन कल क. डी. जाधव इंडोर रेसलिंग हॉल, इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली में बड़े उत्साह और उमंग के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन योगासन भारत ने युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से किया है। इस चैम्पियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मनाने का यह अद्वितीय अवसर है। इस उद्घाटन समारोह में दिल्ली की माननीय मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता, मुख्य अतिथि के रूप में और भारत सरकार के संस्कृति और पर्यटन मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत, सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि रेखा गुप्ता ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा, 'wnd एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप की ऊर्जा को देखना मुझे खुशी से भर देता है। मैं योगासन भारत को इस ऐतिहासिक चैम्पियनशिप के लिए बधाई देती हूं और इंद्रप्रस्थ योगासन के प्रयासों को सराहती हूं। मैं 20 देशों के सभी खिलाड़ियों, यहां मौजूद 200 से अधिक एथलीटों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह चैम्पियनशिप केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत, एशिया और दुनिया के लिए योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में मनाने की नई शुरुआत है।'



# कैपिटल ज़ोन

**उवाच** "

जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर हित में बनाई जा रही योजना के क्रम में अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्य को रफ्तार देने के लिए कार्रवाई चल रही है इसके क्रम में हिंडन नदी स्वच्छता को और अधिक बेहतर करने तथा सुंदरता को बढ़ाने के लिए एक सप्ताह में जल निगम सिंचाई विभाग तथा जलकल विभाग को कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं : **विक्रमादित्य सिंह मलिक, नगर आयुक्त।**

## भविष्य में पेयजल व्यवस्था बनी रहे अधिकारी तैयार करें प्लान : नगर आयुक्त

■ **हिंडन नदी की स्वच्छता व सुंदरता को बेहतर बनाने के लिए नगर आयुक्त ने नगर निगम, जल निगम व सिंचाई विभाग अधिकारियों के साथ की बैठक**



**गाजियाबाद,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में हिंडन नदी की स्वच्छता और सुंदरता को बेहतर बनाने के लिए गाजियाबाद नगर निगम, जल निगम तथा सिंचाई विभाग अधिकारियों से अहम बैठक हुई। बैठक में गाजियाबाद की पेयजल व्यवस्था को भविष्य में भी सुगम और सरल बनाने की योजनाओं को लेकर मंथन हुआ। बैठक में गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों के साथ-साथ जल निगम के मुख्य अभियंता आर. के. पंकज, सिंचाई विभाग से अधिशासी अभियंता राजकुमार, एन.पी. सिंह सहायक अभियंता, शिव कुमार अवर अभियंता जल निगम उपस्थित रहे, नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को एक सप्ताह में हिंडन नदी में निस्तारित हो रहे नालों को रोके जाने के संबंध में कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने गाजियाबाद की पेयजल व्यवस्था को भविष्य के लिए सुगम और सरल बनाने पर भी मंथन किया गया, नगर आयुक्त द्वारा जल निगम, सिंचाई विभाग तथा नगर निगम के जलकल विभाग अधिकारियों से सुझाव मांगे गए साथ ही आने वाले समय में गाजियाबाद के संपूर्ण क्षेत्र को गंगाजल आपूर्ति करने हेतु भी चर्चा हुई जिसमें नगर आयुक्त द्वारा मुख्य अभियंता जल निगम को कार्य योजना बनाने के लिए कहा गया, जल प्रदूषण की रोकथाम के लिए किये जा रहे है कार्यों को भी रफ्तार देने के निर्देश टीम को दिए गए।

नगर आयुक्त ने बताया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर हित में बनाई जा रही योजना के क्रम में अधिकारियों द्वारा निरंतर कार्य को रफ्तार देने के लिए कार्रवाई चल रही है। हिंडन नदी के आसपास के क्षेत्र का सर्वे भी कराया जाएगा हिंडन नदी में गिरने वाले 7 नालों पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए योजना बनाई जा रही है जिससे नदी की स्वच्छता बरकरार रहेगी सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग दिया जाएगा, हिंडन नदी के आसपास सौंदर्यकरण भी बढ़ाया जाएगा कार्य योजना बनाई जा रही है।

जल संरक्षण पर भी शहर वासियों को जागरुक करते हुए भूमिगत जल में वृद्धि करने हेतु कार्य योजना बनाने के लिए टीम को कहा गया है, आने वाले समय में गाजियाबाद को गंगाजल आपूर्ति की जाए योजना बनाई जा रही है, बैठक में गाजियाबाद नगर निगम से अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, प्रभारी उद्यान डॉक्टर अनुज, सहायक अभियंता जल आश कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

## युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाना हो एकमात्र लक्ष्य : गम्भीर सिंह



**गाजियाबाद,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जनपद में मादक पदार्थों (नारकोटिक्स) की बिक्री व तस्करी के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में एडीएम सिटी गम्भीर सिंह की अध्यक्षता में नॉर्को आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनओसीएआरडी) की महत्वपूर्ण बैठक आहूत हुई। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर ने कहा कि जनपद में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, खरीद-फरोख्त और ड्रग ट्रैफिकिंग के विरुद्ध अभियान को और तेज करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से जनपद में सतर्कता और इंटेलिजेंस को बेहतर करना होगा एवं जनपद की अन्तर्राज्यीय सीमा पर कड़ी नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जनपद के विकास और सुरक्षा की दृष्टि से सीमा प्रबन्धन अत्यन्त महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसे एक मुहिम का रूप देना होगा। उन्होने निर्देशित किया कि बेहतर समन्वय के साथ ड्रग माफियाओं के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान नशा मुक्ति केन्द्रों एवं केन्द्रों में भर्ती नशा की चेपट में आए मरीजों के बारे में विस्तार से विचार किया गया कि नशा मुक्ति केन्द्र में मरीजों की देख-रेख किस प्रकार से हो रही है और नशा छुड़ाने के लिए क्या-क्या कार्य किये जा रहे हैं। उसकी भी जानकारी होनी चाहिए। इसके साथ-साथ पीड़ित एवं उन्हें भर्ती कराने वाले का पूर्ण विवरण नशा मुक्ति केन्द्र वालों के पास होना चाहिए। बैठक के दौरान उच्च शिक्षा विभाग एवं नशा मुक्ति से सम्बंधित संस्थाओं को भी नॉर्को आर्डिनेशन मैकेनिज्म (एनओसीएआरडी) की बैठक में आमंत्रित करने हेतु विचार किया गया।

जिससे कि युवाओं को नशे से बचाया जा सका। अपर जिलाधिकारी नगर ने सभी विभागों को निर्देशित किया कि युवा पीढ़ी को नशा मुक्त बनाना एकमात्र लक्ष्य हो। बैठक में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, आबकारी विभाग, सूचना विभाग, वन विभाग, जिला कृषि विभाग, आरटीओ सहित अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विशेष संचारी रोग अभियान के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया

**खोड़ा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। मानसून आने से पूर्व नगर पालिका परिषद द्वारा विशेष संचारी रोग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खोड़ा मकनपुर निकाय क्षेत्र के अंतर्गत 34 वार्डो के अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। नगर पालिका परिषद के द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान के उपरांत एंटीलार्वा का छिड़काव किया जा रहा है। वार्ड तीन के सभासद संजीव गिरी ने बताया कि वार्ड तीन की साफ सफाई के उपरांत नगर पालिका परिषद द्वारा वार्ड तीन के अंतर्गत ई रिक्शा द्वारा कीटनाशक दवाइयों के छिड़काव और कम चौड़ाई वाली गलियों से घर घर से कूड़ा कलेक्शन हेतु लगाया गया है। उन्होंने बताया कि सात आठ फिट की गलियों में कूड़े का घर घर से कलेक्शन ट्रैक्टर द्वारा संभव नहीं होता है। इसलिए जिन गलियों में ट्रैक्टर या कूड़ा उठाने वाली गाड़िया नहीं पहुंचती है। उन गलियों से ई रिक्शा के माध्यम से कूड़ा कलेक्शन करवाया जा रहा है। नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य एवं सफाई निरीक्षक दिव्यकांत अग्रवाल ने बताया कि मानसून आने से पूर्व शासन के निर्देशानुसार विशेष संचारी रोग अभियान एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक चलाया जाएगा।

**सार** संक्षेप

### नि:शुल्क आधार कार्ड शिविर लगाया जाएगा

**खोड़ा।** सरस्वती विहार स्थित देवेंद्र यादव स्थित फार्म हाउस में पच्चीस अप्रैल से आगामी नौ मई तक अवकाश के दिनों को छोड़कर प्रतिदिन लगे शिविर में नया आधार कार्ड बनाया जाएगा। यह जानकारी वार्ड 24 के सभासद गजेंद्र सिंह नेगी ने दी। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड में किसी प्रकार के संशोधन के लिए सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क लिया जाएगा। पूर्व में दो दिन लगाए गए शिविर में लगभग बत्तीस लोगों ने आधार कार्ड बनवाया और दर्जनों लोगों ने सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क लेकर संशोधन किया गया।

### हुंडई ओरा कार में लगी आग, 20 मिनट में आग पर पाया काबू

**नोएडा।** नोएडा में सेक्टर-92 रेड लाइट के पास एक कार में लग गई। कार सेक्टर-110 की ओर जा रही थी। चालक को जैसे ही धुंआ उठता दिखा उसने कूदकर अपनी जान बचाई। आसपास के लोगों ने इसकी जानकारी पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से जनहानि नहीं है। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि शाम करीब 5 बजे जानकारी मिली कि एक हुंडई ओरा कार गाड़ी नंबर एचआर 55 एडी 0837 में आग लगी है। रास्ते को ब्लाक कराते हुए दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। 20 मिनट पर पानी का छिड़काव किया गया। जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आग लगने की वजह शॉट सर्किट हो सकती है। जांच की जा रही है। कार पेट्रोल और सीएनजी बेस्ड दोनों है। गनीमत रही कि सीएनजी सिलेंडर ब्लास्ट नहीं हुआ। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। क्रेन की मदद से कार को सड़क किनारे किया गया। जिसके बाद यातायात को सामान्य किया गया। आग से कोई जनहानि नहीं है।

### आतंकवादी विरोधी मोर्चा ने कश्मीर हमले को लेकर किया विरोध प्रदर्शन



**नोएडा।** आतंकवादी विरोधी मोर्चा उत्तर प्रदेश ने आज आतंकवाद के खिलाफ आतंकवादी विरोधी मोर्चा के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पंडित और संयोजक गुलशन शर्मा के नेतृत्व में नोएडा स्थित कार्यालय के पास आतंकी देश पाकिस्तान का पुतला फूंका और इस दानव देश के खिलाफ भारत सरकार से हमले के विरोध में कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रभारी राजेंद्र पंडित ने कहा कि धारा 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर क्षेत्र में शांति आई औरयह धीरे-धीरे विकास कार्यों से आगे बढ़ रहा था और लगातार इस प्रदेश में पर्यटक बढ़ रहे हैं यह तरक्की पाकिस्तान में बैठे आतंक के सरगनाओ को अच्छी नहीं लग रही और वहीं से देश के दुश्मनों ने यह चाल चली और निर्दोष दो दर्जन से अधिक पर्यटकों की निर्मम हत्या की गई।

## पॉक्सो अधिनियम और बाल यौन उत्पीड़न पर कार्यशाला आयोजित

**गाजियाबाद,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड कंपनी और समाधान अभियान संस्था ने न्याय पीठ बाल कल्याण समीति, जिला सूचना विभाग और चिकित्सालय विभाग संयुक्त तत्वावधान में बाल मित्र केंद्र, साहिबाबाद में बाल यौन उत्पीड़न पर आशा कार्यकर्ताओं के लिए बाल यौन उत्पीड़न के विरुद्ध जागरूकता कार्यशाला आयोजित की।



कार्यशाला का उद्देश्य आशा कार्यकर्ताओं को पॉक्सो अधिनियम 2012, की प्रभावी रणनीतियों और बच्चों के अधिकारों पर जानकारी प्रदान करना था। समाधान अभियान की संस्थापक अर्चना अग्निहोत्री ने आशा कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। मुख्य अतिथि, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह ने बाल यौन उत्पीड़न पर जिम्मेदारीपूर्ण रिपोर्टिंग और बच्चों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने में उनके योगदान को रेखांकित किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को पॉक्सो अधिनियम और बाल यौन उत्पीड़न की रिपोर्टिंग में संवेदनशीलता, गोपनीयता और नैतिक मानकों के महत्व के बारे में बताया गया।

आयोजकों ने बाल संरक्षण के प्रति सक्रिय रहने और जागरूकता फैलाने की अपील के साथ सभी सहयोगियों को धन्यवाद दिया।

## जेपी बायर्स ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन

■ **17 हजार बायर्स को पिछले 16 साल से घर का इंतजार, निर्माण कार्य में लगातार देरी**




**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। 16 साल के इंतजार के बाद भी जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के करीब 17 हजार होम बायर्स को अब तक घर नहीं मिल सका है। इसके लिए अधिकांश होम बायर्स आज फिर सेक्टर-128 जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड के आफिस के बाहर एकत्रित हुए। वहां उन्होंने प्रदर्शन किया। अपनी मांगों को लेकर अधिकारियों से बातचीत नहीं हो सकी है। अब तक कोई नतीजा निकलकर नहीं आया। दरअसल जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड ने यहां 150 आवासीय टावर बनाने की योजना बनाई। जिसमें 2010 में 17 हजार से ज्यादा बायर्स ने बुकिंग कराई। 2013-14 से उनको पजेशन मिलना था। बायर्स ने कहा कि लोन की ईएमआई तक पूरी हो चुकी है। जेपी को फ्लैट का पूरा पैसा तक दिया जा चुका है। लेकिन अब तक हमे फ्लैट नहीं मिले। दिवालिया प्रक्रिया में जाने के बाद एनसीएलटी ने सुरक्षा को टावरों का कंस्ट्रक्शन करने की जिम्मेदारी दी। मई 2024 में योजना हैंडओवर होने के बाद तीन से चार महीने में निर्माण शुरू करने का वायदा किया गया।

**इन टावरों में चल रहा है काम**

वर्तमान में, चार परियोजनाओं - कोसमोस, क्लासिक, केंसिंग्टन बुलेवार्ड और केंसिंग्टन पार्क अपार्टमेंट और हाइट्स में काम चल रहा है, जिसमें 62 टावर शामिल हैं और 6,067 घर खरीदार शामिल हैं। हालांकि, कोसमोस और केंसिंग्टन बुलेवार्ड में 15 टावरों पर काम अभी शुरू होना बाकी है।

बायर्स का आरोप है सितंबर 2024 में भी सुरक्षा ने निर्माण कार्य शुरू नहीं किया। वादा किया गया था कि आठ महीने में एक-एक टावर का निर्माण करके पजेशन दिया जाएगा। अप्रैल-2025 आ गया अब तक निर्माण शुरू नहीं किया गया। ऐसे में कहा तक इंतजार किया जाए। सोसाइटी का कहना है कि घर खरीदार लगातार अनदेखी का शिकार हो रहे हैं, और कंपनी केवल अपने हितों को प्राथमिकता दे रही है।

**12 हजार की बजाए 2 हजार श्रमिक**

जहां 12,000 श्रमिकों की आवश्यकता थी, वहां मात्र 2,000 श्रमिक तैनात हैं। जिससे काम लगभग ठप पड़ा है। समाधान योजना के अनुसार निर्धारित 3,000 करोड़ रुपये की फंडिंग अब तक नहीं जुटाई जा सकी है। कंपनी द्वारा पारदर्शिता का पूरी तरह अभाव रहा है न तो कोई मोबाइल ऐप विकसित किया गया है, न ही नियमित अपडेट्स या खरीदारों से संवाद की कोई व्यवस्था है। अंत में, कई आवासीय परियोजनाएं अब भी यूपी रेरा की प्रतीक्षा सूची में शामिल हैं। जिससे खरीदारों की चिंता और बढ़ गई है।

## सड़क पर खुलेआम शराब परोसने से लोगो को परेशानी

**खोड़ा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सड़क पर खुलेआम शराब परोसे जाने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ता है। सीमा क्षेत्र दिल्ली में होने की वजह से ठेलियों पर शराब बेचने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं होती। स्थानीय लोगो ने बताया कि फेस तीन सी एन जी पंप के सामने बाबा वेंकट हाल से लेकर मंगल बाजार गेट तक हजारों की संख्या में लोग ठेलियों पर फल फूल हरी सब्जी जूस की दुकानें लगाते है। इस रास्ते से खोड़ा मकनपुर क्षेत्र से हजारों की संख्या में लोग आवागमन करते है। बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं भी दिल्ली के स्कूलों में पढ़ाई करने के लिए आते जाते है। समाजसेवी संजीत मिश्रा ने बताया कि शराब माफियों के षडयंत्र की वजह से दर्जनों ठेलियों पर जूस की आड़ में खुले में शराब परोसी जाती है। दिल्ली पुलिस के कर्मचारी मूकदर्शक बने रहते है। शिकायत करने पर उल्टा शिकायतकर्ता को ही धमकाया जाता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली और खोड़ा सीमा के विवाद की वजह से शराब माफियों ने इसे अवैध कमाई का अड्डा बना दिया है। शाम चार बजते ही बाबा वेंकट हाल के सामने ठेलियों पर शराब परोसने का कार्य शुरू कर दिया जाता है। शराब पिलाने का सिलसिला रात्रि बारह बजे तक चलता रहता है। स्थानीय पुलिस माफियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करती। बल्कि शराब परोसने वालो से मोटी कमाई होती है। शराबी नशे में धुत होकर अक्सर महिलाओं पर फब्तियां कसते है। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते है। शराबियों के उत्पात से लोग परेशान है। अक्सर शराबी नशे में धुत होकर मर्यादाओं की सारी सीमाओं को तार तार करते रहते है।

## डियर पार्क के लिए तैयार होगी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट

■ **रिटायर्ड डीएफओ होंगे सलाहकार, नाइट सफारी के लिए लगेंगी स्पेक्ट्रम लाइट**

**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सेक्टर-91 बायोडायवर्सिटी पार्क में प्रस्तावित डियर पार्क सनसेट सफारी को केंद्र सरकार मंजूरी मिल चुकी है। अब इसका इंटरनल स्ट्रक्चर कैसा होगा। इसके लिए रिटायर्ड डिस्ट्रिक्ट फारेस्ट ऑफिसर (डीएफओ) को सलाहकार के लिए चयन किया जाएगा। पार्क में डियर और इसे सनसेट नाइट सफारी के रूप में बनाया जाना है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि यहां लाइटों इस तरह से लगाया जाएगा ताकि यहां रखे जाने वाले हिरणों को परेशानी न हो। लोग आए और उनके बारे में जाने। इसलिए हिरण के बारे में पूरी जानकारी दी जाएगी।

डीपीआर रिटायर्ड डीएफओ की गाइडेंस में तैयार की जाएगी। क्योंकि अधिकारियों के इस बारे में अनुभव होता है। इसके बाद टेंडर जारी कर निर्माण कराया जाएगा। यहां एयरपोर्ट से रेस्क्यू किए जाने वाले हिरण को भी रखा जाएगा। हालांकि उनके लिए धनौरी वेटैंड के पास से रेस्क्यू सेंटर भी बनाया जा रहा है। वहां से कुछ हिरण को यहां भी लाया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश के अन्य चिड़ियाघरों से भी हिरण को यहां लाया जाएगा।

**सनसेट सफारी में स्पेक्ट्रम लाइट होंगी प्रयोग**

प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि करीब 30 एकड़ में मिनी जू की तर्ज पर इस डियर पार्क को बनाने में करीब 40 करोड़ रुपए की लागत आएगी। यह जिले की पहली सनसेट सफरी होगी। इसमें रात करीब 10 बजे तक लोग स्पेक्ट्रम लाइट की रोशनी में हिरण व जलीय पक्षियों को देख सकेंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्पेक्ट्रम लाइट में वहां पर मौजूद जानवरों को अंधेरा ही लगेगा। वहीं जो लोग सनसेट सफरी में पहुंचेंगे उनको स्पष्ट दिखाई देगा। इसमें 10 प्रजातियों के 132 हिरण लाए जाएंगे। नोएडा में 10 प्रजातियों के हिरण को लाया जाएगा। इसमें तीन प्रजाती अफ्रीका से एक्सपोर्ट की जाएंगी। इसक अलावा कानपुर, हैदराबाद और लखनऊ के चिड़ियाघर से यहां हिरण लाए जाएंगे। नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि नोएडा, गाजियाबाद और आसपास में ऐसा डियर पार्क नहीं है।

## नोएडा प्राधिकरण ने 31.38 हेक्टेयर जमीन पर लिया कब्जा

■ **2200 किसानों को आबादी की 5 प्रतिशत जमीन की जाएगी आवंटित**
■ **2007 में हुआ था जमीन का अर्जन**

**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा प्राधिकरण ने बेगमपुर गांव में 31.3828 हेक्टेयर जमीन अपने कब्जे में ली। इस जमीन की पैमाइश कराकर इसके पिलर और फैंसिंग कराई गई। इस जमीन से करीब 2200 किसानों को 5 प्रतिशत प्लाट आवंटित किए जाएंगे। पैमाइश के दौरान एसीपी, डीसीपी और एडिशनल सीपी के अलावा प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर मौजूद रहे।

ओएसडी क्रांति शेखर ने बताया कि इस गांव की करीब 108.223 हेक्टेयर जमीन अर्जन के लिए धारा- 4/17 व 6/17 के तहत 7 नवम्बर 2007 और 17 मार्च 2008 को विज्ञप्ति जारी की गई थी। इस संबंध में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने 18 फरवरी 2008 को स्थगन आदेश जारी कर दिया गया। स्थगन आदेश समाप्त होने के बाद करीब 7.559 हेक्टेयर जमीन पर 17 जून 2008 और 100.664 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा 15 जून 2013 को देते हुए अपर जिलाधिकारी (भूअ) ने 12 जनवरी 2011 व 13 दिसम्बर 2013 को अवार्ड घोषित कर दिया। इसके बाद कुछ किसानों ने इस अर्जन के विरोध में इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट ने अर्जन की प्रक्रिया को सही माना। साथ ही जिन किसानों ने मुआवजा नहीं लिया था। उनको भी 13 सितम्बर 2019 को प्रचलित दर के हिसाब से मुआवजा दिया गया। इसके बाद भी 13 सितम्बर 2019 को कुछ किसानों ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की। जिनको सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 9 मई 2022 को हाईकोर्ट के 13 सितम्बर 2019 के आदेश को सही माना। 9 मई 2022 को सुप्रीम कोर्ट में नोएडा प्राधिकरण ने रिव्यू दाखिल किया। जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 2 नवम्बर 2022 द्वारा निरस्त कर दिया गया। ऐसे में हाईकोर्ट का 13 सितम्बर 2019 का आदेश स्वता प्रभावी हो गया। मामला यहा नहीं समाप्त हुआ कुछ अन्य किसानों ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ एक रिव्यु दाखिल किया। जिस पर कोर्ट ने दोबारा से इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के सही माना और रिव्यू को निरस्त कर दिया। इस आदेश के साथ ही कलेक्टर ने 19 जुलाई 2024 को अवार्ड घोषित कर दिया गया।

ऐसे में शनिवार को एसीपी, डीसीपी और एडिशनल सीपी और पर्याप्त पुलिस फोर्स के साथ प्राधिकरण के ओएसडी, सिविल विभाग के डीजीएम के अलावा समस्त वरिष्ठ प्रबंधक मौके पर पहुंचे और 31.3828 हेक्टेयर जमीन पर पिलर लगाकर कब्जे में लिया।

## गुरु मां सरस्वती देवी के जन्मोत्सव पर 11 कुंडीय यज्ञ सम्पन्न

■ **गुणों को धारण करने का नाम धर्म है : डॉ. जयेंन्द्र आचार्य**
■ **यज्ञ, योग एवं वेदों को अपनाकर प्रभु अनुभूति संभव : प्रवीण आर्य**



**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान साहिबाबाद के संयोजन में ब्रह्मा श्री सरस्वती देवी आदि शक्ति मठ्ठ, एस सी-4, सेक्टर-37 में मां ब्रह्म श्री सरस्वती देवी का जन्मोत्सव को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में मां दर्शन, पुष्पाभिषेक तथा विश्व एवं जन कल्याण के लिए 11 कुंडीय महायज्ञ डॉ. जयेन्द्र आचार्य (कुलपति आर्ष गुरुकुल नोएडा) के ब्रह्मत्व में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य यज्ञमान पिंकी शर्मा एवं संजीव नायर व संदीप नायर सहित 44 यज्ञमान थे। यज्ञोपरांत आचार्य ने यज्ञमानों को आशीर्वाद एवं प्रभु से उनके सुख जीवन की कामना की। वेदपाठ आर्ष गुरुकुल के ब्रह्माचारिओं सचिन, विशाल, नन्द किशोर शास्त्री आदि द्वारा किया गया। गुरु मां ब्रह्म सरस्वती देवी के श्रद्धालुओं ने चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया गुरु मां ने सभी के लिए प्रभु से सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की। सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक मास्टर विजेंद्र आर्य एवं प्रवीण आर्य के ईश्वर भक्ति के गीतों को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। मुख्य वक्ता डॉ. जयेन्द्र आचार्य ने गुरु मां के जन्मदिन पर बहुत ही सुंदर बधाई गीत सुनाया और अपने उद्बोधन में कहा कि अपने बारे में भी कभी-कभी सोचना चाहिए यह जीवन क्यों मिला है? इसका क्या उद्देश्य है? उन्होंने धर्म के रास्ते पर चलने की प्रेरणा दी। आचरण से जीवन बनता है सब के सब धार्मिक हो सकते हैं। गुणों को धारण करने का नाम धर्म है। धर्म का संबंध गुणों को धारण करने से है। पंचमहायज्ञ का महत्व बताते हुए कहा कि ऊपर उठती अग्नि हमेशा ऊपर उठने का, आगे बढ़ने का संदेश देती है। हमें भी मर्यादा में रहकर आगे बढ़ना है। उन्होंने पहलगाम में घटी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि यह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। मंच संचालक आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान के यशस्वी मंत्री सुरेश आर्य ने कहा कि महर्षि पतंजलि ने ही अष्टांग योग की चर्चा की है। जो वास्तव में योग का आधार है। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि। योग का मतलब केवल आसन करना नहीं है। मोक्ष को प्राप्त करना है।

## कपड़ा प्रेस करने वाली कंपनी में 2 स्टीम बॉयलर फंटे, 19 लोग घायल



■ **अस्पताल में किया जा रहा इलाज, प्रेशर अधिक होना बताई वजह**

**नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-63 स्थित एक कंपनी में स्टीम बॉयलर फट गया। बॉयलर फटने की आवाज से कंपनी के शीशे तक टूट गए। यहां दो स्टीम बॉयलर फटे है। इसकी आवाज और टुकड़ों की चपेट में काम कर रहे करीब 19 लोग चपेट में आ गए। जिनको मामूली चोट लगी है। मौके पर थाना सेक्टर-63 की पुलिस पहुंची। पुलिस ने कंपनी के अन्य लोगों की मदद से घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जिसमें अधिकांश को छुट्टी दे दी गई है। वहीं बॉयलर कैसे फटा इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि घटना साढ़े बारह बजे के आसपास की है। यहां सी-122, सेक्टर-63 नोएडा में विंडसर कंपनी में कपड़े प्रेस करने का काम होता है। यहां 02 स्टीम बॉयलर के फटने से कंपनी की बिल्डिंग में लगे शीशे टूट गए। कंपनी के कुछ कर्मचारियों को हल्की फुल्की चोट आई है। जिनमें से 7 पुरुष और 1 महिला कर्मचारी (सचिन उम्र 18 वर्ष, कुलदीप उम्र 21 वर्ष, रविकांत उम्र 25 वर्ष, आकाश उम्र 20 वर्ष, मोहित उम्र 19 वर्ष, आलम उम्र 29 वर्ष, प्रकाश उम्र 52 वर्ष, सीमा उम्र 42 वर्ष) को निजी हॉस्पिटल, सेक्टर-71 में एडमिट कराया गया है। बाकी शेष 12 कर्मचारी (पंकज उम्र 26 वर्ष, मनोज पासवान उम्र 35 वर्ष, सुनीता उम्र 40 वर्ष, आशा रानी उम्र 27 वर्ष, भूमि उम्र 19 वर्ष, कल्प सिंह उम्र 19 वर्ष, प्रमोद उम्र 38 वर्ष, रजनीश उम्र 18 वर्ष, लोकेश उम्र 19 वर्ष, सतेंद्र उम्र 35 वर्ष, पुष्पेंद्र उम्र 27 वर्ष, अतुल उम्र 30 वर्ष) को निजी हॉस्पिटल सेक्टर-63, में एडमिट कराया गया है। सभी घायल सामान्य स्थिति में है।

उवाच

इस क्षेत्र में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1934 और यूएवी संचालन के नियमों के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। कोई भी व्यक्ति, संस्था या समूह जो इस निर्देश का उल्लंघन करता हुआ पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस नियम का पालन करें एवं हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को सहयोग प्रदान करें : **मनीष कुमार मिश्र, एडीसीपी।**



# ग्रेनो में नए उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर पेश करेगा इंटरनेशनल ट्रेड शो-25

- **सरकार के 35 विभाग के नोडल ऑफिसर संभालेंगे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो की कमान**
- **50 हजार स्क्वायर मीटर में लगेगी 12 विभागों के 48 स्टेकहोल्डर की प्रदर्शनी**
- **ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितम्बर तक होने वाले इंटरनेशनल ट्रेड शो में दिखेगा जीआई टैग उत्पादों का जलवा**

**ग्रेटर नोएडा**, 26 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश सरकार एक बार फिर देश-दुनिया के सामने उत्तर प्रदेश की ताकत, संभावनाओं और उपलब्धियों को पेश करने जा रही है। इसके लिए सरकार ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर के बीच तीसरे ग्रैंड मेगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 का आयोजन करने जा रही है। इस मेगा इवेंट की कमान प्रदेश के 35 विभागों के नोडल अधिकारी संभालेंगे, जबकि 50,000 स्क्वायर मीटर क्षेत्र में 12 प्रमुख श्रेणियों के तहत 48 स्टेकहोल्डर्स अपनी-अपनी प्रदर्शनी लगाएंगे। इसका उद्देश्य प्रदेश को व्यापार, निवेश, उद्यमिता और सांस्कृतिक विरासत के ग्लोबल हब के रूप में स्थापित करना है। ट्रेड शो के जरिये प्रदेश की बहुआयामी क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाएगा।

**मिशन डायरेक्टर, विशेष सचिव और आयुक्त स्तर के अधिकारी संभालेंगे कमान**

इंटरनेशनल ट्रेड शो की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ऐसे में ट्रेड शो को भव्य आयोजित कराने के लिए शो में भाग लेने वाले विभागों और उनके नोडल अधिकारियों की सूची तैयार कर ली गई है। इनमें कुल 35 विभागों के मिशन डायरेक्टर, विशेष सचिव, निदेशक और आयुक्त स्तर के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं, जो यूपीआईटीएस-25 के सफल आयोजन की जिम्मेदारी संभालेंगे। शो में यूपी इन्वेस्ट, इंडस्ट्रियल अथॉरिटीज (यूपीसीडा, गीडा, यीडा), एमएसएमई, कृषि, ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स, स्वास्थ्य, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, पशुपालन, खादी, एमएसएमई आदि विभागों की सक्रिय भागीदारी होगी। ट्रेड शो में प्रदर्शनी को 12 श्रेणियों में बांटा गया है। इनमें इंडस्ट्री, एमएसएमई, कृषि एवं संबद्ध उद्योग, ऊर्जा, पर्यावरण, स्वास्थ्य, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, पर्यटन, परिवहन, ईवी तथा वित्त शामिल हैं। इन श्रेणियों में कुल 48 स्टेकहोल्डर्स अपनी-अपनी प्रदर्शनी प्रस्तुत करेंगे। यह प्रदर्शनी 50 हजार स्क्वायर मीटर में लगाई जाएगी। अकेले एमएसएमई सेक्टर ही 15,700 वर्ग मीटर क्षेत्र में प्रदर्शनी लगाएगा, जो इस सेक्टर की ताकत और विविधता को दर्शाता है।

**जीआई टैग और ओडीओपी की दिखेगी अहम भूमिका**

ट्रेड शो में प्रदेश के जीआई टैग और ओडीओपी की अहम भूमिका रहेगी। इसमें आगरा का पेठा, मलिहाबाद का आम, मुरादाबाद का ब्रास, बनारस की साड़ी, भदोही का कालीन, लखनऊ की चिकनकारी जैसे उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा। शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वोकल फॉर लोकल विजन को साकार करते हुए इन उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने और वैश्विक खरीदारों से जुड़ाव स्थापित करने का प्रयास किया जाएगा। ट्रेड शो प्रदेश में निवेश को आकर्षित करेगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। मेगा इवेंट में हेल्थ, फूड प्रोसेसिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा निर्माण, कृषि-प्रौद्योगिकी और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे क्षेत्रों में एमओयू भी संभावित हैं। यह इंटरनेशनल ट्रेड शो 'नए उत्तर प्रदेश की नई तस्वीर' का जीवंत उदाहरण होगा, जो देश और दुनिया को प्रदेश की बदलती पहचान और संभावनाओं से रूबरू कराएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लगने वाला ट्रेड शो प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर और मजबूती से स्थापित करेगा।

# यूपी रेरा के अकाउंटेन्ट को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन की टीम ने दबोचा



**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। यूपी रेरा में काम के बदले अकाउंटेन्ट की तरफ से रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। एंटी करप्शन टीम मेरठ ने आरोपी लेखाकार को पांच हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ दबोचा है। आरोप है कि फ्लैट कब्जे में देरी से परेशान खरीदार से रेरा कर्मचारी ने रिश्वत मांगी थी। शिकायत पर टीम ने आरोपी लेखाकार को रंगे हाथ पकड़ा है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामलों के विभाग में सहायक निदेशक कुलदीप ने वर्ष 2014 में ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-10 स्थित अमात्रा होम्स प्रोजेक्ट में ,क फ्लैट बुक किया था। फ्लैट का कब्जा 2018 में मिलना था, लेकिन डेवेलपर ने न तो ऑक्यूपेशन सर्टिफिकेट (ओसी) और न ही कंप्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) लेकर 2019 में फ्लैट का कब्जा सौंप दिया। इसके साथ ही चार लाख रुपए अतिरिक्त की भी मांग कर दी गई। कुलदीप ने बताया कि उन्होंने सी,लपी प्लान के तहत फ्लैट खरीदा था और 95 प्रतिशत भुगतान कर चुके थे। बचे हुए पांच प्रतिशत भुगतान के समय ही बिल्डर ने अतिरिक्त रकम की मांग शुरू कर दी। जब कुलदीप ने इस अनियमितता की शिकायत उत्तर प्रदेश रियल, स्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (यूपी रेरा) से की, तो जांच के आदेश हुए। बिल्डर ने मामले को चुनौती भी दी, लेकिन जून 2022 में बिल्डर की अपील खारिज कर दी गई। इसके

- **रिश्वत लेकर काम कराने का अकाउंटेन्ट ने दिया था आफर**

बावजूद पिछले तीन वर्षों से कुलदीप यूपी रेरा के चक्कर लगा रहे हैं। न तो उन्हें फ्लैट का वैध कब्जा मिल सका और न ही बिल्डर पर जुर्माना वसूला गया। इसी बीच शनिवार को यूपी रेरा के लेखाकार हरेंद्र गोस्वामी ने उनका काम जल्दी कराने का भरोसा दिलाया, लेकिन इसके बदले में 50 हजार रुपए रिश्वत मांगी। जब कुलदीप ने इतनी बड़ी राशि देने में असमर्थता जताई तो हरेंद्र ने पांच हजार रुपए तत्काल और बाकी बाद में देने की बात कही। इस पर कुलदीप ने तुरंत एंटी करप्शन टीम मेरठ से संपर्क कर शिकायत दर्ज कराई। योजना के अनुसार जब हरेंद्र गोस्वामी रिश्वत लेते हुए पकड़े गए तब एंटी करप्शन टीम ने उन्हें रंगे हाथ दबोच लिया। आरोपी को बीटा-2 कोतवाली लाया गया, जहां उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पीड़ित कुलदीप ने कहा कि वह एक केंद्रीय अधिकारी होते हुए भी न्याय पाने के लिए तीन वर्षों से दर-दर भटक रहे थे। इस मामले ने रेरा कार्यालय में कामकाज की पारदर्शिता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। वहीं आरोपी कर्मचारी को पकड़े जाने के बाद यूपीरेरा के अधिकारी भी लेखाकार के खिलाफ कार्रवाई के लिए कोतवाली पहुंचकर जांच की है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ड्रोन उड़ाने पर लगा प्रतिबंध

- **बिना अनुमति के कोई भी ड्रोन उड़ा तो होगी कठोर कार्रवाई**

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। नागर विमानन मंत्रालय एवं नागरिक उड्डयन महानिदेशालय तथा सुरक्षा एजेंसियों के निर्देशानुसार 8 अक्टूबर 2024 को नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) को रेड जोन (नो ड्रोन फ्लाई जोन) घोषित किया गया है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के ऊपर एवं आसपास के क्षेत्र में ड्रोन या किसी भी प्रकार के अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) उड़ाने पर पूर्णत: प्रतिबंध लगाया गया है। यह प्रतिबंध एयरपोर्ट की सुरक्षा एवं वायु क्षेत्र की निगरानी को ध्यान में रखते हुए लागू किया गया है। एडीसीपी मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि इस क्षेत्र में बिना अनुमति के ड्रोन उड़ाना भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण अधिनियम, 1934 और यूएवी संचालन के नियमों के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। कोई भी व्यक्ति, संस्था या समूह जो इस निर्देश का उल्लंघन करता हुआ पाया जाएगा, उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस नियम का पालन करें एवं हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को सहयोग प्रदान करें।

# एनसीएलटी से निराश लौटे सुपरटेक होम बायर्स

**रबूपुरा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्र अंतर्गत निर्माणाधीन सुपरटेक गोल्फ कंट्री में घर खरीदारों की समस्या का समाधान अधर में लटका हुआ है। जिसके कारण उनके सपने अधूरे हैं। शनिवार को एनसीएलटी में होने वाली सुनवाई टलने से सभी बायर्स को मायूस लौटना पड़ा जिनके चेहरे पर भविष्य को लेकर चिंता की लकीरें नजर आई। राजीव गौतम ने बताया कि 25-04-2025 को सुपरटेक गोल्फ कंट्री केस की सुनवाई एनसीएलटी कोर्ट में होनी थीं। मायूस व निराश होम बायर्स दिन भर कोर्ट में चक्कर काटते रहे लेकिन किसी अस्पष्ट कारण की वजह से सुनवाई नहीं हुई। बुजुर्ग दंपत्ति ए पी शिंदे पिछले 12 साल से अपने घर का इंतजार



कर रहे हैं और ऐसे ही कोर्ट के चक्कर काटे जा रहे हैं लेकिन निराशा के अलावा आज तक उनके हाथ कुछ नहीं लगा। कोर्ट में अगली सुनवाई की तारीख 16-05-2025 निर्धारित की गई हैं।

काफी सारे होम बायर्स आज कोर्ट से निराश होकर लौट गए। गौरतलब है कि पंजाब - सिंध बैंक ने होम बायर्स के क्लेम के खिलाफ एनसीएलटी कोर्ट में याचिका दायर कर रखी है जिसकी सुनवाई होनी थी। पंजाब - सिंध बैंक लगातार परेशानी का शबब बना हुआ है और प्रोजेक्ट को आगे नहीं बढ़ने दे रहा हे। आईआरपी उमेश सिंघल ने होम बायर्स को भरोसा दिया कि होम बायर्स को उनके सपनों के घर जरूर मिलेंगे तथा वह अपनी टीम के साथ कोर्ट में सुनवाई के लिए मौजूद रहे लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

# सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन कराने तक सीमित नहीं है : बीएन सिंह

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। मिशन कर्मयोगी और सड़क सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन गौतम बुद्ध विवि में आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त बी.एन. सिंह शामिल हुए। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने में



- **मिशन कर्मयोगी और सड़क सुरक्षा कार्यशाला का जीबीयू में हुआ आयोजित**

तकनीक की प्रभावी भूमिका को रेखांकित करना और इस दिशा में ठोस कदम उठाना था। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव एल. वेंकटेश्वर लू, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, आरटीओ गाजियाबाद पी.के. सिंह, एआरटीओ (प्रशासन) सियाराम वर्मा, एआरटीओ (प्रवर्तन) डॉ. उदित नारायण पाण्डेय सहित विभिन्न गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ), शिक्षा विभाग के अधिकारी, विद्यार्थी, अध्यापक, और सड़क सुरक्षा नोडल शिक्षक उपस्थित रहे। परिवहन आयुक्त बी.एन. सिंह ने अपने भाषण में सड़क सुरक्षा को एक सामाजिक और राष्ट्रीय प्राथमिकता बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए तकनीक का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार सड़क सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है और इसके लिए परिवहन विभाग निरंतर नवीन तकनीकों को अपनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके लिए जागरूकता, शिक्षा, और तकनीकी हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अपर मुख्य सचिव एल. वेंकटेश्वर लू ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार या परिवहन विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए समाज के हर वर्ग, विशेष रूप से युवाओं और शिक्षकों को आगे आना होगा। मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी ने सड़क सुरक्षा को मुख्यमंत्री की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि तकनीक और जागरूकता के संयोजन से ही इस दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं।

# आम्रपाली लेजर वैली के आवंटियों ने एनबीसीसी के खिलाफ किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। आम्रपाली लेजर वैली (आदर्श आवास योजना) के सैकड़ों फ्लैट मालिकों ने अपने फ्लैटों के कब्जे में देरी के खिलाफ शनिवार को दूसरे सप्ताह निर्माणाधीन कंस्ट्रक्शन साइट पर एनबीसीसी के खिलाफ प्रदर्शन किया। वर्तमान समय में कंस्ट्रक्शन साइट पर कुछ टावर का निर्माण 50 प्रतिशत तक भी पूरा नहीं हुआ है जिससे खरीदारों में ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है तथा लोगों को यह भी लग रहा है कि सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग प्रोजेक्ट में इस तरह के हालात कैसे हो सकते हैं। प्रदर्शन में शामिल घर खरीदारों ने यह बताया कि सर्वोच्च न्यायालय ने हम घर खरीदार के दर्द को समझा और उसके बाद ही आम्रपाली ग्रुप को सभी परियोजनाओं को बाहर करके एनबीसीसी को कंस्ट्रक्शन करने का जिम्मा दिया, परंतु अब तो एनबीसीसी भी अपने किए गए वादों को पूरा नहीं कर पाई है और लगातार बदले जा रहे कंस्ट्रक्शन डेडलाइन मार्च 2025 को भी पार कर गई है। प्रदर्शन के पश्चात एनबीसीसी के वरीय अधिकारियों के साथ कंस्ट्रक्शन साइट पर ही घर खरीदारों की मीटिंग हुई, जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय में कुछ चुनौतियां थी जिसे उन लोगों के द्वारा दूर किया जा रहा है। अधिकारियों ने यह बताया कि आठ टावर में से तीन टावर ए1,जी1, एच1 की समय सीमा अक्टूबर व एफ-1 को नवम्बर 2025 में पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा अन्य चार टावरों बी-1,सी-1,डी-1, ई-1 के लिए वर्तमान में कंस्ट्रक्शन कर रही कंपनी



- **घर खरीदारों व एनबीसीसी के साथ बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा**

वाईएफसी प्रोजेक्ट से जिम्मा वापस लेकर फिर से रि-टेन्डर किया जाएगा। इन सब कार्य में 1 महीना लगेगा और उसके बाद अगले 1 साल में इन चार टावर को पूरा कर लिया जाएगा। गौरतलब है कि आम्रपाली ग्रुप के इस परियोजना में कुल 32 टावर हैं। जिसे वेरोना हाइट्स पैकेज ए/बी के अंतर्गत 4964 फ्लैट तथा आदर्श आवास योजना के नाम से 1906 फ्लैट बनाने हेतु एनबीसीसी ने टेंडर जारी किया था। मीटिंग के बाद पुन: घर खरीदार को यही चिंता सता रही है कि क्या एनबीसीसी अपने किए गए वादों पर खरा उतरेगा या सुप्रीम कोर्ट मॉनिटरिंग प्रोजेक्ट की भी हालत आम्रपाली जैसी रहेगी, यह कुछ सवाल अभी भी सभी पीड़ित घर खरीदारों के दिमाग में चल रहे हैं और इसका जवाब तो भविष्य में ही मिल पाएगा।

# बास्केटबॉल चैंपियनशिप में बालक व बालिका वर्ग में समसारा की टीम बनी चैम्पियन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। समसारा विद्यालय में दो दिवसीय अंतर विद्यालयी बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रेटर नोएडा और नोएडा के बहुत से विद्यालयों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का आगाज 25 अप्रैल को हुआ और समापन 26 अप्रैल को हुआ। इस प्रतियोगिता की मुख्य अतिथि बास्केटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ी रसप्रीत सिधु जो कि महाराणा मेवाड़ अवार्ड से सम्मानित है। उनके पति कुंवर ब्रह्मादित्य सिंह पंवर एफआईबीए लेवल 3 कोच हैं। यह प्रतियोगिता लड़के और लड़कियों-दोनों स्तर पर आयोजित की गई। जिसमें लड़कियों के स्तर पर



आयोजित प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया और लड़कों द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। जिसमें पैसिफिक वर्ल्ड स्कूल, जेपी पब्लिक स्कूल, लोटस वैली स्कूल, जी.डी गोयंका स्कूल, होली पब्लिक स्कूल आदि। दूसरे दिन इस प्रतियोगिता में समसारा विद्यालय ने दोनों स्तर पर जे.पी पब्लिक स्कूल, नोएडा को हराकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही लड़कियों ने भी बास्केटबॉल प्रतियोगिता में समसारा विद्यालय की तरफ से प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता के बेस्ट प्लेयर आफ टूर्नामेंट रहे समसारा विद्यालय के किशन सिंह और लड़कियों के स्तर में बेस्ट प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट समसारा विद्यालय की खिलाडी मीनाक्षी सोलंकी रही। खिताबी मुकाबले में समसारा के लड़कों ने जे.पी पब्लिक स्कूल नोएडा को 28 -18 से मात देकर जीत दर्ज की। लड़कियों ने जे.पी पब्लिक स्कूल नोएडा की टीम को 22- 14 से मात देकर यह खिताब अपने नाम किया। इस दौरान प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब समसारा विद्यालय के शोभित मिश्रा को और लड़कियों में बेस्ट प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब समसारा विद्यालय की शगुन मिश्रा को मिला। मुख्य अतिथि रसप्रीत सिद्धू ने खिलाड़ियों को उनके अथक प्रयास के लिए बधाई दी और पढ़ाई के साथ-साथ खेल की अहमियत बताई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर समसारा विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रमजीत सिंह शास्त्री मौजूद रहे, जिन्होंने सभी विद्यार्थियों को उनकी मेहनत के लिए सराहा और रसप्रीत सिद्धू जैसा बनने की प्रेरणा दी।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोन:- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


# भारत शिक्षा एक्सपो का समापन, एक लाख से अधिक प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा



**शीर्ष विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप्स, शिक्षकों और छात्रों को एक छत के नीचे आए**



**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। भारत शिक्षा एक्सपो 2025, का आयोजन इंडिया एक्सपोजीशन मार्ट लिमिटेड द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका समापन शनिवार को हो गया। इस दौरान एक लाख से अधिक पंजीकृत आगंतुकों छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया। समापन सत्र में डॉ. एच. चतुर्वेदी, निदेशक जनरल, आईआईएलएम विश्वविद्यालय मुख्य अतिथि तथा प्रो. दिनेश शर्मा, सदस्य सचिव, यूपी-एसएलक्यूएसी एवं नोडल, भारत शिक्षा एक्सपो, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश सरकारय प्रो. (डॉ.) अवधेश कुमार, प्रो-वाइस चांसलर, गलगोटियास विश्वविद्यालय, महिप सिंह, हेड-इन इन्नोवेशन हब यूपी, ए.के.टी.यू. और अन्य विशिष्ट अतिथिगण उपस्थित रहे। दूसरे संस्करण में उच्च शिक्षा, कौशल शिक्षा, स्टार्टअप्स, स्टडी अब्रॉड, एजु-प्रोडक्ट्स, ऋण एवं छात्रवृत्ति श्रेणियों से सौ से अधिक प्रदर्शकों ने भाग लिया। समापन सत्र में डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि आने वाला दशक भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए परिवर्तनकारी होगा। उन्होंने कहा कि भारत शिक्षा एक्सपो जैसे मंच शीर्ष विश्वविद्यालयों, स्टार्टअप्स, शिक्षकों और छात्रों को एक छत के नीचे लाकर भविष्य के लिए मजबूत नींव तैयार कर रहे हैं। जिसमें ए.के.टी.यू. द्वारा प्रस्तुत 15 स्टार्टअप्स और अग्रणी भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय शामिल रहे, जो शिक्षा के उज्ज्वल भविष्य को दर्शाते हैं। समापन दिन की प्रमुख गतिविधियों में क्रीएथॉन और क्विज अवार्ड समारोह शामिल रहे, जहां डॉ. चतुर्वेदी ने व्यक्तिगत रूप से विजेताओं को सम्मानित किया। तीसरे दिन के क्विज के फाइनल राउंड में सात टीमों, भारत राम ग्लोबल स्कूल, ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल, प्रज्ञान स्कूल, रायन इंटरनेशनल स्कूल, बाल भारती पब्लिक स्कूल, केआर मंगलम वर्ल्ड स्कूल और कोठारी इंटरनेशनल स्कूल ने शीर्ष स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा की। अंतत:, रायन इंटरनेशनल स्कूल ने प्रथम स्थान, बाल भारती पब्लिक स्कूल ने द्वितीय स्थान और कोठारी इंटरनेशनल स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नि:शुल्क शिक्षा और करियर परामर्श सुविधाओं का लाभ 600 से अधिक छात्रों ने उठाया, जबकि क्रीएथॉन (आइडियाथॉन, हैकाथॉन, स्टार्टाथॉन, कोडथॉन), रोबो रेस और रोबो सॉकर, ड्रोन शो, आईटी डेमोंस्ट्रेशन, और प्रकृति व रोबोटिक्स पर इंटरैक्टिव कार्यशालाओं में लगभग 3,000 छात्रों ने सक्रिय भागीदारी की।

# शिक्षक व विद्यार्थियों ने आतंकवाद को विरोध करते हुए शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। ईशान कालेज, ग्रेटर नोएडा के छात्रों तथा शिक्षकों ने पैदल मार्च निकालकर पहलगाम में हुऐ आतंकवादी हमले का किया विरोध प्रदर्शन तथा शहीद लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादियों के हमले में 26 पर्यटन यात्रियों की हत्या के विरोध में पैदल मार्च रैली द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। रैली ईशान कालेज के कैम्पस से अमृतपुर चौक चौराहे से जगत फार्म बाजार से होते हुए गोलचक्कर से वापस कालेज कैम्पस में आयी। रैली के माध्यम से आतंकियो को चेतावनी दी गई कि इस तरह की कायराना हरकत देश बर्दाश्त नहीं करेगा। इसका मुहतोड़ जवाब हमारी भारतीय सेनी देगी। कॉलेज के छात्रों द्वारा पोस्टर एवं जनसंवाद द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर अपना विरोध दर्ज कराया तथा आम-जनमानस को इस जघन्य अपराध के खिलाफ लोगों को जागरूक भी किया। रैली समापन के बाद कालेज के प्रबन्धसमिति से डा. डी.के. गर्ग, डा. तुषार आर्य, अमन आर्य, तथा समस्त विभागो के विभागाध्यक्ष, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं द्वारा आतंकवादियों के हमले में शहीद लोगों की आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया तथा नम आखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

# ट्रक ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

**रबूपुरा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। नोएडा से यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते घर लौट रहे युवक की बाइक में तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा शिकायत पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अनुसार अलीगढ़ के गांव खेड़ा सत्तू निवासी राहुल (32) किसी काम से नोएडा गया था तथा यमुना एक्सप्रेस वे के रास्ते नोएडा से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान जीरो पॉइंट से 27 किलोमीटर की दूरी पर रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में फलैदा अंडरपास के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्लॉट न०-01, सेक्टर-के०पी०-04, ग्रेटर नौएडा सिटी
जिला-गौतमबुद्ध नगर
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Prateek Sahkari Awas Samiti Ltd., के माध्यम से आवंटित भूखण्ड संख्या-86, Sector-Phi-03, Greater Noida क्षेत्रफल-179.64 वर्ग मीटर, Mr. Charan Singh S/o Shri Gurshi Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Mr. Charan Singh की मृत्यु दिनांक-12.08.2024 को हो जाने के उपराना वसीयत के आधार पर उनके पौत्र ने अपने Mr. Tushar Chaudhary S/o Shri Mahram Singh ने उक्त भवन को अपने पक्ष में नामान्तरण कराने हेतु आवेदन किया है। इस म्यूटेशन के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में आवंटी Mr. Charan Singh के स्थान पर वसीयत के आधार पर उनके पौत्र Mr. Tushar Chaudhary S/o Shri Mahram Singh के नाम पर दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (ग्रुप हाउसिंग)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

व्यंग्य

# असहमत

■ हरिशंकर परसाई



यह सिर्फ़ दो आदमियों की बातचीत है –

‘भारतीय सेना लाहौर की तरफ़ बढ़ गई– अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करके।’

‘हाँ, सुना तो। छम्ब में पाकिस्तानी सेना को रोकने के लिए यह ज़रुरी है।’

‘खाक ज़रूरी है! जहाँ वे लड़ें, वहां लड़ना चाहिए या हर कहीं घुसना चाहिए?’

‘हाँ उधर नहीं बढ़ना था।’

‘मगर मैं कहता हूँ क्यों नहीं बढ़ना था? उधर से दबाव पड़ेगा तो इधर तुम्हारे बाप रोक सकते हैं उन्हें?’

‘फिर तो उधर बढ़ना ही ठीक हुआ।’

‘ठीक हुआ! ठीक हुआ! कुछ समझते भी हो इसका क्या मतलब होता है? इसका मतलब होता है – टोटल वार! पूर्ण युद्ध! हमला!’

‘हाँ जी, यह तो हमला जैसा ही हो गया।’

‘मगर मैं कहता हूँ, जो इसे हमला कहता है, वह बेवक़ूफ़ है। हम तो हमले का मुक़ाबला करने के लिए बढे हैं।’

‘इस दृष्टि से तो हमारा बढ़ना सुरक्षात्मक कार्रवाई हुआ।’

‘मगर सुरक्षात्मक कार्रवाई कहकर तुम दुनिया की नज़रों में धूल नहीं झोंक सकते जो हुआ है, वह सबको दिख रहा है।’

‘हाँ, विल्सन ने तो ऐसा कुछ कहा भी है।’

‘तुम विल्सन के कहने की परवाह क्यों करते हो? जो तुम्हें सही दिखे, करो।’

‘बिलकुल ठीक है। जो देश के हित में हो, वही हमें करना चाहिए।’

‘देशहित की बात करते हो! देशहित कोई समझता भी है? सिर्फ़ देशहित देखोगे या अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया का भी ख्याल रखोगे?’

‘ठीक कहते हो। आज की दुनिया में अंतर्राष्ट्रीय प्रतिक्रिया देखना भी ज़रूरी है।’

‘मगर मैं कहता हूँ, अंतर्राष्ट्रीय रुख ही देखते रहोगे या देश के भले की भी कुछ सोचोगे? अंतर्राष्ट्रीयता की धुन में ही तो तुम लोगों ने देश को गर्त में डाल रखा है।’

इस बातचीत में जो लगातार सहमत होने की कोशिश करता रहा, वह मैं हूँ। मैं उससे बहस नहीं करता, मतभेद ज़ाहिर नहीं करता, सिर्फ़ सहमत होना चाहता हूँ। पर वह सहमत होने नहीं देता। वह कभी किसी को सहमत नहीं होने देता। अगर कोई सहमत होने लगता है तो वह झट से असहमति पर पहुँच जाता है। सहमति से भी वह नाराज़ होता है और असहमति से भी। पर असहमति का विस्फोट बड़ा भयंकर होता है। इसलिए मैं सहमत होते-होते निकल जाता हूँ, जैसे आंधी आने पर आदमी ज़मीन पर लेट जाये। उसने मेरी तरफ़ देखा। मैं कुछ नहीं बोला। दूसरी तरफ़ देखने लगा। वह खिसियाया– कैसे बेवक़ूफ़ से पाला पड़ा है! खीजा-कैसे बेईमान लोग हैं। क्रोधित हुआ– सबको देखूँगा! तना– मैं किसी की परवाह नहीं करता! ढीला हुआ– कैसा दुर्भाग्य है! दुखी हुआ-ऐसों की चलती है, मेरी नहीं चलती, मन में फिर तनाव आया। वह अँगुलियों के कटाव गिनता हुआ जल्दी-जल्दी चला गया।

सारी दुनिया ग़लत है। सिर्फ़ मैं सही हूँ, यह अहसास बहुत दुःख देता है। इस अहसास में आगे की अपेक्षा होती है कि मुझे सही होने का श्रेय मिले, मान्यता मिले, क़ीमत भी मिले। दुनिया को इतनी फ़ुर्सत होती नहीं है कि वह किसी कोने में बैठे उस आदमी को मान्यता देती जाए जो सिर्फ़ अपने को हमेशा सही मानता है। उसकी अवहेलना होती है।

अब सही आदमी क्या करे। वह सबसे नफ़रत करता है। खीजा रहता है। दुःख भरे तनाव में दिन गुज़ारता है। इसकी दुनिया से इसी तरह की लड़ाई है। पर वह मुझसे ही क्यों उलझता है? हर बार मुझे ही ग़लत क्यों सिद्ध करता है? बात यह है कि पूरी दुनिया से एक साथ लड़ा नहीं जा सकता। दुनिया के हज़ारों मोर्चे हैं और करोड़ों लड़ने वाले हैं। मगर दो देशों की लड़ाई में पूरे देश आपस में नहीं लड़ते। सिपाही से सिपाही लड़ता है। लड़ने के मुआमले में सिपाही देश का प्रतिनिधि होता है। उन कुछ लोगों को, जिनसे उसकी अक्सर भेंट होती है, उसने दुनिया का प्रतिनिधि मान लिया है। इनमें भी सबसे ज़्यादा मुलाक़ात मुझसे होती है, इसलिए इन कुछ का प्रतिनिधि मैं हुआ। इस तरह दुनिया का प्रतिनिधि मैं बन गया। मुझे ग़लत बताता है तो दुनिया ग़लत होती है। मुझे गाली देता है तो दुनिया को गाली लगती है। मुझ पर नाराज़ होता है तो दुनिया पर नाराज़गी ज़ाहिर होती है। मैं दबता हूँ तो दुनिया को दबा देने का सुख उसे मिलता है। सारी दुनिया की तरफ़ से इस मोर्चे पर मैं खड़ा हूँ और पिट रहा हूँ। वह मुझसे नफ़रत करता है। मगर मुझे ढूँढता है। कुछ दिन नहीं मिलूँ, तो वह परेशान होता है। जिससे नफ़रत है, उससे मिलने की इतनी ललक प्रेम-सम्बन्ध में भी नहीं होती। मुझसे मिलकर मुझे ग़लत बता कर, मुझ पर खीजकर और मुझे दबाकर जो सुख उसे मिलता है, उसके लिए वह मुझे तलाशता है। विश्व-विजय के गौरव और संतोष के लिए योद्धा दुनिया भर की खाक छानते थे। वह कुल चार-पांच मील सड़कों पर मुझे खोजता है तो दुनिया को जीतने के लिए कोई ज़्यादा नहीं चलता।

अगर सारी दुनिया ग़लत और वह सही है तो मैं ग़लत हूँ और वह सही है। मैं पहले उससे असहमत भी हो जाता था। तब वह भयंकर रूप से फूट पड़ता था। उसे ग़लत माने जाने पर गुस्सा आता था। वह लड़ बैठता था। गाली-गलौज पर आ जाता था। मैंने सहमत होने की नीति अपनाई। मैं सहमत होता हूँ तो वह सोचता है, यह कैसे हो सकता है कि मैं और दुनिया, दोनों ही सही हों। दुनिया सही हो ही नहीं सकती। वह झट से ठीक उलटी बात कहकर असहमत हो जाता है। तब वह एकमात्र सही आदमी और दुनिया ग़लत हो जाती है। मैं फिर सहमत हो जाता हूँ तो वह फिर उस बात पर आ जाता है जिसे वह खुद काट चुका है।

‘बहुत भ्रष्टाचार फैला है।’ ‘हाँ, बहुत फैला है।’

‘लोग हल्ला ज़्यादा मचाते हैं। इतना भ्रष्टाचार नहीं है। यहाँ तो सब सियार हैं। एक ने कहा, भ्रष्टाचार! तो सब कोरस में चिल्लाने लगे भ्रष्टाचार!’

‘मुझे भी लगता है, लोग भ्रष्टाचार का हल्ला ज़्यादा उड़ाते हैं।’

‘मगर बिना कारण लोग हल्ला नहीं मचाएँगे जी? होगा तभी तो हल्ला करते हैं। लोग पागल थोड़े ही हैं।’

‘हाँ, सरकारी कर्मचारी भ्रष्ट तो हैं।’

‘सरकारी कर्मचारी को क्यों दोष देते हो? उन्हें तो हम-तुम ही भ्रष्ट करते हैं।’

‘हाँ, जनता खुद घूस देती है तो वे लेते हैं।’

‘जनता क्या ज़बरदस्ती उनके गले में नोट ठूंसती है? वे भ्रष्ट न हों तो जनता क्यों दे?’

कोई घटना होती है तो वह उसके बारे में एक दृष्टिकोण बना लेता है और उससे उसका उल्टा दृष्टिकोण पहले ही मन में हमारे ऊपर मढ़ देता है। फिर वह हमसे उस आरोपित दृष्टिकोण के लिए नफ़रत करता है। नफ़रत इतनी इकट्ठी हो जाती है कि वह उस घटना के लिए ज़िम्मेदार भी हमें मान लेता है। चीन ने भारत को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया तो उसे लगा, जैसे अल्टीमेटम हमने दिया हो। बस्तर में आदिवासियों पर गोली हमने ही चलायी। वियतनाम पर अमेरिकी बमबारी फिर शुरू हो गई तो उसने मान लिया कि हमने ही बम-वर्षा का हुक्म दिया है। कुछ दिन वह ख़ूब भन्नाता रहा। मिला नहीं। एक दिन वह मिल गया। ऐसे मिला, जैसे युद्ध-अपराधियों से मिल रहा हो। मिलते ही फूट पड़ा– ‘तुम्हारे अमेरिका ने फिर बम बरसाना शुरू कर दिया है।’ उसने हमें ऐसे देखा, जैसे पुलिस हत्यारे को देखती है।

कोई घटना होती है तो वह उसके बारे में एक दृष्टिकोण बना लेता है और उससे उसका उल्टा दृष्टिकोण पहले ही मन में हमारे ऊपर मढ़ देता है। फिर वह हमसे उस आरोपित दृष्टिकोण के लिए नफ़रत करता है। नफ़रत इतनी इकट्ठी हो जाती है कि वह उस घटना के लिए ज़िम्मेदार भी हमें मान लेता है। चीन ने भारत को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया तो उसे लगा, जैसे अल्टीमेटम हमने दिया हो। बस्तर में आदिवासियों पर गोली हमने ही चलायी।

हमने कहा, ‘यह बहुत बुरा किया। इससे क्रांति की आशा फिर नष्ट हो गई।’

वह एक क्षण को सहम गया। वह कई दिनों से हमें बमबारी का समर्थक मानकर हमसे नफ़रत कर रहा था। मगर हम तो बमबारी की निंदा कर रहे थे। अब वह क्या रुख अपनाये! उसे सँभालने में ज़्यादा देर नहीं लगी। खीजकर बोला, ‘शांति? व्हाट डू यू मीन बाई शांति? यह शब्द झूठा है। सब साले शांति की बात करते हैं और लड़ाई की तैयारी करते हैं!’

हम चुप। उसे संतोष नहीं हुआ। उसने साफ़ रुख अपना लिया, ‘कह दिया, बुरा किया क्या बुरा किया? उत्तर से दक्षिण में फ़ौज आती हैं, चीनी हथियार आते हैं। उसके ठिकानों पर बम गिराए बिना कैसे काम चलिएगा?’

‘इस दृष्टि से तो बमबारी ठीक मालूम होती है।’

‘क्यों ठीक है? नागरिक क्षेत्रों पर बम बरसाना ठीक है, यह कहते शर्म आनी चाहिए!’

‘हाँ, नागरिक क्षेत्र पर अलबत्ता बम नहीं गिरना चाहिए।’

‘मैं कहता हूँ, कहीं भी क्यों गिराना चाहिए? अमेरिका को क्या हक़ है इधर आने का? यह उसके राज्य का हिस्सा नहीं है।’

‘ठीक कहते हो। एशिया में अमेरिका को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।’

‘मगर बहुत से बेवक़ूफ़ इस नारे को बिना समझे लगाते हैं। वे भूल जाते हैं कि इधर चीन बैठा है जो सबको निगल जाएगा।’

हम चुप हो गए। वह कुछ भुनभुनाता रहा। फिर झटके से उठा और अँगुलियों के कटाव गिनता हुआ फुर्ती से चला गया।

गोरे और सुडौल इस जवान के कपाल पर तीन रेखाएँ खिंची रहती हैं। हमेशा तनाव में रहता है। नौकरी उसकी साधारण है। एक कॉलेज में पढ़ाता है। कॉलेज से नफ़रत करता है। प्रिंसिपल से, साथियों से, विद्यार्थियों से नफ़रत करता है। बगीचे में खिले फूलों से भी उसे नफ़रत है। मकानमालिक से इसलिए नाराज़ है कि मकान उसका है। नगरपालिका से सड़क के लिए नाराज़ है। नाले से मच्छरों के लिए नाराज़ है। दुनिया से क्यों नाराज़ है, यह ठीक वही जानता होगा। शुरू में ही उसने दुनिया से कुछ ज़्यादा ही उम्मीद कर ली होगी। बहुत से नौजवान मौजूदा हालात के सन्दर्भ में महत्वाकांक्षा नहीं बनाते। वह अनुपात से ज़्यादा हो जाती है। बहुत से तो अपने पिता के ज़माने के सन्दर्भ में महत्वाकांक्षा बना लेते हैं – पिता के ज़माने में हर एम. ए. पास प्रोफ़ेसर हो जाता था, अब नहीं होता। मगर उस सन्दर्भ में जो एम.ए. होकर प्रोफ़ेसर बनने का तय कर लेता है, वह अक्सर निराश होता है। इस आदमी ने भी जवानी के शुरू में तय कर लिया होगा कि मुझे दुनिया से इतना मिलना चाहिए, यह मेरा हक़ है। इस हिसाब से कहीं वह गड़बड़ कर गया। उसने योग्यता के हिसाब से महत्वाकांक्षा नहीं बनाई। उसने मौजूदा ज़माने की स्पर्धा, पक्षपात और चतुरता को भी नज़रंदाज़ कर दिया। उसने मान लिया कि दुनिया ने उसकी क़ीमत नहीं दी। वह आसपास आगे बढ़ते हुए तुच्छ लोगों की भीड़ देखता और सबसे नफ़रत करता है। स्थायी असहमति उसका अपने आपको जोड़ने का प्रयत्न है। इससे वह विशिष्ट बने रहने की कोशिश करता है क्योंकि विशिष्ट हुए बिना वह जी नहीं सकता। एक बार ही मैंने उसे सहमत होते पाया है। उसने केन्द्रीय सरकार में किसी बड़ी नौकरी के लिए आवेदन किया था। वह उसे नहीं मिली। मुझे मिला तो मैंने पूछा।

उसने कहा, ‘नहीं मिली’

मैं डर रहा था कि कहीं इसने इसके लिए भी मुझे ही ज़िम्मेदार न मान लिया हो। पर उसकी आँखों में ऐसा आरोप-भाव नहीं था। मेरी हिम्मत बढ़ी। मैंने कहा, ‘आजकल पक्षपात बहुत चलता है।’

वह सहमत हो गया। बोला, ‘ठीक कहते हो। ऊपर के लोग अपनों को अच्छी जगह फ़िट करते हैं।’

‘और योग्य आदमियों की अवहेलना होती है।’

‘हाँ, और नालायक ऊँचे पदों पर बिठाये जाते है।’

‘तभी तो सब जगह स्तर गिर रहा है।’

‘अरे भाई! स्तर तो कुछ रहा ही नहीं।’

‘पता नहीं, कब तक यह अंधेर चलेगा!’

‘मैं भी यही सोचता हूँ कि आखिर ऐसा कब तक!’

सहमति के इस दुर्लभ क्षण को मैं बिगड़ने नहीं देना चाहता था। इसलिए इससे पहले कि वह किसी बात पर असहमत हो उठे, मैं चल दिया। वही भी मुड़ा। मगर वह अँगुलियों के कटाव नहीं गिन रहा था।

## ग़ज़लें

■ साक़ी फ़ारुक़ी

बदन चुराते हुए रूह में समाया कर
मैं अपनी धूप में सोया हुआ हूँ साया कर

ये और बात कि दिल में घना अंधेरा है
मगर ज़बान से तो चाँदनी लुटाया कर

छुपा हुआ है तिरी आजिज़ी के तरकश में
अना के तीर इसी ज़हर में बुझाया कर

कोई सबील कि प्यासे पनाह माँगते हैं
सफ़र की राह में परछाइयाँ बिछाया कर

ख़ुदा के वास्ते मौक़ा न दे शिकायत का
कि दोस्ती की तरह दुश्मनी निभाया कर

अजब हुआ कि गिरह पड़ गई मोहब्बत में
जो हो सके तो जुदाई में रास आया कर

नए चराग़ जला याद के ख़राबे में
वतन में रात सही रौशनी मनाया कर

■ ज़ेब ग़ौरी

ख़ंजर चमका रात का सीना चाक हुआ
जंगल जंगल सन्नाटा सफ़्फ़ाक हुआ

ज़ख़्म लगा कर उस का भी कुछ हाथ खुला
मैं भी धोका खा कर कुछ चालाक हुआ

मेरी ही परछाईं दर ओ दीवार प है
सुब्ह हुई नैरंग तमाशा ख़ाक हुआ

कैसा दिल का चराग़ कहाँ का दिल का चराग़
तेज़ हवाओं में शोला ख़ाशाक हुआ

फूल की पत्ती पत्ती ख़ाक पे बिखरी है
रँग उड़ा उड़ते उड़ते अफ़्लाक हुआ

हर दम दिल की शाख़ लरज़ती रहती थी
ज़र्द हवा लहराई क़िस्सा पाक हुआ

अब उस की तलवार मिरी गर्दन होगी
कब का ख़ाली ‘ज़ेब’ मिरा फ़ितराक हुआ

■ मुनीर नियाज़ी

देती नहीं अमाँ जो ज़मीं आसमाँ तो है
कहने को अपने दिल से कोई दास्ताँ तो है

यूँ तो है रंग ज़र्द मगर होंट लाल हैं
सहरा की वुसअतों में कहीं गुल्सिताँ तो है

इक चील एक मुम्टी पे बैठी है धूप में
गलियाँ उजड़ गई हैं मगर पासबाँ तो है

आवाज़ दे के देख लो शायद वो मिल ही जाए
वर्ना ये उम्र भर का सफ़र राएगाँ तो है

मुझ से बहुत क़रीब है तू फिर भी ऐ ‘मुनीर’
पर्दा सा कोई मेरे तिरे दरमियाँ तो है

---

इतने ख़ामोश भी रहा न करो
ग़म जुदाई में यूँ किया न करो

ख़्वाब होते हैं देखने के लिए
उन में जा कर मगर रहा न करो

कुछ न होगा गिला भी करने से
ज़ालिमों से गिला किया न करो

उन से निकलें हिकायतें शायद
हर्फ़ लिख कर मिटा दिया न करो

अपने रुत्बे का कुछ लिहाज़ ‘मुनीर’
यार सब को बना लिया न करो

# फ़िल्म ‘खंडहर’ : मृणाल सेन (1984)

■ अजय चंद्रवंशी

खंडहर में एक वीरानी होती है, अकेलापन होता है। मानो अस्तित्व और अनस्तित्व के बीच की स्थिति! मगर खंडहर यह भी बताता है कि कभी वहाँ आबादी थी, चहल -पहल थी। खंडहर सामान्यत: जर्जर होते जाता है और एक दिन उसका अस्तित्व भी मिट जाता है।मगर उसके दिन फिर भी सकते हैं। किसी निगाहें -करम से उसकी वीरानी मिट भी सकती है।मगर.... एक मगर जुड़ा ही रहता है!



फ़िल्म ‘खंडहर’ की जामिनी की ज़िंदगी भी जैसे खंडहर हो गई है।एक अशक्त बीमार,दृष्टिहीन माँ है जिसकी मानो एकमात्र इच्छा बाकी रह गई है कि किसी तरह बेटी का विवाह हो जाए।जामिनी भी युवा है स्वभाविक है उसकी जीवन-इच्छाएं हैं, मगर परिस्थितियां एकदम विपरीत हैं।रिश्तेदार सब अपने-अपने जीवन में मस्त दूर जा चुकें हैं, एक चचेरा भाई दीपू है वह दो -तीन सालों में आ जाता है। उसके पास भी केवल सहानुभूति है।दीदी-जीजा खर्च के लिए कुछ पैसे भेज देते हैं, अपने पास बुलाते भी हैं मगर माँ का वही सामंती जीवन मूल्य कि बेटी के यहाँ नहीं जायेंगे, कुटुंब का मोह, आड़े आ जाता है। भले ही वह ‘कुटुंब’ जर्जर खंडहर हो चूका है।

जामिनी और उसकी माँ उस खंडहर में अकेले हैं। विशाल खंडहर उनके एकाकीपन और बढ़ा देता है। कभी निरंजन नामक दूर रिश्ते का एक युवक जामिनी से विवाह करने की बात कहकर गया था। जामिनी की माँ आज भी उसका इन्तिज़ार कर रही है, जबकि जामिनी को पता है उसने विवाह कर लिया है, मगर माँ की हालत देखकर वह उसे बताती नहीं। मगर वह इस अभिनय से तंग आ गई है। एक तरफ उसका अपना दु:ख उस पर माँ की बेकरारी उसे और चोट पहुँचाती है और अक्सर एक चिड़चिड़ापन से बहस का अंत होता है।

परिस्थिति वश दीपू का दोस्त सुभाष जामिनी की माँ के भरम को कायम रखते खुद को निरंजन की तरह पेश करता है। जाहिर है उद्देश्य कुछ समय उसे तकलीफ से दूर रखना था, मगर इसके कारण कहानी में एक मोड़ आ जाता है। सुभाष फोटोग्राफर है, कैमरा हमेशा साथ रहता है। वह केवल व्यावसायिक नहीं कलात्मक फोटो खींचने में भी रूचि रखता है। खंडहर की निरवता, एकांतता उसे आकर्षित करती है, इसलिए वह उसका अलग-अलग कोणों से तस्वीर लेते रहता है।

इस घटना से सुभाष थोड़ा द्वंद्वग्रस्त हो जाता है। अनजाने ही जामिनी की तरफ थोड़ा आकर्षित दिखाई पड़ता है।जामिनी की मरती इच्छाओं में थोड़ी जान आती दिखाई पड़ती है। मगर यह 'यथार्थ' महज छलावा साबित होता है। सुभाष का आकर्षण में एक संवेदनात्मक तटस्थता है। जामिनी के प्रति उसमें सहानुभूति है मगर प्रेम नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि उसका मन शहरी मध्यमवर्गीय 'हिसाबी -किताबी ' है। वह जामिनी की तरफ एक कदम आगे नहीं बढ़ाता। उसकी मुख्य चिंता जामिनी नहीं उसकी तस्वीर है, इसलिए गांव से जाने के वक्त भी वह सटीक पोज में जामिनी की फोटो खींचने के लिए लालायित रहता है,और उसमें सफल भी हो जाता है। सुभाष बुरा नहीं है मगर उस तरह 'अच्छा 'भी नहीं है जैसा प्रारंभ में दर्शक को लगता है।

कुल मिलाकर इस विडंबना से जामिनी का जीवन मुक्त नहीं हो पाता। उसका पूरा जीवन जैसे खंडहर हो गया है। जीवन में जैसे कोई सुख,कोई दुख नहीं,बस चल रहा है। वातावरण में बेचारगी है मगर उसका व्यक्तित्व उदात्त है, वह अपना दुख प्रकट नहीं करती,उसे पी जाती है। उसे अपनी माँ की अक्षमता का बोध है और उसे अकेले छोड़ नहीं सकती। माँ भी जैसे उसकी शादी के लिए ही जिंदा है,उसे अपनी अक्षमता का बोध है मगर बेटी की शादी न होना सबसे बड़ा दुख है। अपनी खीझता निकालने के लिए एक-दूसरे के अलावा कोई नहीं है।

यह कहा जा सकता है कि जामिनी में दीनता नहीं है मगर उसके व्यक्तित्व में विद्रोह भी नहीं है।वह परिस्थितियों के आगे जैसे समर्पण कर चुकी है,उसे कभी बदलने का प्रयास नहीं करती। अवश्य यह भाव दर्शक को कचोटती है मगर जटिल सामाजिक तानेबाने,आर्थिक-सामाजिक परिस्थितियों में ऐसा सोचना शायद जितना आसान है उसका होना उतना नहीं।

फिल्म का दृश्यांकन शीर्षक अनुरूप एक खंडहर में किया गया है जो परिस्थिति के तनाव को उभारने में सहायक होता है। फिल्म प्रेमेंद्र मित्रा की बंगाली लघु कहानी' तेलेनापोता अबिष्कार'पर आधारित है।

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## बांग्लादेश में बीएनपी-आवामी लीग के बीच वर्चस्व की लड़ाई

**ढाका,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और अवामी लीग के समर्थकों के बीच हबीगंज के नौगांव गांव में हिंसक झड़प हुई। इस झड़प में 50 से अधिक लोग घायल हो गए। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, घायलों में से पांच की हालत गंभीर है। सिलहट उस्मानी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। बांग्लादेशी मीडिया आउटलेट यूएनबी की रिपोर्ट के अनुसार, बीएनपी नेता अख्तर मियां और अवामी लीग के शाहजहां मियां के समर्थकों के बीच क्षेत्र में वर्चस्व स्थापित करने को लेकर लंबे समय से तनाव बढ़ रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, दोनों पक्ष के समर्थकों ने कथित तौर पर हिंसक झड़प की। यह टकराव लगभग दो घंटे तक चला।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा, कहा

# आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए खतरा

**संयुक्त राष्ट्र,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पहलगाम के बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। परिषद के सदस्यों ने आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले आयोजकों, आरोपियों और वित्तपोषकों की जवाबदेही तय करने की बात कही है। 22 अप्रैल को हुए इस हमले में 26 लोगों को गोलियों से भून दिया गया था।

**सुरक्षा परिषद ने सभी सदस्य देशों से दायित्वों को निभाने का किया आग्रह**

15 सदस्य देशों वाली सुरक्षा परिषद ने शुक्रवार को जारी अपने एक प्रेस वक्तव्य में दोहराया कि आतंकवाद अपने सभी रूपों व अभिव्यक्तियों में, अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरा है। सदस्य देशों ने इस हमले के पीड़ित परिजनों, भारत और नेपाल सरकार के साथ गहरी सहानुभूति और संवेदना प्रकट की है। उन्होंने घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। सुरक्षा परिषद ने सभी सदस्य देशों से अंतरराष्ट्रीय कानूनों और सुरक्षा परिषद प्रस्तावों के अनुरूप तयशुदा दायित्वों को निभाने का आग्रह किया है। साथ ही, सभी



प्रशासनिक एजेंसियों (प्रासंगिक) के साथ सक्रिय रूप से सहयोग किए जाने पर बल दिया है। परिषद ने ध्यान दिलाया कि कोई भी आतंकी कृत्य आपराधिक है और इसे न्यायसंगत नहीं ठहराया जा सकता, चाहे उसे किसी ने कहीं भी, किसी भी मंशा से अंजाम दिया हो। काउंसिल ने कहा कि आतंकवादी हमलों से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए पनपते खतरों से सभी देशों को निपटने की आवश्यकता है। साथ ही कहा कि यह कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानूनों, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानूनों, अंतरराष्ट्रीय शरणार्थी कानूनों, और मानवतावादी कानूनों के अनुरूप की जानी चाहिए। स्टीफन दुजैरिक ने कहा कि महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की निंदा की है।

## ईरान का भारत-पाकिस्तान को दोस्ती का पैगाम



**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत पाकिस्तान के रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हो गए हैं। इस बीच ईरान ने दोनों देशों के बीच मध्यस्थता की पेशकश की है। तेहरान ने 13वीं सदी के एक महान फारसी कवि की कविता का हवाला देते हुए कहा कि वह क्षेत्र में तनाव कम करने में मदद करने को तैयार है। ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने भारत और पाकिस्तान को भाई जैसे पड़ोसी बताया। अराघची ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ईरान के भाई जैसे पड़ोसी हैं, जिनके बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंध हैं। अन्य पड़ोसियों की तरह, हम उन्हें अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं। तेहरान इस कठिन समय में अधिक समझ बनाने के लिए इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपने अच्छे कार्यालयों का उपयोग करने के लिए तैयार है।

## ट्रंप ने भारत-पाक तनाव पर मध्यस्थता की भूमिका से किया इनकार



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर चल रहे तनाव में अमेरिका की किसी भूमिका से इनकार कर दिया। यह बयान पहलगाम आतंकी हमले के बाद आया है। ट्रंप ने कहा कि दोनों देश इस मसले को किसी न किसी तरह सुलझा लेंगे। ट्रंप पहले अपने कार्यकाल में भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता की पेशकश कर चुके हैं, लेकिन जब उनसे रोम जाते समय पत्रकारों ने पूछा कि क्या वे इस मुद्दे पर चिंतित हैं और क्या वे दोनों देशों के नेताओं से बात करेंगे, तो उन्होंने इस बार मध्यस्थता की पेशकश नहीं की। रोम में वे पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।

ट्रंप ने मजाकिया अंदाज में कहा कि भारत-पाकिस्तान सीमा पर तनाव 1500 साल से चल रहा है। हालांकि, यह ऐतिहासिक रूप से अतिशयोक्ति है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि दोनों नेता इसे सुलझा लेंगे। मैं दोनों को जानता हूं। भारत हमेशा से अपनी सीमा विवादों में बाहरी मध्यस्थता के खिलाफ रहा है, चाहे वह पाकिस्तान के साथ हो या चीन के साथ।

## सुडोकू 6895

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | | | 1 |
| | 2 | | 5 | | 4 | 3 | | 9 |
| | | | | 6 | | | | 2 |
| | 5 | | | 8 | | 9 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 4 | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| 3 | | 2 | 9 | | 1 | | 7 | |
| 5 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 27 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 14**

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए शुभ है। परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों के साथ किसी खास कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। उत्साह के साथ नए कार्य की शुरूआत करेंगे। इस दौरान अति उत्साह से हानि न हो इसका ध्यान रखें।

वृषभ - शारीरिक तथा मानसिक रुप से आज आप चिंता में रहेंगे। चिंताओं के कारण मानसिक दबाव होगा, जिससे आपको थकान महसूस हो सकती है। परिजनों के साथ मनमुटाव हो सकता है। इससे घर का वातावरण बिगड़ सकता है।

मिथुन - परिवार में खुशी और आनंद का माहौल रहेगा। नौकरी-धंधे में आपको लाभ का समाचार मिलेगा। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विवाह योग्य जातकों के रिश्ता पक्का होने के योग है। मित्रों से विशेष लाभ होगा।

कर्क - नौकरी व्यवसाय के क्षेत्र में उच्च पदाधिकारियों के प्रोत्साहन से आपका उत्साह दुगुना होगा। वेतन वृद्धि या पदोन्नति की सूचना मिल सकती है। माता तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ अधिक निकटता रहेगी।

सिंह - आज का दिन धार्मिक कामों में गुजरने वाला है। परिजनों के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। आज पहले हाथ में आए काम को पूरा करें, फिर दूसरे काम की ओर बढ़ें। गुस्से पर संयम रखें।

कन्या - आज नए काम की शुरुआत न करें। क्रोध और वाणी पर संयम रखना आवश्यक होगा। बाहरी खाद्य पदार्थ खाने से तबीयत खराब होने की संभावना है। उनका सेवन न करें।

तुला - दैनिक कामों के बोझ से हल्का होने के लिए आज आप पार्टी, सिनेमा, नाटक या पर्यटन का आयोजन करेंगे। मित्रों को आमंत्रित करेंगे। किसी खास मित्र के साथ से आनंदित महसूस करेंगे।

वृश्चिक - आज का दिन हर तरह से सुखमय गुजरेगा। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रसन्न रहेंगे। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा।

धनु - यात्रा- प्रवास का आयोजन स्थगित रखें। कार्य निष्फलता से हताशा हो सकती है। इससे आपको क्रोध होगा। क्रोध को नियंत्रण रखने से बात अधिक नहीं बिगड़ेगी। पेट संबंधी बीमारियों से परेशानी होगी।

मकर - प्रतिकूलताओं का सामना करें। पारिवारिक क्लेश आपके मन को व्यथित करेंगे। माता का स्वास्थ्य चिंता पैदा कर सकता है। सार्वजनिक जीवन में अपयश या अपकीर्ति मान- प्रतिष्ठा को हानि पहुचाएंगे।

कुंभ - आज आपका मन बहुत राहत महसूस करेगा। शारीरिक स्वस्थता आपके उत्साह में वृद्धि होगी। पड़ोसियों और भाई बहनों के साथ अधिक मेल-मिलाप रहेगा। घर में मित्रों और स्नेहियों का आगमन आनंददायी बनेगा।

मीन - आज का दिन आर्थिक योजना बनाने के लिए बहुत अच्छा है। आप जो काम पूरा करने का निश्चय करेंगे, उसे पूरा कर सकेंगे। व्यापार में वृद्धि होगी। आपकी आय भी बढ़ेगी। सुंदर स्थान पर प्रवास पर जाने की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1526 - मुगल शासक बाबर दिल्ली के सुल्तान को पराजित कर नया बादशाह बना।

1662 - नीदरलैंड और फ्रांस ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किए।

1748 - मुगल शासक मुहम्मद शाह का दिल्ली में निधन हुआ।

1878 - कलकत्ता विश्वविद्यालय ने महिलाओं को विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में पात्रता के लिए पहली मंजूरी दी।

1908 - लंदन में चौथे ओलंपिक खेल शुरू हुए।

1941 - जर्मनी की सेना ने एथेंस (यूनान) पर कब्जा किया।

1942 - अमेरिका के ओकलाहोमा प्रांत में तूफान के कारण 100 लोग मारे गए।

1960 - नेशनल डिफेंस कॉलेज की नई दिल्ली में स्थापना।

1961 - अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने गामा किरणों के अध्ययन के लिए पृथ्वी की कक्षा में एक्सप्लोरर 11 लांच किया।

1961 - सिएरा लियोन ने ब्रिटेन से स्वाधीनता की घोषणा की।

1963 - क्यूबा के तत्कालीन प्रधानमंत्री फिदेल कास्त्रो रूस की अपनी यात्रा के दौरान राजधानी मॉस्को पहुंचे।

2011 - अमेरिका के राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने जन्म को लेकर हुए विवाद के बाद सार्वजनिक तौर पर जन्म प्रमाण पत्र की एक प्रति जारी की।

2012 - यूक्रेन के दिन्प्रोपेत्रोव्स्क में चार धमाकों में 27 मरे।

# पाक सेना प्रमुख ने फिर अलापा टू नेशन थ्योरी का राग

**इस्लामाबाद,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष (सीओएएस) जनरल सैयद असीम मुनीर ने शनिवार को एक बार फिर द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इसके पीछे मूल विचार यह है कि मुस्लिम और हिंदू दो अलग-अलग राष्ट्र हैं।

मुनीर ने ऐबटाबाद के काकुल में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी (पीएमए) में पासिंग आउट परेड को संबोधित करते हुए कहा कि द्वि-राष्ट्र सिद्धांत इस मौलिक विश्वास पर आधारित है कि मुसलमान और हिंदू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं - धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं - में हिंदुओं से अलग हैं।

पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने जोर देकर कहा कि पाकिस्तान का अस्तित्व अद्वितीय संघर्ष और कुर्बानी का नतीजा है। उन्होंने कहा कि इसकी सुरक्षा करना देश के सशस्त्र बलों का कर्तव्य है। मुनीर ने पहलगाम हमले के बाद भारत के साथ बढ़ते तनाव का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान के निर्माण के लिए बलिदान दिया। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। इस सभा को प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पहलगाम आतंकी हमले की किसी भी तटस्थ, पारदर्शी और विश्वसनीय जांच में भाग लेने के लिए तैयार है।



**मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच व आकांक्षाओं में हिंदुओं से अलग हैं : जनरल सैयद असीम मुनीर**

आतंकियों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल - पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में लोगों (ज्यादातर पर्यटक) पर अंधाधुंध गोलियां चला दी थीं। हमले में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पहलगाम हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है।

यह पहली बार नहीं है जब मुनीर ने द्वि-राष्ट्र सिद्धांत का जिक्र किया हो। पहलगाम में जघन्य हमले से कुछ दिन पहले ही पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने एक बेहद भड़काऊ भाषण दिया था।

16 अप्रैल को इस्लामाबाद में मुनीर ने पीएम शरीफ की मौजूदगी में ही प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा था कि वे यह न भूलें कि वे एक उच्च विचारधारा और संस्कृति से जुड़े हैं। पाक सेना प्रमुख ने कहा कि आपको अपने बच्चों को पाकिस्तान की कहानी जरूर बतानी चाहिए। हमारे पूर्वजों का मानना था कि हम जीवन के हर पहलू में हिंदुओं से अलग हैं। हमारे धर्म, हमारे रीति-रिवाज, परंपराएं, विचार और महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी आधार पर दो-राष्ट्र सिद्धांत की नींव रखी गई थी।

भारत ने तत्काल ही पाक सेना प्रमुख पर निशाना साधा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 17 अप्रैल को नई दिल्ली में एक नियमित मीडिया ब्रीफिंग में कहा, देखिए, कोई विदेशी चीज उनके गले की नस कैसे बन सकती है? यह भारत का एक केंद्र शासित प्रदेश है। पाकिस्तान के साथ इसका एकमात्र संबंध उस देश द्वारा अवैध रूप से कब्जाए गए क्षेत्रों को खाली करना है।

## भारत के साथ खड़े होने का समय : रॉबर्ट जॉन ब्लैकमैन

**लंदन,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। ब्रिटिश सांसद रॉबर्ट जॉन ब्लैकमैन ने पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस समय पूरी दुनिया को आतंकवाद को खत्म करने की कोशिश में भारत का साथ देना चाहिए।



हैरो ईस्ट से सांसद ने कहा कि स्पष्ट रूप से, प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर बहुत ही कड़ा बयान दिया है। सच्चाई यह है कि इन आतंकवादियों और उन सभी लोगों तक पहुंचना चाहिए जिन्होंने उनका समर्थन किया। यह भारत के खिलाफ एक संगठित आक्रमण है जिसका उद्देश्य जानबूझकर कश्मीर में पर्यटन सीजन को बाधित करना है। अपराधियों को दंडित करना ही होगा। ब्लैकमैन ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े होने का वक्त है। उन्हें भारत में सभी विपक्षी दलों का समर्थन हासिल है। अब पश्चिम की सरकारों को एकजुट होना चाहिए और जरूरत के समय भारत का समर्थन करना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आतंकवाद का यह खतरा हमेशा के लिए खत्म हो जाए। सांसद ने कहा कि इस जघन्य हमले की वजह से दुनिया की साहनुभूति भारत के साथ है।

## पाकिस्तानी अल्पसंख्यकों की स्थिति हो रही बदतर : यूएससीआईआरएफ

**न्यूयॉर्क,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के खिलाफ बढ़ते धार्मिक और राजनीतिक भय, असहिष्णुता और हिंसा के माहौल को देखते हुए, अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन से इस्लामिक गणराज्य के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की है।

आयोग ने अमेरिकी सरकार से आग्रह किया कि वह पाकिस्तानी अधिकारियों और एजेंसियों पर प्रतिबंध लगाए जो उस देश में धार्मिक स्वतंत्रता के उल्लंघन के लिए जिम्मेदार हैं। इसके अलावा, उनकी संपत्तियां जब्त की जाएं और अमेरिका में उनके प्रवेश पर रोक लगाई जाए।


धार्मिक स्वतंत्रता निकाय ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय, विशेष रूप से ईसाई, हिंदू, और शिया और अहमदिया मुस्लिम, पाकिस्तान के कठोर ईशनिंदा कानून के तहत




उत्पीड़न का मुख्य शिकार बने रहे। वे पुलिस और भीड़ की हिंसा का सामना कर रहे हैं। ऐसी हिंसा के लिए जिम्मेदार लोगों को शायद ही कभी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।

इन बार-बार होने वाली घटनाओं का मुकाबला करने के लिए, आयोग ने सरकार से अनुरोध किया कि वह पाकिस्तान को विशेष चिंता का देश (सीपीसी) के रूप में फिर से नामित करे, क्योंकि वहां धार्मिक स्वतंत्रता का व्यवस्थित, निरंतर और गंभीर उल्लंघन हो रहा है।

## वर्ग पहेली 6895



**बायें से दायें:-**

१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, शुमारी, किसी क्षेत्र की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. पासपोर्ट
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक, श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लेन-देन का हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**

१. अनियंत्रित निरंकुशहीन
२. हठात्
३. कलेवा नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्गा
११ आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा :उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान:उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

### वर्ग पहेली-6894



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**मामला** पीओके के मुजफ्फराबाद में फ्लड अलर्ट जारी होने पर पाक ने कहा

# बिना पूर्व सूचना के पानी छोड़ना भारत की चाल

**इस्लामाबाद, 26 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के मुजफ्फराबाद में शनिवार को फ्लड अलर्ट जारी किया गया। दरअसल शनिवार दोपहर झेलम नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि पाकिस्तानी अधिकारियों को बिना कोई सूचना दिए भारत की ओर से पानी छोड़ा गया। चकोठी सीमा से मुजफ्फराबाद तक झेलम नदी के किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों ने जल स्तर में तेज वृद्धि देखी, जिससे बाढ़ आने का खतरा पैदा हो गया। पाकिस्तान का दावा है कि बिना पूर्व सूचना के पानी छोड़ना भारत की चाल है।**

इस सप्ताह की शुरुआत में पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को स्थगित करने की एक कोशिश है। मुजफ्फराबाद में स्थानीय प्रशासन ने झेलम नदी के जल स्तर में अचानक वृद्धि की पुष्टि की। इसके चलते पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हट्टियन बाला क्षेत्र में जल आपातकाल की घोषणा कर दी गई।

हट्टियन बाला, गारी दुपट्टा, मझोई और मुजफ्फराबाद के स्थानीय लोगों ने जलस्तर बढ़ने की पुष्टि की। लोगों ने बताया कि मस्जिदों में चेतावनी भरी घोषणाएं की गई, जिनमें झेलम नदी के किनारे रहने वाले स्थानीय लोगों से सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा गया। घारी दुपट्टा के एक निवासी ने कहा कि चेतावनी भरी घोषणाओं ने नदी के किनारे रहने वाले निवासियों में दहशत पैदा कर दी। रिपोर्ट के अनुसार, पानी भारत के अनंतनाग से चकोठी क्षेत्र के जरिए प्रवेश कर गया।



- **हट्टियन बाला क्षेत्र में जल आपातकाल की घोषणा**
- **झेलम नदी के किनारे रहने वालों से सुरक्षित स्थानों पर जाने को कहा**

राजनीतिक विश्लेषक जावेद सिद्दीकी ने कहा कि यह अप्रत्याशित था, लेकिन सिंधु जल संधि को स्थगित करने की भारत की हालिया धमकी के बाद ऐसा होना तय था। विशेषज्ञों का कहना है कि इस्लामाबाद को सूचित किए बिना झेलम नदी में पानी खोलने के भारत के कदम से दोनों पड़ोसियों के बीच चल रहे तनाव में वृद्धि हो सकती है।

सिद्दीकी ने कहा कि यह नहीं भूलना चाहिए कि सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) तीन युद्धों और पाकिस्तान तथा भारत के बीच कई क्षेत्रीय विवादों के बीच भी जारी रही। फिर भी, भारत अब लंबे समय से चले आ रहे इस समझौते से बाहर निकलने के लिए तैयार है। इससे पहले दिन में, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहलगाम घटना की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की पेशकश की। वहीं ईरान और सऊदी अरब ने तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता की पेशकश की।

## दुनिया को जानें

### चीन ने पहली बार पृथ्वी-चंद्रमा दूरी-पैमाने पर उपग्रह लेजर रेंजिंग में सफलता प्राप्त की

**बीजिंग,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी विज्ञान अकादमी (सीएएस) के अंतरिक्ष अनुप्रयोग इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी केंद्र (सीएसयू) के मुताबिक, सीएएस की 'पृथ्वी-चंद्रमा अंतरिक्ष में डीआरओ अन्वेषण अनुसंधान' परियोजना टीम ने डीआरओ-ए उपग्रह एकल-कोने वाले शंकु परावर्तक और 1.2 मीटर व्यास वाले टेलीस्कोप ग्राउंड लेजर रेंजिंग प्रणाली के माध्यम से लगभग 3.5 लाख किलोमीटर की दूरी पर एक नई उपग्रह लेजर रेंजिंग तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। यह पहली बार है कि चीन ने पृथ्वी-चंद्रमा दूरी पैमाने पर उपग्रह लेजर रेंजिंग में सफलता प्राप्त की है।

इस नई प्रौद्योगिकी प्रयोग का आयोजन व कार्यान्वयन सीएएस के सीएसयू द्वारा किया गया। शांगहाई खगोलीय वेधशाला उपग्रह-जनित परावर्तक के अनुसंधान व विनिर्माण के लिए जिम्मेदार है, युन्नान खगोलीय वेधशाला भू-आधारित लेजर रेंजिंग प्रणाली के अनुसंधान व विनिर्माण के लिए जिम्मेदार है और चीन का सूक्ष्म उपग्रह नवप्रवर्तन अनुसंधान संस्थान उपग्रह प्लेटफॉर्म के अनुसंधान व विनिर्माण के लिए जिम्मेदार है।

# प्रादेशिकी

## गोपनियता अधिनियम का उल्लंघन करने वाले नेताओं पर कार्रवाई हो : बादल

**लुधियाना।** शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने शनिवार को लुधियाना पश्चिम के मतदाताओं से आगामी उपचुनाव में शिरोमणी अकाली दल का समर्थन करने की अपील की है ताकि गैंगस्टर कल्चर, ड्रग्ज जैसी बुराई और आतंकवाद के खात्मे का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। अकाली दल उम्मीदवार परऊपकार सिंह घुम्मण के निवास पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए अकाली दल अध्यक्ष ने कहा कि राज्य के लोगों ने कांग्रेस और आप दोनों को आजमा लिया है। उन्होने कहा कि पंजाब में सभी मापदंडों में भारी गिरावट देखी गई है और अब स्थिति ऐसी हो गई है कि आम आदमी भी सुरक्षित नही है। राज्य को अकाली दल जैसी निर्णायक सरकार की आवश्यकता है, जो राज्य में शांति बहाल करने और भाईचारक सांझ को सुनिश्चित करने के अलावा गैंगस्टरों और नशे के तस्करों का खात्मा करेगी।

### सीएम धामी ने शनिवार को ली उच्च स्तरीय बैठक

## पाकिस्तानियों को चिन्हित कर वापस भेजने के सीएम धामी ने दिए निर्देश

■ अमरनाथ तिवारी

**देहरादून,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कुछ बड़े कदम उठाए है, जिसमें एक वापसी नागरिकों को तत्काल भारत छोड़ने का आदेश है। इसी को लेकर शनिवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने अपने शासकीय आवास पर बैठक की। इस दौरान सीएम धामी ने उच्चाधिकारियों को प्रदेश में अध्यस्त पाकिस्तानी नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनको तत्काल प्रभाव से वापस भेजने की कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सीएम धामी ने कहा कि कूटरचित अभिलेखों के आधार पर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे लोगों के चिन्हीकरण में भी तेजी लाते हुए उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। अधिकारियों को प्रदेश में चल रहे सत्यापन अभियान में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। किराएदारों का सत्यापन न कराने वाले लोगों पर अर्थदंड लगाया



■ चारधाम यात्रा से पहले संदिग्धों को चिन्हित करने के दिए आदेश
■ संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी के लिए जारी किया जाएगा टोल फ्री नम्बर

जाए। इसके अलावा सीएम धामी ने पहलगाम में आतंकी हमले के देखते हुए अधिकारियों को चारधाम यात्रा मार्ग पर सुरक्षा व्यवस्था को और टाइट करने का निर्देश दिया। सीएम धामी ने कहा कि प्रदेश में चारधाम यात्रा तय समय अर्थात 30 अप्रैल से शुरू होने जा रही है। ऐसे में यात्रा मार्ग पर यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो उसके खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जाए। साथ ही मुख्यमंत्री ने आम जनता से अपील की है कि आपके आसपास यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखे तो तुरंत ही नजदीकी थाना का सूचित करें। इसके अलावा उन्होंने संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। बता दें कि बीती 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया था। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद से ही पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ आक्रोश है।

### उत्तराखंड में पाक नागरिकों के पहचान की कार्रवाई तेज

**देहरादून।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े कदम उठाए हैं। सिंधु जल संधि 1960 को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने और पाकिस्तानियों को 48 घंटे के भीतर भारत छोड़ने समेत 5 कड़े फैसलों के बाद पाकिस्तानी हुकूमत पर इन फैसलों का असर पड़ने लगा है। इसी क्रम में उत्तराखंड सरकार ने भी बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिकों के पहचान की कार्रवाई तेज कर दी है। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए जानकारी दी है। उन्होंने लिखा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सीसीएस (सुरक्षा पर कैबिनेट समिति) की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रम में प्रदेश में पाकिस्तानी नागरिकों के पहचान की कार्रवाई तेज कर दी गई है।

## नरवाल के परिवार को दिए जाएंगे 50 लाख, एक सदस्य को नौकरी : सैनी

■ मुख्यमंत्री ने आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण कृत्य की सख्त शब्दों में निंदा की है







**चंडीगढ़,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए करनाल निवासी भारतीय नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार को 50 लाख रुपये व परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की घोषणा हरियाणा सरकार ने की। यह घोषणा मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने शनिवार को की। उन्होंने कहा कि दिवंगत विनय नरवाल के माता-पिता परिवार के जिस सदस्य को चाहेंगे, उसे सरकार की नीति के अनुसार नौकरी दी जाएगी। गौरतलब है कि गत 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया था, जिसमें विनय नरवाल की मौत हो गई थी। मुख्यमंत्री ने आतंकवादियों के इस कायरतापूर्ण कृत्य की सख्त शब्दों में निंदा की है।

### पहाड़ी वन क्षेत्र में अधिक से अधिक चैक डैम बनाएं : सैनी

**चंडीगढ़,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शनिवार को वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पहाड़ी वन क्षेत्र में अधिक से अधिक चैक डैम बनाएं ताकि बारिश के दिनों में पानी का संरक्षण हो सके। इसे जहां वन के पेड़ -पौधों की पानी की आवश्यकता पूरी होगी वहीं भूजल का स्तर भी सही बनाए रखने में सहायता मिलेगी। श्री सैनी ने यहाँ 'सीएम अनाउंसमेंट' से संबंधित परियोजनाओं गृह विभाग , राजस्व , पर्यावरण , वन एवं वन्य जीव विभाग ,परिवहन समेत आधा दर्जन विभागों की परियोजनाओं की समीक्षा की , शेष विभागों की 'सीएम अनाउंसमेंट' की समीक्षा 29 अप्रैल को करेंगे। उन्होंने कहा कि चैक डैम के निर्माण में गुणवत्ता के साथ किसी भी कीमत पर समझौता न करें। उन्होंने सभी पुराने चैक डैम की वर्तमान स्थिति की जाँच करके उनकी मरम्मत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आगामी बरसात के मौसम में सड़कों के किनारे पौधारोपण कर पेड़ बनने तक उनकी देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर जिला में कम से कम दो ऑक्सीवन लगाने की योजना को मूर्त रूप प्रदान करें ताकि स्वच्छ पर्यावरण सरंक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने घग्घर नदी को पर्यावरण की दृष्टि से साफ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि कुछ स्थानों पर एसटीपी के माध्यम से गंदे पानी को साफ़ करके घग्गर में डाला जा रहा है।

### सरकार बनने पर किसानों की फसल एमएसपी पर खरीदी जाएगी : सैनी

**चंडीगढ़,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कहा कि पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनने पर किसानों की सभी फसलें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी जाएंगी। श्री सैनी ने पंजाब के डेराबस्सी में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में उनकी सरकार किसानों की सभी फसलों की एमएसपी पर खरीद कर रही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले साढ़े दस सालों में किसानों को फसलों के खराबे को लेकर हरियाणा सरकार 14500 करोड़ रुपये दे चुकी है।

**सार संक्षेप**

### सिंह ने गुरुग्राम में युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिला गुरुग्राम में आयोजित रोजगार मेला कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने नव नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। यह आयोजन देशभर में हो रहे 15वें रोजगार मेला का हिस्सा था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देशभर के 47 स्थानों पर नियुक्त हुए 51हजार से अधिक युवाओं को संबोधित किया। इससे पूर्व गुरुग्राम में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सहित उपस्थितजन ने दो मिनट का मौन रख कर पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि दी। श्री सिंह ने युवाओं को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि आज की यह नियुक्तियाँ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की रोजगार सृजन के प्रति गहरी प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।

### एथलीटों के सपनों का मैदान राजनीति का अखाड़ा न बनाएं : औजला

**अमृतसर।** पंजाब में अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला ने श्री गुरु नानक देव विश्वविद्यालय के खेल मैदान में होने वाली राजनीतिक रैली का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि एथलीटों के सपनों के इस मैदान को राजनीतिक स्थल में बदलना उचित नहीं है। सांसद ने शनिवार को बताया कि 'ड्रग्स रोको रैली' के नाम पर पंजाब सरकार की ओर से एथलेटिक्स ट्रैक पर राजनीतिक मंच बनाया जा रहा है। यह वही विश्वविद्यालय है जिसने 25 बार माका ट्रॉफी जीती है। इस समय छात्र इसी ट्रैक पर अपनी व्यावहारिक परीक्षाएं और अंतिम शैक्षणिक पेपर दे रहे हैं। उन्होने कहा कि एक तरफ मंच से नशे के खिलाफ नारे लगेंगे। दूसरी तरफ खेल की नींव को दिल्ली से लाए गए टेंट और साउंड सिस्टम के नीचे दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमृतसर में राजनीतिक सभाओं के लिए कई खुले मैदान और सार्वजनिक स्थल हैं। फिर खेल मैदान को ही क्यों चुना गया।

### खाद्य व आपूर्ति निगम से सामग्री खरीदेगा पर्यटन निगम : बाली

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने शनिवार को कहा कि निगम अब हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम से सीधे तौर पर खाद्य सामग्री एवं अन्य आवश्यक सामग्री की खरीद सुनिश्चित करेगा। श्री बाली ने शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि इस संबंध में 18 मार्च को एचपीटीडीसी और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के बीच समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किए गए हैं।

### सुडोकू 6895 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 3 |

## भाजपा कर रही नफरत फैलाने की राजनीति : धस्माना

**देहरादून,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। देर रात राजधानी के दून अस्पताल के परिसर में बनी अवैध मजार को ध्वस्त कर दिया गया। सीएम पोर्टल पर दर्ज शिकायत को प्रशासनिक जांच ने पूरा करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस मामले में कांग्रेस पार्टी की प्रतिक्रिया सामने आई है।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि दून अस्पताल परिसर में स्थित मजार को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है, इसको लेकर कांग्रेस पार्टी का यही कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लेकर पार्टी को कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन केंद्र और राज्य सरकार का एजेंडा सिर्फ मजारों और मदरसों पर कार्रवाई तक ही सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा किसी न किसी बहाने समाज में नफरत फैलाने तक ही रह गई है। सरकार का काम हिंदू मुसलमान का नैरेटिव सेट करने तक ही रह गया है। इसके अलावा सरकार के पास कोई काम नहीं रह गया है। अगर दून अस्पताल की मजार अवैध थी तो इसका जवाब उत्तराखंड का



देहरादून में दून अस्पताल परिसर की अवैध मजार ध्वस्त की गई

वक्फ बोर्ड देता, क्योंकि बोर्ड उस मजार का संचालन कर रहा था। जब से उत्तराखंड का गठन हुआ है, तब से उस मजार का तमाम मैनेजमेंट उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के अधीन था। राज्य गठन से पहले इस मजार का संचालन उत्तर प्रदेश वक्फ बोर्ड किया करता था। यह मजार अवैध थी या फिर नहीं थी, इसका जवाब वक्फ बोर्ड ही दे सकता था। बता दें कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज होने के बाद जिलाधिकारी देहरादून द्वारा इस मामले पर जांच पड़ताल किए जाने को कहा गया था।

### पाकिस्तान को घुटनों पर लाएंगे : पुरी

**चंडीगढ़,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान को घुटनों पर लाया जाएगा ताकि वह फिर कभी पहलगाम जैसे आतंकी हमले के बारे में सोच भी न सके। भारतीय चुनावी परिदृश्य बदलने की कवायद' विषय पर संगोष्ठी में कहा कि जहां पिछली सरकारें केवल आतंकवादी हमलों की निंदा कर रह जाती थीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार के समय ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि श्री मोदी अपने बयान में स्पष्ट कह चुके हैं कि पाकिस्तान को नतीजे भुगतने होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि भारत ने सिंधु घाटी ट्रीटी रद्द कर पाकिस्तान को सबक सिखाने की घोषणा की है, जो कि पहले किसी सरकार ने नहीं किया। 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विषय पर केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि चुनाव पर होने वाला खर्च सिर्फ एक पहलू है।

### मुख्य सचिव ने किया बद्रीनाथ और केदारनाथ का दौरा

## चारधाम यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

**देहरादून,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। उत्तराखंड मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने शनिवार को केदारनाथ और बदरीनाथ धाम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चारधाम यात्रा की तैयारियों का जायजा। इसके अलावा उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को यात्रा से संबंधित कुछ जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

**मंदाकिनी और सरस्वती नदियों पर बनाए गए बेली ब्रिज का भी निरीक्षण किया**

केदारनाथ धाम के कपाट आगामी दो मई को खुलने जा रहे है। कपाट खुलने से पहले शनिवार को मुख्य सचिव आनंद वर्धन केदारनाथ धाम पहुंचे। केदारनाथ धाम में सबसे पहले मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने पुनर्निर्माण कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने मंदाकिनी और सरस्वती नदियों पर बनाए गए बेली ब्रिज का भी निरीक्षण किया। मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने बताया कि पुल का कार्य पूरा हो चुका है, जिससे यात्रियों को आने-जाने में और अधिक सुविधा व सुगमता प्राप्त होगी। उन्होंने आस्था पथ पर बने रेन शेल्टरों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए इन रेन शेल्टरों में एलईडी साइनेज लगाए जाने चाहिए, ताकि यात्रियों को यह स्पष्ट जानकारी मिल सके कि शौचालय, मेडिकल सहायता और अन्य जरूरी



पुल का कार्य पूरा हो चुका है, जिससे यात्रियों को आने-जाने में और अधिक सुविधा व सुगमता प्राप्त होगी : आनंद वर्धन

सुविधाएं किस स्थान पर उपलब्ध हैं। मुख्य सचिव ने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कतार में खड़े यात्रियों को गर्म पानी की सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि वे ठंडे मौसम में भी आरामदायक अनुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने मंदिर परिसर से लेकर सरस्वती नदी के किनारे बने आस्था पथ तक की स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और वहां स्थापित शौचालयों की स्थिति को परखा। इसके साथ ही उन्होंने गढ़वाल मंडल विकास निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रा मार्ग में बने सभी कॉटेजों की मरम्मत समय पर पूरी की जाए और उनकी साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## आईएएस धीराज गर्ब्याल पर लगे सरकारी धन के दुरुपयोग मामले में हाईकोर्ट में सुनवाई

**नैनीताल,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। हाईकोर्ट ने नैनीताल के तत्कालीन जिलाधिकारी के अपने कार्यकाल के दौरान जिले के लिए जारी फंड के दुरुपयोग के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। पूरा मामला साल 2021 से 2023 के बीच का है। मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ती आलोक मेहरा की खंडपीठ ने राज्य सरकार समेत सीबीआई से जवाब पेश करने को कहा है। साथ में कोर्ट ने तत्कालीन जिलाधिकारी विपक्षी धीराज गर्ब्याल को नोटिस जारी कर उनसे अपना जवाब पेश करने को है। मामले के अनुसार नोएडा



कोर्ट ने राज्य सरकार और सीबीआई से मांगा जवाब

निवासी संजय गुप्ता ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि साल 2021 से लेकर 2023 तक नैनीताल के तत्कालीन जिलाधिकारी के जिले के लिए जारी सरकारी धन का दुरुपयोग किया है। उन्होंने इस धन का पब्लिक हित में उपयोग ना कर उसका उपयोग अपने निजी हित के लिए किया गया। शिकायत करने पर पूरे प्रकरण की जांच कैग ने की। कैग ने अपनी रिपोर्ट में माना कि सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ है। इस पर उन्होंने सरकार को भी शिकायत की और रिपोर्ट पर कार्रवाई की मांग की गई। लेकिन अभी तक सरकार ने कैग की रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की है। जनहित याचिका में पूर्व जिला अधिकारी पर आरोप लगाए गए हैं कि उन्होंने जिले के लिए जारी बजट का दुरुपयोग किया है। जैसे डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड को उन्होंने अपने निजी हितों के लिए उपयोग किया।

## अच्छे व्यवहार के साथ करें कर्तव्य का निर्वहन : एसपी

**रुद्रप्रयाग,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। केदारनाथ धाम की यात्रा को लेकर पुलिस प्रशासन ने भी कमर कस ली है। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रहलाद कोंडे ने यात्रा में तैनात पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए संबंधित ड्यूटी स्थल पर पहुंचने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित पुलिस बल की शारीरिक फिटनेस परखने के लिए पुलिस लाइन रतूड़ा मैदान में परेड का आयोजन किया गया। टोलीवार ड्रिल, शस्त्राभ्यास, विभिन्न प्रकार की चालों सहित दैनिक कर्तव्यों में उपयोग में आने वाली कवायद का अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रल्हाद कोंडे ने कहा कि यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं के साथ सौम्य, मधुर एवं व्यवहार किया जाए। व्यवहार एवं गलत आचरण के संबंध में किसी प्रकार की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। श्रद्धालुओं की ओर से पूछी जाने वाली आवश्यक जानकारी अवश्य बतायी जाएं।



■ यात्रा ड्यूटी में तैनात कार्मिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया
■ पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस कार्मिकों को ब्रीफ

नियुक्त होने वाले पुलिस बल के लिए सभी स्थलों पर आवासीय, बुनियादी सुविधाओं सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गयी हैं। उन्होंने जवानों को ड्रूटी के दौरान विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों से उचित समन्वय बनाते हुए कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए। कहा कि यात्रा ड्रूटियों को लेकर बाहरी जनपदों से भी पुलिस बल तैनात किया गया है, लेकिन यात्रा के सफल संचालन में जनपद पुलिस के नियुक्त कार्मिकों की महत्तवपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने नियुक्त पुलिस बल को स्वयं का आचरण एवं व्यवहार सही रखते हुए कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए। कहा कि कर्तव्य निर्वहन में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान मेदांता अस्पताल प्रबन्धन की ओर से केदारनाथ यात्रा ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर कैम्प लगाया गया। डॉक्टरों की टीमों ने पुलिस बल के बीपी, शुगर लेवल, ईसीजी सहित आधुनिक तकनीकों से लैस उपकरणों से स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिए। इस पहल से ड्रूटी पर नियुक्त पुलिस बल को स्वयं की फिटनेस की जानकारी होने के उपरांत ही अपने कर्तव्य पर बेफिक्र रवाना होने का अवसर मिला है।

## मलेरिया से बचाव व रोकथाम को लेकर छात्रों को किया जागरूक

### विश्व मलेरिया दिवस पर स्कूलों में गोष्ठियों का आयोजन

■ मलेरिया से बचाव के उपायों की दी जानकारी
■ किशोर स्वास्थ्य दिवस में बच्चों की बीएमआई व हिमोग्लोबिन की हुई जांच
■ तीन बच्चों में कमी पाए जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किया रेफर




**रुद्रप्रयाग,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में विश्व मलेरिया दिवस पर गोष्ठियों का आयोजन कर मलेरिया के लक्षण व उससे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। 'विश्व मलेरिया दिवस' के अवसर पर विभाग की जिला स्तरीय टीम ने राजकीय इंटर कालेज पठालीधार में जागरूकता गोष्ठी व किशोर स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया।

जागरूकता गोष्ठी में एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ शाकिब हुसैन ने कहा कि मलेरिया का मच्छर साफ पानी में ठहरता है, लिहाजा मलेरिया से बचाव के दृष्टिगत घरों के आसपास पानी जमा न होने दें। उन्होंने पानी से भरे गड्ढों को मिट्टी से भरने, पानी के बर्तन व टंकी को ढक कर रखने, नालियों में पानी न रुकने देने, नियमित सफाई करने, दरवाजों में जाली का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ठंड के साथ बुखार आना, सिरदर्द होना, जी मिचलाना, कमजोरी महसूस होना, भूख न लगना आदि मलेरिया बुखार के लक्षण हैं। उन्होंने मलेरिया के लक्षण प्रतीत होने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल निकटतम चिकित्सा केंद्र में संपर्क करने की अपील की। प्रधानाचार्य मो आसिफ ने छात्र-छात्राओं को मलेरिया रोकथाम के लिए गोष्ठी में बताए गए उपयों पर अमल करने के लिए छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं को मलेरिया रोग से बचाव से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। गोष्ठी के उपरांत विद्यालय में किशोर स्वास्थ्य दिवस का भी आयोजन किया गया, जिसमें काउंसझलर आरकेएसके ने 54 बच्चों की बीएमआई जांच तथा हिमोग्लोबिन जांच की, जिसमें से तीन बच्चों में कमी पाए जाने पर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए रेफर किया गया। सोशल वर्कर एनटीसीपी दिगपाल कंडारी ने तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। वहीं, स्वास्थ्य उप केंद्रों में एएनएम की ओर से मलेरिया से बचाव के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## शुल्क बढ़ने से व्यापारियों की माथे पर चिंता की लकीरें

**रुद्रप्रयाग,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। आर्थिक मंदी झेल रहे पहाड़ के व्यापारियों पर अब नगर निकायों के टैक्सों की मार परेशानी का सबब बनने लगी है। पहाड़ में सरकार ने कहने को तो नगर निकाय बना दिए, लेकिन इनमें न जनसंख्या का मानक पूरा है और न क्षेत्रफल का। बावजूद टैक्स और लाइसेंस शुल्क के नाम पर शहरों की तरह मानक लाद दिए गए हैं। पहाड़ में व्यापार के सीमित अवसर है। पलायन की मार झेल रहे अधिकांश बाजारों की रोजमर्रा की दुकानदारी चिंताजनक है। ऐसे में टैक्स और लाइसेंस शुल्क उन पर नया आर्थिक बोझ बनता जा रहा है। इस परेशानी को देखते हुए अगस्त्यमुनि नगर व्यापार संघ ने नगर पंचायत को पत्र लिखकर व्यापारियों की परेशानी को सामने रखा है। नगर व्यापार संघ अध्यक्ष त्रिभुवन नेगी नेगी ने कहा कि नए वित्तीय वर्ष से व्यापारियों पर यूजर चार्ज लगाया जा रहा है, जबकि इससे पूर्व लाइसेंस शुल्क भी बड़ी राशि के साथ प्रतिष्ठानों से लिया जा रहा है। वो कहते हैं बाजार की आर्थिक मंदी, ऑनलाइन शापिंग के साथ-साथ किराए-भाड़े में बढ़ोत्तरी ने पहले से ही व्यापारियों की कमर तोड़ कर रखी है, जैसे-तैसे लोग गुजर-बसर कर रहे हैं।

**नगर पंचायत अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन, आय बढ़ाने के लिए अन्य साधन ढूंढने की मांग**

# प्रादेशिकी

## ग्रामीण ने खेत में पेड़ पर फांसी लगाकर दी जान

**फर्रुखाबाद,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रामीण ने खेत में खड़े पेड़ में गमछे से फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गऊटोला निवासी 55 वर्षीय राम सिंह सुबह लगभग 8 बजे घर से खेतों की तरफ निकले। उन्होंने खेत में खड़े बकैना के पेड़ में गमछे से फांसी लगा ली। सुबह लगभग 11 बजे मृतक रामसिंह के पुत्र ग्रीश को पिता के फांसी लगा लेनें की सूचना मिली। जिस पर मृतक की पत्नी ममता आदि मौके पर आ गए। उनका रो-रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पंहुची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ अस्पताल भेज दिया। मृतक के पांच पुत्र है।

# अवैध शराब के खिलाफ छेड़ा अभियान

**लखनऊ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ जोरदार अभियान चलाया जा रहा है। आबकारी विभाग, पुलिस और अन्य प्रशासनिक इकाइयों की संयुक्त कार्रवाई ने शराब माफिया की कमर तोड़ दी है। बीते एक सप्ताह में विभिन्न जिलों में छापेमारी, वाहन चेकिंग और गोपनीय जांच के जरिए भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की गई, लहन नष्ट किया गया और अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। विभिन्न जिलों में की गई कार्रवाइ में कुल 5838.57 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। इसमें कच्ची शराब, देशी शराब और विदेशी शराब शामिल है। सबसे अधिक जब्ती लखीमपुर खीरी में हुई। यहां 325 लीटर, 310 लीटर और 300 लीटर शराब जब्त की गई। झांसी में 590 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। बीते एक सप्ताह में प्रदेश के विभिन्न जिलों जैसे मुरादाबाद, सीतापुर, उन्नाव, गोरखपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत, गोण्डा, बलरामपुर, बहराइच, हरदोई, कुशीनगर, गौतमबुद्धनगर, लखीमपुर खीरी, झांसी, रामपुर, प्रयागराज, अम्बेडकरनगर, बाराबंकी, सिद्धार्थनगर, संतकबीरनगर, मुजफ्फरनगर, ललितपुर, मैनपुरी, बस्ती, मेरठ, मिर्जापुर, श्रावस्ती, जौनपुर, सोनभद्र, फतेहपुर, हमीरपुर और बरेली में आबकारी और पुलिस की संयुक्त टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक छापेमारी की है। उदाहरण के लिए, उन्नाव में ग्राम चम्पा पुरवा, मोहान, न्योतनी, शकूराबाद, रामपुर, मवईया, केदारखेडा और रसूलपुर मझगवा में 280 लीटर अवैध शराब बरामद की गई और 700 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। इसी तरह, लखीमपुर खीरी में ग्राम गुलौली बसबिरवा, बसंतापुर, कुसमी कॉलोनी, भटपुरवा, बाईकुआं रहजनिया, नयागांव और जमुनिया काढीले में 300 लीटर अवैध शराब जब्त की गई और 1270 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। इसी प्रकार गोरखपुर, सुल्तानपुर, पीलीभीत और देवरिया जैसे जिलों में ईंट-भट्ठों पर अवैध शराब के उत्पादन की जानकारी मिली। आबकारी टीमें ने इन क्षेत्रों में सघन छापेमारी की। गोरखपुर-देवरिया में 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई और 100 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। सुल्तानपुर में ग्राम चंदौर और ईंट-भट्ठों पर 35 लीटर अवैध शराब जब्त की गई और 150 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। मुरादाबाद में सहायक आबकारी आयुक्त (ईआईबी) ने उत्तराखंड और मुरादाबाद बॉर्डर पर वाहनों की सघन चेकिंग की, ताकि अवैध शराब की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। इसी तरह, बिजनौर-मुरादाबाद बॉर्डर और दिल्ली-मुरादाबाद जीरो पॉइंट पर भी वाहनों की जांच की गई। उन्नाव में आगरा एक्सप्रेस-वे पर जोगी कोट अंडरपास के पास दो कारों से 134.97 बल्क लीटर हरियाणा की विदेशी शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई में तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। मुरादाबाद के मुंढा पांडेय टोल पर आबकारी टीम ने वाहनों की गहन चेकिंग की।

यह कार्रवाई अवैध शराब की अंतरराज्यीय तस्करी को रोकने में प्रभावी रही। ऐसी कार्रवाई ने तस्करों के लिए अवैध शराब का परिवहन मुश्किल कर दिया है।



- आबकारी विभाग और अन्य विभागों की संयुक्त कार्रवाई ने तोड़ी शराब माफिया की कमर
- एक सप्ताह में विभिन्न जिलों में की गई कार्रवाई में 5838.57 लीटर अवैध शराब जब्त

### लहन को भी बड़े पैमाने पर किया गया नष्ट

अवैध शराब के उत्पादन में उपयोग होने वाले लहन को भी बड़े पैमाने पर नष्ट किया गया। कुल 16280 किलोग्राम (162.8 क्विंटल) लहन को मौके पर नष्ट किया गया। लखीमपुर खीरी में 1950 किलोग्राम और 1750 किलोग्राम लहन नष्ट करने की बड़ी कार्रवाई की गई। झांसी में 1000 किलोग्राम और हरदोई में 900 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। अभियान के दौरान कुल 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्नाव में तीन महिलाओं और चार अन्य लोगों को गिरफ्तार किया गया। झांसी में दो महिलाओं, पीलीभीत में एक व्यक्ति, गौतमबुद्धनगर में तीन लोग, ललितपुर में तीन लोग, हमीरपुर में तीन लोग और फतेहपुर में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, उन्नाव में तीन तस्करों को विदेशी शराब के साथ पकड़ा गया। रामपुर और मुजफ्फरनगर में जिला आबकारी अधिकारियों ने मदिरा दुकानों का औचक निरीक्षण किया। रामपुर में बिलासपुर के थोक अनुज्ञापन और मदिरा दुकानों की जांच की गई, जहां विक्रेताओं को ओवररेटिंग के खिलाफ कड़ी चेतावनी दी गई और 100 प्रतिशत बिक्री पॉज मशीन से करने के निर्देश दिए गए। मुजफ्फरनगर में मोरना चीनी मिल और देशी-कम्पोजिट दुकानों की जांच की गई, जहां शीरे की मात्रा का भौतिक सत्यापन किया गया और दुकानों को रेट लिस्ट, टोल-फ्री नंबर और क्यूआर कोड प्रदर्शित करने के निर्देश दिए गए। आबकारी टीमों ने विभिन्न जिलों में गोपनीय टेस्ट परचेज के जरिए ओवररेटिंग और अवैध बिक्री की जांच की।

# उत्तर प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने को फैम ट्रिप

**लखनऊ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के पर्यटन स्थल दुनियाभर के पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इसी कड़ी में विभाग द्वारा ग्रामीण पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विशेष फैमिलियराइजेशन ट्रिप (फैम ट्रिप) का आयोजन किया गया। फैम ट्रिप के तहत प्रतिभागियों को उत्तर प्रदेश के विभिन्न ग्रामीण पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराया गया, जिसमें उन्हें राज्य की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्प, स्थानीय खानपान और लोककला की झलक देखने को मिली। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन संभावनाओं को उजागर करना एवं स्थानीय समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। फैम ट्रिप में शामिल सदस्यों को चार दिवसीय यात्रा (आज से 29 अप्रैल, 2025 तक) के पहले दिन मथुरा जनपद के जैत गांव ले जाया गया। प्रतिभागियों ने गांव में सक्रिय स्वयं सहायता समूह, स्थानीय संस्कृति और हस्तशिल्प आदि को करीब से देखा। सदस्यों ने मिट्टी के बर्तन बनाने, पारंपरिक खिलौनों की रचना, लड्डू गोपाल की पोशाक तैयार करने और तुलसी माला बनाने की प्रक्रिया को करीब से अनुभव किया। इन सभी गतिविधियों से जुड़ी स्थानीय महिलाओं से संवाद कर दल ने उनकी भूमिका, कौशल और आजीविका पर विस्तार से जानकारी ली। फैम ट्रिप दल का यह अनुभव ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं को उजागर करने में सहायक सिद्ध होगा। फैम ट्रिप में शामिल ब्रिटेन से आई हुई कम्युनिटी टूरिज्म सलाहकार और कहानीकार एलिसा स्पैम्पिनाटो तथा पत्रकार पूनम गुप्ता ने मथुरा जनपद के ग्रामीण परिदृश्य की सुंदरता को नजदीक से देखा। कालिया नाग मंदिर में एक विशेष गाइडेड स्टोरी टेलिंग सत्र का भी हिस्सा बने। इस सत्र में प्रतिभागियों ने मंदिर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व को जानने के साथ-साथ उससे जुड़ी लोक कथाओं और प्रसंगों को सुना। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण सांस्कृतिक धरोहर को जनसामान्य तक पहुंचाना और स्थानीय इतिहास के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



- प्रदेश के जैत, कछपुरा, भावंत, सहन और सिकरपुर गांव का करेंगे भ्रमण, तलाशेंगे ग्रामीण पर्यटन की संभावनाएं

## सार संक्षेप

### आईपीएल सट्टेबाजी गिरोह का भंड़ाफाड़, छह गिरफ्तार

**मवाना।** थाना मवाना पुलिस ने शुक्रवार देर रात एक बड़ी कार्रवाई करते हुए आईपीएल सट्टेबाजी में लिप्त गिरोह का भंड़ाफोड़ कर दिया। पुलिस ने मौके से 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से सट्टा लगाने में इस्तेमाल होने वाले 3 लेपटॉप, 3 टैबलेट, 16 मोबाइल फोन, 12 बुकिंग चार्ट, 7 रजिस्टर, कैलकुलेटर, डायरी, पेन, चेक बुक, टीवी और एसी के रिमोट समेत बड़ी संख्या में इलेक्ट्रॉनिक और कागजी सामग्री बरामद की गई है। मुखबिर की सूचना पर मवाना पुलिस ने डाक खाने वाली गली स्थित अमित जैन के घर और अटोरा बाईपास स्थित तालिब कॉलोनी में समीम के घर पर छापेमारी की। अमित जैन के घर से वासु जैन, सुजल जैन और कपिल को गिरफ्तार किया गया जबकि समीम के घर से समीम, शाहरूख और बबलू उर्फ हरिमोहन को पकड़ा गया।

### भारतीय आईडी होने पर महिला को बॉर्डर से वापस भेजा

**मेरठ।** सरधना थाना क्षेत्र के मोहल्ला गोसियान की रहने वाली सना को बॉर्डर से वापस भेज दिया गया। सना की शादी कुछ वर्ष पूर्व पाकिस्तान के डॉ. ताहिर से हुई थी। ढाई साल बाद अपने दो बच्चों के साथ भारत अपने मायके आई थी, लेकिन पहलगाम में हुए हमले ने उसकी मुशकिलें बढ़ा दी। सना के दो बच्चे हैं जिनकी आईडी पाकिस्तान में बनी है उधर सना की शादी के 9 वर्ष पूरे होने पर पाक आईडी बनाई जा सकती है। अभी उसके पास भारत की आईडी होने के कारण बॉर्डर से वापस भेज दिया। सना का कहना है कि वह अपने छोटे बच्चों को अकेले नहीं भेज सकतीं। फिलहाल उनके पास 35 दिन का वीजा है। सना अपने पति के पास जाना चाहती हैं।

### लोक अदालत में 963 मामलों का हुआ निस्तारण

**मेरठ।** सिविल जज प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जिला न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मेरठ रजत सिंह जैन के मार्गदर्शन में विद्युत अधिनियम 2003 के अन्तर्गत शमनीय दाण्डिक एवं आपराधिक मामलों का निस्तारण किये जाने हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया।

### आईएएस नहीं बनी तो युवती ने दी जान

**मेरठ।** सिलेक्शन नहीं होने पर युवती उसी दिन फंदे से लटक गई। 4 दिन तक लाश सड़ती रही। घर से बदबू आने पर पड़ोसियों ने परिजनों और पुलिस को जानकारी दी। मामला गंगानगर थाना क्षेत्र के ग्रेटर गंगा कॉलोनी का है। घटना के समय परिवार महोबा गया था। मूलरूप से महोबा के रहने वाले कांता प्रसाद शुक्ला ठेछस् के क्लड पद से रिटायर्ड हैं। बेटी प्रियंका (40) के साथ ग्रेटर गंगा कॉलोनी में परिवार के साथ रहते हैं। उनके दो बेटे हैं। जिनकी शादी हो चुकी है। बेटे गुड़गांव और पुणे में नौकरी करते हैं। प्रियंका की अभी शादी नहीं हुई थी। वह पै। की तैयारी कर रही थी। पड़ोसियों ने बताया कि 12 अप्रैल को कांता प्रसाद और उनकी पत्नी महोबा चले गए थे।

# मानव श्रृंखला बनाकर आक्रोश रैली निकली

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 27 निर्दोष लोगों की जघन्य हत्या के विरोध में सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एक किलोमीटर लंबी मानव श्रंखला बनाकर आक्रोश रैली निकली गई जो विश्वविद्यालय परिसर के समस्त महाविद्यालयों, आवासीय परिसर एवम अन्य स्थानों से होती हुई प्रशासनिक भवन तक पहुंची। इसके पश्चात दो मिनट का मौन धारण करके समस्त मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विश्वविद्यालय के समस्त महाविद्यालय के छात्रों, शैक्षणिक तथा गैर शैक्षणिक कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा इस रैली में प्रतिभाग किया गया तथा इस इस जघन्य हत्याकांड की कड़े शब्दों में निंदा की गई। कुलपति डॉक्टर के.के. सिंह ने सभी मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सभी से आह्वान किया कि इस प्रकार की आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए हम सबको एकजुटता का प्रदर्शन करना चाहिए तथा हम सभी भारत सरकार से मांग करते हैं कि इस घटना को अंजाम देने वाले एवं इस षड्यंत्र में शामिल व्यक्तियों को कठोरतम सजा मिलनी चाहिए।




# आतंकवादी हमले के विरोध में मेरठ बंद का दिखा व्यापक असर


**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। व्यापारियों ने पहलगाम में हुई हिंदुओं की हत्या के विरोध में बाजार बंद रखा। जनपद मेरठ में इसका व्यापक असर दखेने को मिला। वहीं देहात क्षेत्र में भी व्यापारियों ने अपनी दुकानें नहीं खोलीं। व्यापारियों ने पहलगाम में हुई घटना पर भारी विरोध जताया। बंद के दौरान व्यापारियों ने कायराना हमले की कड़ी निंदा की। व्यापारियों ने कहा कि जिस तरह से घटना को अंजाम दिया गया है और घूमने गए पर्यटकों को जान गवानी पड़ी वह अत्यंत निंदनीय है। इसी रोष के चलते व्यापारियों ने पूरे दिन बाजार बंद रखने पर पूरा जोर दिया। जिसका असर पूरी तरह दिखा। व्यापारियों ने बाजार की दुकान बंद करने के साथ-साथ आतंकवाद का पुतला भी फुका और आक्रोश रैली निकाली। वहीं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। शहर के अलग-अलग बाजारों में व्यापारियों ने दुकान बंद रखकर रोष प्रकट किया। वहीं सरधना थाना क्षेत्र के गांव कपसाड़ में पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में सभी विद्यालय बंद रहे। स्थानीय लोगों और छात्रों ने एकजुट होकर आतंकवाद का विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान का पुतला दहन किया। इस दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। विद्यार्थियों ने स्कूल बंद रखकर इस विरोध प्रदर्शन में भाग लिया व आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

- बंद के दौरान व्यापारियों ने की कायराना हमले की कड़ी निंदा



# सादुल्लपुर गांव को ग्राम प्रचायत में शामिल करने की मांग

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। खरखौदा क्षेत्र के गांव सादुल्लापुर उर्फ चन्दपुरा के ग्रामीणों का दशकों से किया गया संघर्ष सफल होता दिख रहा है। शुक्रवार को ग्राम प्रधान आरती का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा। इस दौरान राकेश कुमार ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि गांव सादुल्लापुर उर्फ चन्दपुरा को विकास खण्ड खरखौदा की ग्राम प्रचायत में शामिल किया जाए। जिससे ग्रमीणों को सरकारी सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। गांव में विकास कार्य होने से ग्रमीणों को राहत मिलेगी। गांव को ग्राम पंचायत में शामिल न होने से काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसमें राशन कार्ड व जन्स प्रमाण पत्र व मृत्यु प्रमाण पत्र तक नहीं बन रहे है। विकास खण्ड व नगर पंचायत की ओर से काई समाधान नहीं किया जा रहा है। ये दोनों गांव नगर पंचायत की भूमि पर बसे हुए है। ज्ञापन ये भी बताया गया कि नगर पंचायत ने अपना प्रस्ताव विकास खण्ड को भेज दिया है, लेकिन आज तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। जिलाधिकारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।



# जनपद की रैंकिंग सुधार के लिए दिए कार्रवाई के निर्देश



- जिलाधिकारी ने की परियोजनाओं की समीक्षा

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डा. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के माध्यम से विभिन्न विभागों की योजना एवं परियोजनाओं की प्रगति, रुपए 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में दुग्ध विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ, गृह एवं गोपन, कारागार, चिकित्सा शिक्षा, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, नमामि गंगे एवं जलापूर्ति विभाग के अंतर्गत किए जा रहे निर्माण कार्यों यथा-राजकीय इंटर कालेज माछरा, थाना सरूरपुर में 48 क्षमता के हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष का निर्माण, पुलिस लाईन में बहुउद्देशीय आडिटोरियम का निर्माण, जिला कारागार में टाइप-2 के 24 नग आवासीय भवनो का निर्माण, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मेरठ नगर क्षेत्र में ऐकेडमिक ब्लॉक एवं बालिका छात्रावास भवन निर्माण आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्माण कार्यों में मानक, गुणवत्ता एवं कार्य प्रगति की जांच के लिए अधिकारियों को निरीक्षण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अंतर्गत पं. दीन दयाल उपाध्याय सोलर स्ट्रीट लाईट योजना, भवन निर्माण, फैमिली आईडी, निपुण परीक्षा आंकलन, प्रोजेक्ट अलंकार, पर्यटन, आपरेशन कायाकल्प आदि की समीक्षा करते हुए जनपद की रैंकिंग में और सुधार लाए जाने हेतु अधिकारियो को निर्देशित किया गया।

# सरस्वती शिक्षा केंद्र का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**मवाना,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सरस्वती शिक्षा केंद्र उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिलोना मवाना मेरठ में परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा सभी छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की छात्र रोहन ने 91 परसेंटेज के साथ प्रथम स्थान आर्य नगर 88 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान आदि नगर 86 परसेंट के साथ तृतीय स्थान तथा हर्ष 86 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया और विद्यालय का नाम रोशन किया रोहन ने गणित विषय में 100 में से 99 तथा आर्यन ने साइंस में 100 में से 98 स्कूल का गौरव बढ़ाया छात्र सफल भाटी वंश पायल तनु अंशिका आयुषी राखी खुशी निशा आदि ने चौथा स्थान प्राप्त किया आर्यन मोंटी गिरी आदित्य प्रिंस आदि ने पांचवा स्थान प्राप्त किया इस मौके पर प्रधानाचार्य अंकुश शर्मा एवं समस्त अध्यापक तुषार सर अंकित सर आकाश सर राजीव सर सौरभ शर्मा कोमल मैंम प्रियंका मैंम वाणी मैम मोनिका मैम आरजू मैंम प्राची मैम एवं अनिल कुमार शर्मा जी ने बच्चों को पुरस्कार देकर एवं मिठाई वितरित करके आगे बढ़ाने की प्रेरणा देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।



# जिनोमिक फाउंडेशन नई दिल्ली संग कृषि विवि ने किया करार

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर के के सिंह तथा दा जिनोमिक फाउंडेशन नई दिल्ली के अध्यक्ष प्रोफेसर एन.के. सिंह ने शोध के क्षेत्र में कार्य करने के लिए एम ओयू पर हस्ताक्षर किए इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रोफेसर के.के. सिंह ने कहा की जलवायु परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए विज्ञान को शोध कार्य करने होंगे उन्होंने बताया अब समय आ गया है नई-नई प्रजातियां को विकसित किया जाए जिससे कम पानी और कम लागत में किसानों को अच्छी उपज प्राप्त हो सके उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों को जल्द से जल्द नई प्रजातियां एवं तकनीकियां विकसित करके दी जाएं जिससे किसानों को लाभ हो सके जिनोमिक फाउंडेशन के प्रेसिडेंट डॉ एन के सिंह ने कहा कि जिनोम एडिटिंग के द्वारा नई प्रजातियां में जल्द से जल्द सुधार किया जा सकता है इस क्षेत्र में वह विश्वविद्यालय के साथ मिलकर कार्य करेंगे जिससे प्रजातियों को सुधारने और विकसित करने में कम समय लगेगा।

प्रोफेसर आर एस सेंगर ने बताया कि जिनोमिक फाउंडेशन के प्रेसिडेंट डॉ. एनके सिंह का धान अनुसंधान के क्षेत्र में तथा अरहर आम डालनी फसलों आदि प्रजातियों के सीक्वेंस करने में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर योगदान दिया है इसका लाभ विश्वविद्यालय को मिल सकेगा जिसका सीधा फायदा पश्चिम उत्तर प्रदेश के किसानों का होगा कुलपति प्रोफेसर के के सिंह द्वारा उठाये गये इन कदमों से आने वाले समय में कृषि उत्पादन तथा अनुसंधान के क्षेत्र में एक नई दिशा मिल सकेगी।



**बैठक** *उत्तर प्रदेश विस की प्राक्कलन समिति की प्रथम उप समिति ने की जनपद स्तरीय अधिकारियों संग बैठक*

# विकास कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि की सहभागिता की जाए सुनिश्चित : अमित अग्रवाल

**मेरठ,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति की प्रथम उप समिति के सभापति अमित अग्रवाल की अध्यक्षता में खाद्य एवं रसद विभाग, नगर विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पर्यटन विभाग, समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन विभाग, प्रोबेशन विभाग, एनएचएआई, जल निगम, तथा सिंचाई विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियो के साथ बैठक आहूत की गई।

- समिति ने समस्त एनएच के सर्विस रोड अविलम्ब बनाए जाने के दिए निर्देश

उक्त विभागों के विकास कार्य, राजस्व आय-व्यय, बजट प्राप्ति, प्राकलन व्यय की समीक्षा कर निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने सभापति व सदस्यो को शॉल व मोमेन्टो देकर सम्मानित किया। सभापति ने समस्त विभागों की बिन्दुवार समीक्षा की। सभापति ने विभागीय कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी हो या जनप्रतिनिधि सभी का मूल उद्देश्य अंततः जनता को लाभ पहुंचाना होता है, समस्त अधिकारी जनप्रतिनिधि के क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों में जनप्रतिनिधि की सहभागिता सुनिश्चित करें तथा विकास कार्यों की जानकारी संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि को उपलब्ध कराएं एवं उद्घाटन/शिलान्यास कार्यक्रमों में संबंधित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित किया जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की अवहेलना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद्य एवं रसद विभाग को निर्देशित किया गया कि दुकानों का आबंटन नियमानुसार किया जाए, जो दुकान निरस्त हो जाती है उस क्षेत्र का राशन वितरण अटैच की गई दुकान पर ना करके उसी क्षेत्र में चिन्हित स्थान पर वितरित किया जाए, जिससे कि संबंधित क्षेत्र की जनता को खाद्यान्न आसानी से प्राप्त हो सके। पर्यटन विभाग द्वारा जनपद में कराये जा रहे कार्यों के संबंध में जनपद के वरिष्ठ अधिकारी व जनप्रतिनिधियों को विभागीय अधिकारी द्वारा जानकारी न उपलब्ध कराए जाने पर समिति ने चिन्ता व्यक्त की। समिति ने पर्यटन स्थलों पर कराए जा रहे विकास कार्यों का जनपद स्तरीय कमेटी से भौतिक सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। एनएचएआई की समीक्षा करते हुए समिति ने समस्त एनएच के किनारे सर्विस रोड खराब होने पर चिन्ता व्यक्त की। समिति ने संस्तुति करते हुए सभी एनएच के किनारे के सर्विस रोड अविलम्ब बनाए जाने के निर्देश दिए। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेसवे पर परतापुर इंटरचेंज पर वाहनों के घुमाव के लिए पर्याप्त स्पेस बनाये जाने तथा साईनेज लगाए जाने के निर्देश दिए। एनएच-58 परतापुर क्षेत्र में स्पर्शमूक बधिर विद्यालय पर दिव्यांगजनो की सुविधा हेतु फुटओवर ब्रिज बनाए जाने के निर्देश दिए। साथ ही समिति द्वारा ग्राम्य विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, प्रोबेशन विभाग आदि विभागो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी डा. वीके सिंह ने समिति को आश्वस्त करते हुए कहा कि समिति ने जो भी सुझाव निर्देश दिए है उनका प्राथमिकता पर अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस अवसर पर सदस्य शाहिद मंजूर, सदस्य डा. मंजू सिवाच, सीडीओ नूपुर गोयल, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, संयुक्त निदेशक पर्यटन प्रीति श्रीवास्तव, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी रेनू श्रीवास्तव, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुनील कुमार सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, जिला पूर्ति अधिकारी विनय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग दीपेन्द्र कुमार, पीडी एनएचएआई, सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।







### श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाएंगे विक्रांत मैसी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी सिल्वर स्क्रीन पर आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाते नजर आएंगे। विक्रांत मैसी जल्द ही बड़े पर्दे पर वापसी करेंगे। वह अपनी नई फिल्म 'व्हाइट' में आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का किरदार निभाते नजर आएंगे। फिल्म 'व्हाइट' एक ग्लोबल थ्रिलर होगी, जो कोलंबिया 52 साल लंबे चले खूनी गृहयुद्ध को दिखाई। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे श्री रविशंकर ने उसे सुलझाया था। फिल्म 'व्हाइट' को सिद्धार्थ आनंद, महावीर जैन और पीसक्राफ्ट पिक्चर्स के साथ मिलकर बनाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन जानेमाने ऐड फिल्ममेकर मंटू बासी करेंगे। कहा जा रहा है कि फिल्म का शूट इसी साल जुलाई में शुरू होगी।

स्वास्थ्य को लेकर वैज्ञानिकों ने अध्ययन में किया खुलासा

# एंटीबायोटिक के उपयोग से भी आंत के बैक्टीरिया में बन सकती है प्रतिरोधक क्षमता


- 'सिप्रोफ्लॉक्सासिन' नामक एंटीबायोटिक पर ध्यान केंद्रित
- रिसर्च में वैज्ञानिकों ने 60 स्वस्थ इंसानों पर लंबा अध्ययन किया



**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (एएमआर) यानी संक्रमणों के इलाज में दवाइयों के असर कम होने की समस्या आज दुनिया भर में एक बड़ी स्वास्थ्य चिंता बन चुकी है। हर साल लाखों लोगों की मौत इसी वजह से होती है। एक नई रिसर्च में पता चला है कि थोड़े समय तक एंटीबायोटिक लेने से भी हमारे पेट के बैक्टीरिया में लंबे समय तक रेसिस्टेंस (प्रतिरोधक क्षमता) बन सकती है।

अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इस अध्ययन में 'सिप्रोफ्लॉक्सासिन' नामक एंटीबायोटिक पर ध्यान केंद्रित किया। यह दवा शरीर के कई हिस्सों के बैक्टीरियल संक्रमण के इलाज में काम आती है। रिसर्च में पाया गया कि सिप्रोफ्लॉक्सासिन कई अलग-अलग बैक्टीरिया प्रजातियों में स्वतंत्र रूप से रेजिस्टेंस पैदा कर सकता है और यह असर दस सप्ताह से ज्यादा समय तक बना रह सकता है। एएमआर का मुख्य कारण एंटीबायोटिक दवाओं का जरूरत से ज्यादा या गलत इस्तेमाल है। पहले के अध्ययन लैब में या जानवरों पर किए जाते थे, लेकिन इस नई रिसर्च में वैज्ञानिकों ने 60 स्वस्थ इंसानों पर लंबा अध्ययन किया और देखा कि कैसे एंटीबायोटिक के बाद बैक्टीरिया में बदलाव आते हैं। यह शोध 'नेचर' नामक पत्रिका में छपा है। शोधकर्ताओं ने 60 स्वस्थ वयस्कों को पांच दिन तक दिन में दो बार 500 मिलीग्राम सिप्रोफ्लोक्सासिन लेने को कहा। उन्होंने प्रतिभागियों के मल सैंपल लिए और एक कंप्यूटर तकनीक से 5,665 बैक्टीरियल जीनोम का विश्लेषण किया, जिसमें 23 लाख से ज्यादा जेनेटिक बदलाव (म्यूटेशन) पाए गए। इनमें से 513 बैक्टीरिया समूहों में 'जीवाईआरए' नामक जीन में बदलाव पाया गया, जो फ्लोरोक्विनोलोन नामक एंटीबायोटिक समूह से रेजिस्टेंस बनाने से जुड़ा है। फ्लोरोक्विनोलोन ऐसे एंटीबायोटिक्स हैं जो बैक्टीरिया के डीएनए बनाने की प्रक्रिया को बाधित कर उन्हें मारते हैं।ज्यादातर म्यूटेशन हर व्यक्ति के शरीर में अलग-अलग तरह से अपने आप बन गए। करीब 10 प्रतिशत बैक्टीरिया, जो पहले दवा से मर सकते थे, उनमें अब रेजिस्टेंस बन गई। यह रेजिस्टेंस दस हफ्ते बाद भी बनी रही। खास बात यह रही कि जिन बैक्टीरिया की संख्या पहले से ज्यादा थी, उन्हीं में रेजिस्टेंस बनने की संभावना अधिक थी। वैज्ञानिकों ने कहा कि यह अध्ययन दिखाता है कि सिप्रोफ्लोक्सासिन के थोड़े समय के इस्तेमाल से भी पेट के बैक्टीरिया में रेजिस्टेंस विकसित हो सकती है।

# सिर्फ तीन मिनट की मध्यम सक्रियता से भी बुजुर्गों में कम हो सकता है दिल संबंधी बीमारियों का खतरा



**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि दिन में केवल तीन मिनट की हल्की-फुल्की गतिविधि भी बुजुर्ग लोगों में दिल का स्वास्थ्य बेहतर बनाने में योगदान दे सकती है। पहले के अध्ययन से यह साबित हुआ है कि जैसे ही लोगों की उम्र बढ़ती है, वे शारीरिक गतिविधियों में बहुत ज्यादा सक्रिय नहीं रहते हैं, जिससे उन्हें कार्डियोवैस्कुलर समस्याएं बढ़ सकती हैं।

यूके और ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने एक नए अध्ययन में पाया कि घर के रोज़मर्रा के काम या शॉपिंग करना जैसी छोटी लगने वाली चीजें भी शारीरिक सक्रियता को बढ़ाती हैं और स्वास्थ्य को बढ़ावा दे सकती हैं। आकस्मिक शारीरिक गतिविधि (आईपीए) में दैनिक जीवन की गतिविधियां शामिल हैं और इसमें भोजन तैयार करना, घर को साफ रखना, लॉन की घास काटना या बागवानी करना शामिल है।

यूनिवर्सिटी ऑफ सिडनी के शोधकर्ताओं ने कहा कि दैनिक आईपीए या हल्की-फुल्की गतिविधियों के जरिए दिल की बीमारियों में राहत पाई जा सकती है। यह खासकर उन लोगों के लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है जो सही तरीके से निर्धारित की गई एक्सरसाइज नहीं कर पाते। जर्नल सर्कुलेशन में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, टीम ने 24,139 लोगों के डेटा का विश्लेषण किया। इन लोगों ने कलाई पर मॉनिटर्स बांधे थे, जिससे उनकी गतिविधियों को ट्रैक किया जा सके। यह ऐसे लोग थे जो एक्सरसाइज नहीं करते थे। इन लोगों के आंकड़ों की तुलना उन लोगों से की गई जो नियमित रूप से मध्यम स्तर की शारीरिक गतिविधि करते थे, और उन लोगों से भी की गई जो कम या ज्यादा सक्रिय थे।

अध्ययन में पाया गया कि जो लोग रोजाना थोड़ी-बहुत मध्यम स्तर की शारीरिक गतिविधियां करते थे, उन्हें हृदय संबंधी बीमारी होने या उससे मरने का खतरा कम था।

विशेष रूप से, टीम ने पाया कि जो लोग दिन में कम से कम तीन मिनट के लिए मध्यम रूप से सक्रिय रहते थे, उनमें दिल का दौरा, स्ट्रोक या अन्य हृदय संबंधी घटनाओं की संभावना कम हो जाती थी।

शोधकर्ताओं ने कहा कि जरूरी यह है कि हर दिन कई बार थोड़ी-थोड़ी देर के लिए शारीरिक गतिविधि करने की कोशिश की जाए।

# स्कॉलर्स अवार्ड कार्यक्रम में विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित





**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। स्वर्ण नगरी स्थित जी डी गोयंका पब्लिक स्कूल में छात्रों का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। स्कॉलर्स अवार्ड के मुख्य अतिथि डॉ. स्मिता शर्मा,भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राष्ट्रीय संस्थान से जुड़ी हुई हैं और आईईईई उत्तर प्रदेश अनुभाग की डब्ल्यूआईई अध्यक्ष के रूप में कार्य करती हैं।) एवं हॉल ऑफ फेम पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. सुमन अवधेश यादव, आईआईएलएम विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से की गई, तदुपरान्त विद्यालय के छात्रों ने अनेकानेक रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने लोगों का मनमोह लिया। मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या के द्वारा पुरस्कार वितरण समारोह जिसके अंतर्गत अंतर सदनीय खेल संवर्धन एवं विभिन्न विषयों के संवर्धन प्रतियोगिता में श्रेणी गत छात्रों का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा छात्रों को कामयाबी हासिल करने के लिए अनेक सुझाव दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेणू सहगल के द्वारा छात्रों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएँ दी गई।

# आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है : वामिका गब्बी



**मुंबई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। बॉलीवुड एक्ट्रेस वामिका गब्बी अपनी अपकमिंग फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म को लेकर फैंस जितना उत्सुक हैं, उतना ही एक्साइटेड वह अभिनेत्री की पोस्ट को लेकर भी दिखाई देते हैं। इस कड़ी में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की और लिखा कि वह थोड़ी कंफ्यूज्ड हैं। वामिका ने इंस्टाग्राम पर कई फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में उनका क्लोज-अप शॉट है। वामिका ने ब्लैक कलर का टॉप पहना हुआ है और बालों को खुला छोड़ा हुआ है। इन फोटोज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा कि आपकी प्रेमिका आज थोड़ी कंफ्यूज्ड सी है पर दिल में प्यार बरकरार है।

कैप्शन में उन्होंने वाइट हार्ट और पिंक फ्लावर इमोजी का भी इस्तेमाल किया है। भूल चुक माफ के बारे में बात करते हुए, मेकर्स ने फिल्म का हाल ही में नया गाना चोर बाजारी फिर से रिलीज किया, जिसमें वामिका राजकुमार संग रोमांस करती नजर आईं। इस गाने को सुनिधि चौहान और नीरज श्रीधर ने गाया है। वहीं, कंपोज प्रीतम और तनिष्क बागची ने किया है। यह गाना सैफ अली खान की फिल्म लव आज कल के सॉन्ग चोर बजारी का रीमेक है, जिसमें वह दीपिका पादुकोण के साथ नजर आए थे। फिल्म में राजकुमार रंजन तिवारी और वामिका गब्बी तितली मिश्रा के किरदार में हैं। दोनों की केमिस्ट्री देखने लायक है। गाने को लेकर वामिका गब्बी ने कहा कि चोर बाजारी फिर से एक बेहतरीन गाना है! इसमें ड्रामा है, डांस है और हर बीट में तितली की मजेदार शरारत है। मुझे लगता है कि दर्शकों को गाने में रंजन और तितली की मस्ती पसंद आएगी। यह मजेदार है। फिल्म में राजकुमार और वामिका के अलावा जाकिर हुसैन, रघुबीर यादव, संजय मिश्रा और सीमा पाहवा लीड रोल में नजर आएंगे। इसका निर्देशन करण शर्मा ने किया है।

# एआर रहमान पर लगा 'शिव स्तुति' धुन चोरी का आरोप

- 2 करोड़ का जुर्माना, अदालत ने भेजा नोटिस




**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर एआर रहमान एक बार फिर गलत वजह से सुर्खियों में आ गए हैं। दिल्ली हाईकोर्ट ने धुन कॉपी के आरोप में उनके और फिल्म प्रोडक्शन कंपनी मद्रास टॉकीज पर दो करोड़ रुपए का जुर्माना ठोका है। मामला ऐश्वर्या राय बच्चन की फिल्म 'पोन्नियन सेलवन 2' के गाने 'वीरा राजा वीरा' से जुड़ा है। कोर्ट ने रहमान को इस मामले में नोटिस भेज दिया है।

पद्मश्री से सम्मानित उस्ताद फैयाजुद्दीन वसीफुद्दीन डागर ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि 'वीरा राजा वीरा' गाने की धुन उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा नासिर जाहिरुद्दीन डागर की कंपोज 'शिव स्तुति' से कॉपी की गई है। उन्होंने दावा किया कि बेशक गाने के बोल अलग हैं, लेकिन इस गाने की लय और बीट्स 'शिव स्तुति' से बिलकुल मिलती है और इसका श्रेय उनके परिवार को नहीं दिया गया है।

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान माना कि गाना 'शिव स्तुति' की पूरी तरह नकल है। बस कुछ मामूली बदलाव किए गए हैं। रहमान और निर्माता कंपनी ने उनके काम को कोई श्रेय नहीं दिया।

कोर्ट ने साफ कर दिया कि डागर के काम को बिना उचित श्रेय के इस्तेमाल करना कॉपीराइट उल्लंघन है। कोर्ट ने 2 करोड़ का जुर्माना लगाते हुए निर्देश दिया है कि गाने में साफतौर से लिखा जाए कि यह दिवंगत उस्ताद नासिर फैयाजुद्दीन डागर और उस्ताद नासिर जाहिरुद्दीन डागर की 'शिवा स्तुति' पर आधारित रचना है। इसे सभी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स और ऑनलाइन माध्यमों पर अपडेट किया जाए। यही नहीं, डागर परिवार को भी दो लाख रुपए का हर्जाना देना होगा।

# अपने लिवर को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी नींद लें, जंक फूड से बचें



**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) के निदेशक डॉ. एसके. सरीन ने कहा कि लिवर को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी नींद लेना और जंक फूड से बचना बहुत जरूरी है। डॉ. सरीन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि जैसा इसके नाम से ही साफ है, जंक फूड कूड़े में फेंकने लायक है। अगर इसे रोजाना खाते रहेंगे तो लिवर को गंभीर नुकसान हो सकता है। इसे डस्टबिन में डालना चाहिए। अगर आप अपने पेट और आंतों को डस्टबिन समझते हैं, तभी इसे खाएं, वरना बचें। जंक फूड में खराब वसा, ज्यादा चीनी और प्रोसेस्ड चीजें होती हैं, जो मोटापा, हाई कोलेस्ट्रॉल और टाइप 2 डायबिटीज जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ाती हैं। ये बीमारियां नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज का कारण बन सकती हैं और आगे चलकर सिरोसिस या लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं में बदल सकती हैं।

डॉ. सरीन ने यह भी कहा कि लोगों को समय पर सोना चाहिए और देर रात खाना नहीं खाना चाहिए, क्योंकि इससे पेट में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया प्रभावित होते हैं, जो सेहत के लिए बहुत जरूरी हैं। रिसर्च से पता चला है कि जो लोग ठीक से नींद नहीं लेते, उन्हें फैटी लिवर की बीमारी होने का खतरा ज्यादा रहता है। इसके अलावा, देर रात खाना खाने से लिवर को नुकसान पहुंच सकता है, क्योंकि सोते समय शरीर वसा और कार्बोहाइड्रेट को सही से पचा नहीं पाता, जिससे यह लिवर में जमा हो जाते हैं। डॉक्टर सरीन ने कहा कि देर से सोना और रात को देर से खाना, दोनों ही आदतें अच्छी नहीं हैं। आपकी आंतों के बैक्टीरिया भी तब देर से काम करेंगे। इसलिए अच्छी नींद लेना सबसे बढ़िया उपाय है। डॉ. सरीन ने लोगों को सलाह दी कि वे पैसा, ताकत और ऊंचे पदों के पीछे भागते हुए अपनी सेहत न खो दें। एक स्वस्थ शरीर और अच्छी नींद ही असली खुशी देती है। नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज, जिसे अब मेटाबोलिक डिस्फंक्शन-एसोसिएटेड स्टीटोटिक लिवर डिजीज कहा जाता है, तब होती है जब शराब का सेवन न करने वालों के लिवर में भी वसा जमने लगती है। यह बीमारी डायबिटीज, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर या हाई कोलेस्ट्रॉल वाले लोगों को अधिक प्रभावित करती है।

# हास्य नाटक अपने-अपने दांव का मंचन, खूब मिली सराहना




**ग्रेटर नोएडा,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। यूथ फॉर नेशन सामाजिक संगठन की तरफ से शारदा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को पद्मश्री सम्मानित नाटककार दया प्रकाश सिन्हा द्वारा रचित हास्य नाटक अपने-अपने दांव का शानदार मंचन किया गया। भारतीय चित्र साधना ट्रस्ट के न्यासी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय सदस्य अरुण अरोड़ा द्वारा निर्देशित, यह नाटक दर्शकों को हंसी और सोच दोनों प्रदान करने में सफल रहा। इस नाटक की कहानी, सयुंक्त परिवार की एक बुजुर्ग बुआ दादी के इर्दगिर्द घूमती है। बुआ दादी अक्षम हो चली है, लेकिन चाहती है की उसकी खूब सेवा भी हो और बढ़िया भोजन खाने को मिलता रहे। अपनी सेवा, न होने के डर से घिरी बुआ दादी, ऐसी युति लड़ाती है, की सारा परिवार उसकी सेवा में लग जाता है। इस नाटक के निर्देशक अरुण अरोड़ा भारतीय चित्र साधना ट्रस्ट के न्यासी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय सदस्य है। उनके प्रयास से कलाकारो के रूप में कुछ ऐसी प्रतिभाएं भी निकल कर सामने आई जिन्होंने रसोई से मंच तक आने की पहल की। बुआ दादी की भूमिका में अनीता शर्मा की बेहतरीन अदाकारी दर्शको को हंसाने में सफल रही, तो दिनेश शर्मा बाबू जी की भूमिका मे दब्बू पति बनकर और उनकी पत्नी की भूमिका में एकता एक तेज-तरार गृहणी के रूप में दर्शकों को बांधे रखने में सफल रहीं। रानी और हरी बाबू की भूमिका में प्रियंका और देवाशीष, काके की भूमिका में दिया शर्मा और शहँशाह के किरदार में राहुल की अदाकारी देखकर दर्शकों ने खूब ठहाके लगाए। ठहाकों के साथ-साथ, इस नाटक ने, एक गंभीर प्रश्न भी दर्शकों के समक्ष छोड़ा की क्या घर के बुजुर्ग सदस्य, जिन्होने अपना पूरा जीवन परिवार को संभालने में लगा दिया हो, उन्हे अपनी सेवा के लिए अपने उतराधिकारियों को कोई लालच देने की आवशयकता है? क्या इंसान, लालच के इतना आधीन हो चुका है, की अपनी नैतिक जिम्मेदारियां भी भूल चुका है? कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्वलन से हुआ।



# [ अर्थ जगत ]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.60 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.36 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 0.60 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 0.46 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.32 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| अडानी पोर्ट्स | 3.61 प्रतिशत |
| एक्सिस बैंक | 3.48 प्रतिशत |
| इटरनल | 3.41 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 2.85 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 2.56 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 1,00,000 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 1,00,900 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.49 | 89.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.06 | 119.50 |
| यूरो | 87.85 | 101.89 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.4 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

## 625 'उड़ान' मार्गों का संचालन शुरू : केंद्र

■ 21 अक्टूबर, 2016 को शुरू की गई थी 'उड़ान' योजना

■ 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों को मिला लाभ

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शनिवार को कहा कि 625 'उड़ान मार्गों' का संचालन शुरू हो चुका है, जो पूरे भारत में 90 हवाई अड्डों को जोड़ते हैं। इसी के साथ उड़ान के तहत किफायती क्षेत्रीय हवाई यात्रा से 1.49 करोड़ से अधिक यात्रियों को लाभ पहुंचा है। उड़ान योजना 21 अक्टूबर, 2016 को शुरू की गई थी और पहली उड़ान फ्लाइट 27 अप्रैल, 2017 को शिमला और दिल्ली के बीच संचालित की गई थी।

भारत का हवाई अड्डा नेटवर्क 2014 में 74 हवाई अड्डों से बढ़कर 2024 में 159 हवाई अड्डों तक पहुंच गया है, जो एक दशक में दोगुना से भी अधिक है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कहा कि वंचित और दूरदराज के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) के रूप में 4,023 करोड़ से अधिक का वितरण किया गया है। व्यवहार्यता अंतर वित्तपोषण (वीजीएफ) योजना के तहत




सरकार सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उड़ान ने क्षेत्रीय पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और व्यापार को मजबूत किया, जिससे टियर-2 और 3 शहरों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिला।

आम नागरिक के लिए किफायती हवाई यात्रा का सपना पहली उड़ान के साथ सच हुआ। उड़ान योजना की अवधारणा राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन नीति (एनसीएपी) 2016 के तहत 10 साल के दृष्टिकोण के साथ वित्तीय रूप से समर्थित मॉडल के माध्यम से टियर-2 और 3 शहरों को जोड़ने के लिए बनाई गई थी। इस योजना ने रियायतों और वीजीएफ के माध्यम से एयरलाइनों को क्षेत्रीय मार्गों पर परिचालन करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे किफायती किराया और बेहतर पहुंच सुनिश्चित हुई।

### केंद्र ने एयरलाइनों को यात्रियों की सुविधा व सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

नई दिल्ली। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने शनिवार को सभी एयरलाइन ऑपरेटरों को यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और विनियामक अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए तत्काल प्रभाव से बेहतर यात्री हैंडलिंग उपायों को लागू करने का निर्देश दिया। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र बंद होने और ओवरफ्लाइट प्रतिबंधों को देखते हुए कई उड़ान मार्गों में काफी बदलाव किया गया है, जिससे उड़ान की अवधि बढ़ गई है और तकनीकी रुकावटों की संभावना है। डीजीसीए की सलाह के अनुसार, यात्रियों को मार्ग में बदलाव, यात्रा के समय में वृद्धि और उनकी यात्रा के दौरान किसी भी तकनीकी रुकावट के बारे में सूचित किया जाना चाहिए। यह संचार चेक-इन, बोर्डिंग और डिजिटल अलर्ट के माध्यम से होना चाहिए। सलाह में कहा गया है कि एयरलाइंस को एक्चुअल ब्लॉक टाइम के आधार पर कैटरिंग सुविधा को रिवाइज करने की जरूरत है, ताकि किसी भी टेक्निकल स्टॉपओवर सहित पूरी उड़ान के दौरान पर्याप्त भोजन, हाइड्रेशन और विशेष भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। इसके अलावा, एयरलाइंस को यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि विमान में मेडिकल सप्लाई को लेकर किसी तरह की कमी न हो।

मंत्रालय ने कहा कि उड़ान एक पॉलिसी से कहीं अधिक है। यह एक परिवर्तनकारी आंदोलन है, जिसने भारत में विमानन को फिर से परिभाषित किया है। मंत्रालय ने आगे कहा कि उड़ान ने न केवल दूरदराज के क्षेत्रों को राष्ट्रीय विमानन मानचित्र पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं और पर्यटन को बढ़ावा देते हुए पूरे देश में रोजगार पैदा किया है।

## भारत में डॉप्लर रडार की संख्या वर्ष 2026 के अंत तक 126 हो जाएगी

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क की संख्या 2026 तक बढ़ाने की योजना बनाई है। वर्तमान में 37 रडार ऑपरेशनल हैं जिनकी संख्या 2025-26 (अप्रैल 2025 - मार्च 2026) तक 73 और 2026 के अंत तक 126 तक करने की योजना है। डॉप्लर वेदर रडार नेटवर्क एक खास तरह का रडार सिस्टम है, जिसका इस्तेमाल मौसम की निगरानी और पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जाता है। नए इंस्टॉलेशन को बेंगलुरु, रायपुर, अहमदाबाद, रांची, गुवाहाटी और पोर्ट ब्लेयर जैसे उच्च प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में स्थापित किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और प्रमुख मंत्रालयों की एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान इसकी घोषणा की गई, जिसमें भारत की मौसम और आपदा तैयारियों की समीक्षा की गई और सटीक पूर्वानुमान के लिए रोडमैप तैयार किया गया। केंद्रीय मंत्री सिंह ने डॉप्लर मौसम रडार कवरेज के विस्तार और देश भर में मेट्रोलॉजिकल सिस्टम के आधुनिकीकरण में तेजी लाने का आह्वान किया। वर्तमान में दिल्ली में 18 ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन संचालन में हैं। समीक्षा के दौरान, केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को 50 अतिरिक्त सिस्टम की स्थापना में तेजी लाने का निर्देश दिया, जिसका दीर्घकालिक लक्ष्य 100 एडब्ल्यूएस है। इस कदम का उद्देश्य मौसम पूर्वानुमान के इंफ्रास्ट्रक्चर को वैश्विक मानकों के बराबर लाना है। इस नेटवर्क का उद्देश्य चरम मौसम की घटनाओं पर नजर रखने में भारत की क्षमता बढ़ाना है।



■ वर्तमान में 37 रडार हैं ऑपरेशनल

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च 25 को समाप्त वर्ष के लिए 35,577 करोड़ का न्यू बिज़नेस प्रीमियम दर्ज किया

नई दिल्ली 26 अप्रैल (एजेंसियां)। देश की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 35,577 करोड़ रुपए का न्यू बिज़नेस प्रीमियम दर्ज किया, जबकि 31 मार्च, 2024 को समाप्त वर्ष के लिए यह 38,238 करोड़ रुपए था। 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में नियमित प्रीमियम में 11त्न की वृद्धि हुई है। एसबीआई लाइफ का सुरक्षा न्यू बिज़नेस प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 4,095 करोड़ रुपए रहा। प्रोटेक्शन इंडिविडुअल न्यू बिज़नेस प्रीमियम 31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए 793 करोड़ रुपए रहा। इंडिविडुअल न्यू बिज़नेस प्रीमियम 31 मार्च, 2024 को समाप्त पिछले वर्ष की तुलना में 11त्न वृद्धि के साथ 26,360 करोड़ रुपए रहा।31 मार्च, 2025 को समाप्त वर्ष के लिए एसबीआई लाइफ का प्रॉफिट आफ्टर टैक्स 2,413 करोड़ रुपए रहेगा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 27 प्रतिशत की वृद्धि है।कंपनी का सॉल्वेंसी रेशियो 31 मार्च, 2025 तक 1.96 पर मजबूत बना रहेगा, जबकि नियामक आवश्यकता 1.50 की है। एसबीआई लाइफ का एयूएम भी 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 31 मार्च, 2025 को 4,48,039 करोड़ रुपए हो गया, जो 31 मार्च, 2024 को 3,88,923 करोड़ रुपए था, जिसमें 61:39 का ऋण-इक्विटी मिश्रण है।

## देश को विकसित बनाने की यात्रा में युवाओं का योगदान महत्वपूर्ण : गोयल

■ 15वें प्रधानमंत्री रोजगार मेले के तहत देश में 47 स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित

**मुंबई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। हम दुनिया की 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं और आने वाले दो-तीन वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बनने जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश की इस विकास यात्रा में सभी लोगों को सेवा करने का मौका मिलता है। इसी कड़ी में 15वें रोजगार मेले के तहत 51 हजार से अधिक युवक-युवतियों को देश सेवा करने का मौका मिल रहा है।

15वें प्रधानमंत्री रोजगार मेला के तहत पूरे भारत में 47 स्थानों पर भव्य



कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुंबई में हुए एक भव्य कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गोयल ने सभी चयनित युवक और युवतियों को बधाई देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने एक संदेश भी दिया है कि यह देशभक्ति और देश सेवा का मौका है। सभी बच्चे इसी भावना से जनहित, लोकहित और जनकल्याण के कार्यों में रुचि लें और देश को विकसित बनाने की यात्रा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि निजी क्षेत्र में रोजगार तेजी से बढ़ रहा है। मुद्रा योजना के तहत करोड़ों लोग अपना खुद का काम शुरू कर रहे हैं। 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्टैंडअप इंडिया' जैसी पहल के साथ युवा नई ऊर्जा, नए विचार, इनोवेशन और नई सोच के साथ काम के नए तरीकों को पेश कर रहे हैं। 15वें रोजगार मेले के तहत केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लखनऊ में हुए कार्यक्रम में 250 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

## सार संक्षेप

### केनरा रोबेको ने सेबी के पास डीआरएचपी किया दाखिल

**मुंबई।** केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने अपनी प्रारंभिक सार्वजनिक निगम (आईपीओ) के जरिए पूंजी बाजार में कदम रखने की तैयारी शुरू कर दी है। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने शुक्रवार को अपनी प्रस्तावित आईपीओ के लिए पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया। कंपनी के प्रमोटर के रूप में केनरा बैंक और ओरिक्स कॉरपोरेशन यूरोप एन.वी. शामिल हैं। इस आईपीओ के तहत 10 रुपए अंकित मूल्य के कुल 49,854,357 इक्विटी शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव है। इसमें केनरा बैंक द्वारा 25,924,266 इक्विटी शेयर और ओरिक्स कॉरपोरेशन यूरोप एन.वी. द्वारा 23,930,091 इक्विटी शेयरों की पेशकश की जाएगी।

### मत्स्य परियोजनाओं को किया जाएगा पेश

**मुंबई।** केंद्र सरकार 28 अप्रैल को मुंबई में 'कोस्टल स्टेट्स मीट 2025' का आयोजन करने जा रही है, जिसमें समुद्री मत्स्य पालन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 255 करोड़ रुपए की लागत वाली मत्स्य परियोजनाओं को पेश किया जाएगा। शनिवार को एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय के तहत मत्स्य पालन विभाग, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत 255.30 करोड़ रुपए के कुल परिव्यय के साथ सात तटीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (यूटी) के लिए प्रमुख परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। समुद्री मत्स्य पालन को मजबूत बनाने और सस्टेनेबल प्रैक्टिस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्री कई महत्वपूर्ण पहलों को भी लांच करेंगे।

### छोटी कारें भी अब आम लोगों की पहुंच से बाहर

**नई दिल्ली।** मारुति सुजूकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव ने कहा कि भारत में कार की खरीद मुख्य रूप से उन शीर्ष 12 प्रतिशत परिवारों तक सीमित है जिनकी सालाना आय 12 लाख रुपये से अधिक है, जबकि शेष 88 प्रतिशत लोगों के लिए छोटी कारें भी अफोर्डेबल नहीं रह गई हैं। उन्होंने कंपनी के वित्तीय परिणाम के बाद संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों को बताया, 'अगर देश के 88 प्रतिशत लोग आय के उस स्तर से नीचे हैं, जहां वे 10 लाख और उससे अधिक कीमत वाली इन कारों को खरीदने में सक्षम नहीं हैं, तो आप ऊंची कार बिक्री वृद्धि कैसे प्राप्त कर सकते हैं? नियामकीय उपायों पर अमल करने की ऊंची लागत से छोटी कारें, सस्ती कारें भी इन लोगों के लिए अफोर्डेबल नहीं रह गई हैं। उन्होंने कहा, 'हमने देखा है कि इस चालू वर्ष में, छोटी कारों की बिक्री करीब 9 फीसदी तक घटी है।

## केंद्र सरकार मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के लिए पेश करेगी डिजिटल पोर्टल : प्रतापराव जाधव

■ मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है वीजा सुविधा

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि केंद्र सरकार एक ऑनलाइन पोर्टल पर काम कर रही है, जिसका उद्देश्य वैश्विक स्वास्थ्य सेवा गंतव्य के रूप में देश की स्थिति को मजबूत करना है। राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा कि नया डिजिटल प्लेटफॉर्म अस्पताल, सुविधा प्रदाता, ट्रैवल एजेंट, होटल, ट्रांसलेटर और दूसरी सपोर्ट सुविधाओं को एक ही प्लेस पर इंटीग्रेट करेगा।

उन्होंने फिक्की के मेडिकल वैल्यू ट्रैवल (एमवीटी) कॉन्फ्रेंस में अपने संबोधन में कहा कि हमारा लक्ष्य ट्रीटमेंट से लेकर यात्रा व्यवस्था तक और उपचार के बाद की देखभाल को लेकर रोगी के अनुभव को बेहतर बनाना है।

सरकार की रणनीति में हेल्थकेयर इकोसिस्टम को प्रमुख शहरों से आगे बढ़कर टियर-2 और टियर-3 क्षेत्रों तक बढ़ाना भी शामिल है। इसके




अलावा, सरकार मेडिकल वैल्यू ट्रैवल प्रॉसेस को बेहतर बनाने के लिए प्राइवेट प्लेयर्स के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना चाहती है।

मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को मेडिकल टूरिज्म भी कहा जाता है, इसमें उन रोगियों को शामिल किया जाता है जो किसी हेल्थकेयर सर्विस के लिए विदेश यात्रा करते हैं। नीति आयोग के सदस्य प्रोफेसर विनोद के. पॉल ने अपने भाषण में इस क्षेत्र में विनियमन के महत्व पर बात की। उन्होंने उद्योग जगत के खिलाड़ियों से स्वास्थ्य सेवा सुविधाओं के लिए अनुपालन बोझ को कम करने के तरीकों पर सुझाव देने का भी आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि मेडिकल वैल्यू ट्रैवल के विकास में वीजा सुविधा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जो अलग-अलग देशों के बीच पारदर्शिता और विश्वास निर्माण की जरूरत को उजागर करती है। टेलीमेडिसिन को लेकर पॉल ने कहा कि दूसरे देशों में रोगियों को दूर से सलाह देते समय कानूनी चुनौतियां पैदा होती हैं। उन्होंने टेलीमेडिसिन में भारत की महत्वपूर्ण विशेषज्ञता को देखते हुए देश को इन मुद्दों को संबोधित करने में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।

नया डिजिटल प्लेटफॉर्म अस्पताल, सुविधा प्रदाता, ट्रैवल एजेंट, होटल, ट्रांसलेटर और दूसरी सपोर्ट सुविधाओं को एक ही प्लेस पर इंटीग्रेट करेगा : प्रतापराव जाधव, राज्य मंत्री

भारत का एमवीटी बाजार (मेडिकल वैल्यू ट्रैवल मार्केट) 2024 में 7.69 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया और 2029 तक इसके 14.31 बिलियन डॉलर तक बढ़ने की उम्मीद है। देश वर्तमान में वैश्विक बाजार हिस्सेदारी का 18 प्रतिशत रखता है, जो एमवीटी सूचकांक में दुनिया में 10वें स्थान पर है।

## अप्रैल में विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजारों में की वापसी

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी निवेशकों ने इस महीने भारतीय इक्विटी बाजारों में शानदार वापसी की है और पिछले दो सप्ताह में शुद्ध खरीदार बनकर उभरे हैं।

विश्लेषकों ने शनिवार को कहा कि पिछले सात कारोबारी सत्रों में ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय इक्विटी पर निर्णायक रूप से सकारात्मक रुख अपनाया है। यह बदलाव मुख्य रूप से कमजोर अमेरिकी डॉलर, टैरिफ समझौतों की समीक्षा और भारत की आर्थिक प्रगति को लेकर आशावाद की नई भावना के कारण हुआ है।

मनोज पुरोहित ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन जैसी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सुस्त वृद्धि के साथ चुनौतीपूर्ण वैश्विक पृष्ठभूमि के बीच, भारत अपनी आर्थिक मजबूती के लिए आगे बढ़ रहा है। भारत के वित्त वर्ष 2026 में 6 प्रतिशत से अधिक की मजबूत दर से बढ़ने का अनुमान है और यह एकमात्र सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी हुई है, जिससे यह वैश्विक निवेशकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है।




■ भारत के वित्त वर्ष 2026 में 6 प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ने का अनुमान

पुरोहित ने बताया कि निकट भविष्य में एफपीआई प्रवाह मजबूत रहने की उम्मीद है, जो मौजूदा बाजार रैली को अतिरिक्त समर्थन प्रदान करेगा। वैश्विक निवेशक अपनी रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन कर रहे हैं, भारत की आर्थिक बुनियादों और आय क्षमता इसे वैश्विक स्तर पर हो रही उथल-पुथल भरी घटनाओं में स्थिरता और विकास के प्रतीक के रूप में स्थापित करती हैं। इस महीने आखिरी कारोबारी सत्र तक एफपीआई ने 22,716.43 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी और 17,196.33 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची।

## पाम ऑयल महंगा व अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में पाम ऑयल 366 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



इस दौरान घरेलू बाजार में पाम ऑयल में 366 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। **खाद्य तेल :** सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 19047 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13553 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

## एनआईसीडीसी को मिला उद्योग विकास पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) को देश के औद्योगिक परिदृश्य में उल्लेखनीय योगदान के लिए उद्योग विकास पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान केरल के प्रमुख समाचार दैनिक जन्मभूमि डेली द्वारा आयोजित उद्योग विकास कार्यक्रम के दौरान प्रदान किया गया।

इस मौके पर केंद्रीय भारी उद्योग, सार्वजनिक उद्यम और इस्पात राज्य मंत्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार पूरे भारत में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर दिया कि पलक्कड़ में विकसित हो रहा एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर (आईएमसी) केरल सहित दक्षिण भारत के औद्योगिक और अवसंरचनात्मक परिदृश्य को एक नया आयाम देगा।

इस अवसर पर एनआईसीडीसी द्वारा संचालित पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी परियोजना की रणनीति, योजना और प्रगति




पर एक तकनीकी सत्र भी आयोजित किया गया। इसके अलावा एनआईसीडीसी लॉजिस्टिक्स डेटा सर्विसेज लिमिटेड (एनएलडीएसएल) द्वारा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में डिजिटल नवाचारों जैसे लॉजिस्टिक्स डेटा बैंक (एलडीबी) और यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटरफेस प्लेटफॉर्म (यूएलआईपी) की उपलब्धियों को भी प्रस्तुत किया गया। पलक्कड़ औद्योगिक स्मार्ट सिटी, जो पुडुसेरी मध्य, पुडुसेरी पश्चिम और कन्नम्बरा गांवों में 1,710 एकड़ क्षेत्र में फैली है, केरल के औद्योगिक विकास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव बनने जा रही है।

केंद्र सरकार पूरे भारत में अत्याधुनिक ग्रीनफील्ड औद्योगिक स्मार्ट शहरों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है : भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा

रणनीतिक दृष्टि से यह कोयंबटूर से 50 किलोमीटर, कोचीन से 120 किलोमीटर और पलक्कड़ शहर से 21 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सड़क, रेल और हवाई मार्ग से इसकी मजबूत मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी इसे दक्षिण भारत का एक प्रमुख औद्योगिक प्रवेश द्वार बनाएगी।

परियोजना की प्रगति उल्लेखनीय है, जिसमें आवश्यक भूमि का 81 प्रतिशत अधिग्रहण, सभी खंडों के लिए पर्यावरणीय मंजूरी प्राप्त होना, परियोजना प्रबंधन और निर्माण सलाहकार का चयन और ईपीसी निविदा दस्तावेजों के अंतिमीकरण की प्रक्रिया शामिल है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि सितंबर 2022 से शुरू हुए यूलिप ने 11 मंत्रालयों की 43 प्रणालियों को जोड़ा है। इससे 1,300 से अधिक कंपनियों को सशक्त किया गया और 100 करोड़ से अधिक एपीआई लेनदेन संभव हुए।

# खेल जगत

## आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन बनना भी संभव है : रिंकू सिंह

**नई दिल्ली।** भारत और कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने माना है कि आईपीएल इतना परिपक्व हो गया है कि मौजूदा टूर्नामेंट में 300 रन बनना भी संभव है। आईपीएल दुनिया में फ्रेंचाइजी टी20 लीग का शिखर रहा है और 2008 में अपनी शुरुआत के बाद से इसने उस मानक को बनाए रखा है। दुनिया के शीर्ष प्रतिभाशाली खिलाड़ी इस लीग में खेलते हैं और यह सबसे छोटे प्रारूप में सबसे प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंटों में से एक है। रिंकू ने टीम के 300 रन के आंकड़े को पार करने की संभावना का समर्थन किया और पिछले सफल चेज को इस बात का सबूत बताया कि खेल कैसे विकसित हुआ है। रिंकू ने जियो हॉटस्टार के 'जेन बोल्ड' पर कहा कि हां, हम ऐसा कर सकते हैं। आईपीएल उस मुकाम पर पहुंच गया है जहां 300 रन भी संभव है; पिछले साल, पंजाब ने कुल 262 रन का पीछा किया था। इस सीजन में सभी टीमें मजबूत हैं।



# डीसी और आरसीबी एक उच्च-दांव वाले मुकाबले में आमने-सामने होंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (देशबन्धु)। धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली के नौ मैचों में लगातार दूसरे और पांचवें अर्द्धशतक की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर

■ सभी निगाहें आरसीबी के विराट व दिल्ली के केएल राहुल पर

(आरसीबी) के हौसले आईपीएल 2025 में लगातार दूसरी और कुल छठी जीत से बुलंद हैं। आरसीबी को दिल्ली कैपिटल्स से अपने घर में मिली छह विकेट की हार का हिसाब चुकता करना है तो विराट कोहली को अपने दिल्ली के घरेलू मैदान पर वैसी ही बड़ी पारी खेलनी जैसी कि केएल राहुल ने बेंगलुरु के अपने घरेलू मैदान पर 93* रन की खेली थी। आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स के समान रूप से 12-12 अंक है लेकिन एक मैच कम खेलने अपनी बेहतर नेट रन नेट के कारण दिल्ली कैपिटल्स दूसरे स्थान पर है। आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले पांच में तीन मैच जीते है और अपने घर बेंगलुरू सहित दो मैच हारे हैं। मैच के नतीजे में आरसीबी के विराट कोहली और दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल का बल्ले प्रदर्शन खासा अहम रहने वाला है। विराट कोहली सबसे ज्यादा रन बना ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर हैं। कोहली ने इसी फिरोजशाह कोटला मैदान पर क्रिकेट खेल बड़े हुए हैं और इस पर दस पारियों में483 रन बनाए हैं। विराइ फिरोजशाह कोटला मैदान एक और बड़ी पारी खेल कर अपनी टीम को जिताने को बेताब होंगे। दिल्ली के एक अच्छी बात यह है कि आरसीबी के सबसे कामयाब तेज गेदबाज हेजलवुड के खिलाफ पर पांच पारियों में मात्र एक बार आउट हुए है। वही आरसीबी के धुरंधर बल्लेबाज विराट काहली ने इस सीजन में जिन मैचों में अर्द्धशतक जड़े हैं उनमें टीम जीती है। दिल्ली कैपिटल्स के फिरोजशाह कोटला पर इस सीजन में खेले दोनों मैच बड़े स्कोर वाले रहे है। दिल्ली के लिए उसके दोनों लेग स्पिनर कुलदीप यादव और विपराज निगम ने गेंद को फ्लाइट कराने के साथ घुमा कर खासी कामयाबी हासिल की है।




### अपनी फील्डिंग और चुस्त करने की जरूरत : अक्षर



हम पॉवरप्ले में विकेट नहीं ले पाए लेकिन हमने मैच पर काबू बनाए रखा। मैच को अपने हाथ से निकलने नहीं दिया। हमने कुछ विकेट चटका वापसी की और कुछ विकेट चटका लखनउ का 160 पर रोक दिया।पहले चोट के चलते मेरी गेंदबाज प्रभावित हुई। अब में बेहतर महसस कर रहा हू। मैंने इसमें पॉवरप्ले में गेंदबाजी की और लय में महसूस किया,हमारा ध्यान पिच और मैच अप पर था। हम अपनी फील्डिंग बेहतर कर सकते हैं। हमें अपनी फील्डिंग और चुस्त करने कीजरूरत है।

### कोहली की विराट फार्म से भी जूझेगी दिल्ली

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूद सत्र में अब तक 392 रन ठोक चुके विराट कोहली की शानदार फॉर्म रविवार को यहां मेजबान दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अभियान का अहम हिस्सा होगी।



अरुण जेटली स्टेडियम में कल शाम आईपीएल की दो शीर्ष टीमें आमने सामने होंगी। कोहली की शीर्ष पर निरंतरता आरसीबी के हालिया प्रदर्शन का आधार रही है, जिससे टीम को अपने पिछले चार मैचों में से तीन में जीत मिली है। कोहली ने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 70 रन की मैच जिताऊ पारी खेली थी। कप्तान रजत पाटीदार इस लय का फायदा उठाने और दिल्ली के खिलाफ टीम के मजबूत रिकॉर्ड को जारी रखने की कोशिश करेंगे, जिसने दोनों टीमों के बीच पिछले सात मुकाबलों में से पांच में जीत दर्ज की है। दिल्ली को अपने खुद के प्रदर्शन से प्रेरणा लेनी होगी, जिसने लखनऊ सुपर जायंट्स पर 8 विकेट से जोरदार जीत दर्ज की है। कप्तान अक्षर पटेल फॉर्म में चल रहे केएल राहुल और अभिषेक पोरेल पर भरोसा करेंगे, जिन्होंने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया था।

# वानखेड़े में एलएसजी के खिलाफ नए आत्मविश्वास से उतरेगी मुंबई

■ मुंबई अब तक नौ मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं

■ रोहित ने हाल के मैचों में लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर अपनी लय फिर से हासिल कर ली है



**मुंबई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में चार मैचों में शानदार जीत से उत्साहित मुंबई इंडियंस (एमआई) रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ नये आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

यह मैच मुंबई के लिए प्लेऑफ में जगह बनाने के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मुबंई अब तक नौ मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं वहीं एलएसजी ने इस सीजन में असंगत प्रदर्शन किया है और वह पांच जीत और चार हार के साथ छठे स्थान पर है। मुंबई की वापसी काफी हद तक उनके प्रमुख खिलाड़ियों के फॉर्म की वजह से है। सीजन की धीमी शुरुआत के बावजूद, एमआई ने हाल के मैचों में अपनी किस्मत बदल दी है। उनकी बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाइयों ने सही समय पर काम करना शुरू कर दिया है। रोहित शर्मा ने हाल के मैचों में लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर अपनी लय फिर से हासिल कर ली है। उनके हालिया प्रदर्शनों में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 46 गेंदों पर 70 रन की पारी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। रोहित से मुंबई की निरंतर सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है। इस बीच, सूर्यकुमार यादव धमाकेदार फॉर्म में हैं। नौ मैचों में 62.16 की औसत और 166.51 की स्ट्राइक रेट से 373 रन बनाने के साथ, सूर्यकुमार मुंबई के मध्य क्रम में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बन गए हैं। उनका योगदान अमूल्य रहा है, खासकर पिछले मैच में 19 गेंदों पर उनकी तेज तर्रार 40 रन की नाबाद पारी निर्णायक साबित हुयी थी। पलक झपकते ही खेल को पलटने की उनकी क्षमता उन्हें इस आईपीएल के सबसे खतरनाक खिलाड़ियों में से एक बनाती है।

ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने भी बल्ले और गेंद से अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। टूर्नामेंट में 12 विकेट लेने के साथ, पांड्या डेथ ओवरों में एक विश्वसनीय विकल्प रहे हैं, जिससे बहुत जरूरी सफलताएं मिली हैं। ट्रेंट बोल्ट और जसप्रीत बुमराह की अगुआई में एमआई का गेंदबाजी आक्रमण लीग में सबसे मजबूत में से एक है। बॉल को दोनों तरफ स्विंग करने की अपनी क्षमता के साथ, बोल्ट ने हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में 4-26 के आंकड़े के साथ शानदार प्रदर्शन किया था। अपनी सटीकता और दबाव में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता के लिए जाने जाने वाले बुमराह ने मुंबई के आक्रमण में नियंत्रण की एक अतिरिक्त परत जोड़ दी है। इसके विपरीत, लखनऊ सुपर जायंट्स को स्थिरता पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है, खासकर उनके गेंदबाजी आक्रमण में। हालांकि उनके शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी कई बार ठोस रही है, लेकिन उनका समग्र प्रदर्शन आश्वस्त करने वाला नहीं रहा है। मिचेल मार्श बल्ले से अहम खिलाड़ी रहे हैं, उन्होंने आठ मैचों में 160.74 की स्ट्राइक रेट से 344 रन बनाए हैं। इस सीजन में उनके चार अर्द्धशतक लखनऊ के लिए अहम रहे हैं, लेकिन उन्हें बाकी बल्लेबाजी लाइनअप से समर्थन की जरूरत होगी, खासकर निकोलस पूरन, जो कई बार विस्फोटक रहे हैं, उन्होंने 204.89 की आश्चर्यजनक स्ट्राइक रेट से 377 रन बनाए हैं।

# धोनी ने माना कि सीएसके का कम रन बनाना सबसे बड़ी कमजोरी

**चेन्नई,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से हार के बाद, कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने दावा किया कि चेन्नई सुपर किंग्स ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में टीम ने कई समस्याओं का सामना किया है, लेकिन शायद उनमें से सबसे बड़ी समस्या उनका लगातार कम स्कोर है। पहले बल्लेबाजी करने के लिए बुलाए जाने के बाद, युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे, मिड-सीजन में शामिल डेवाल्ड ब्रेविस और दीपक हुड्डा द्वारा देर से किए गए धमाकेदार प्रदर्शन के अलावा, चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज फिर से लड़खड़ा गए और केवल 154 रन ही बना पाए। दूसरे हाफ में कुछ पल के लिए खेल को अपने पक्ष में करने के बावजूद, यह स्कोर बहुत कम साबित हुआ और उन्हें लगातार चौथी बार घरेलू हार का सामना



करना पड़ा। एमएस धोनी ने मैच के बाद कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट में, अगर आपके पास एक या दो क्षेत्र हैं जहां आप कमियों को दूर कर सकते हैं तो यह अच्छा है, लेकिन अगर आपके अधिकांश खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं, तो यह बहुत मुश्किल हो जाता है, क्योंकि आपको कुछ बदलाव करने पड़ते हैं, लेकिन अगर अधिकांश अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो आप उन खिलाड़ियों को कुछ अतिरिक्त मैच खेलने देते हैं।

### सीएसके अपने खेल का स्तर ऊपर उठाने के लिए अब बहुत सतर्क होगी : रायडू

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की आईपीएल 2025 में हार का सिलसिला जारी है। हाल ही में उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से हार झेलनी पड़ी। इस पर पूर्व भारतीय बल्लेबाज अंबाती रायडू ने कहा कि अब सीएसके टी-20 क्रिकेट की बदलती शैली के अनुसार खुद को ढालने में ज़्यादा सतर्क रहेगी। एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में सीएसके ने अपनी टीम में कुछ बदलाव किए, लेकिन फिर भी जीत नहीं मिली और टीम अंक तालिका में सबसे नीचे दसवें स्थान पर ही बनी रही।

# युवा खिलाड़ियों की निडरता से रवि शास्त्री प्रभावित

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि आयुष म्हात्रे, वैभव सूर्यवंशी, प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह का भविष्य में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना तय है। महज 17 वर्षीय म्हात्रे को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने चोटिल कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह टीम में शामिल किया था और उन्होंने मुंबई इंडियंस (एमआई) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 30 और 32 रन बनाते हुए अपने बोल्ड स्ट्रोकप्ले से प्रशंसकों और विशेषज्ञों को प्रभावित किया। मुंबई में दूसरी रात मुंबई इंडियंस के खिलाफ आयुष म्हात्रे ने जो शॉट खेले, वे तीन शॉट जिस तरह से उन्होंने शानदार शुरुआत की, एक 17 वर्षीय के लिए अविश्वसनीय शॉट, एक स्टार-स्टडेड मुंबई इंडियंस लाइन-अप के खिलाफ और उस अंदाज में खुद को अभिव्यक्त करने के लिए, उसने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शास्त्री ने आईसीसी रिव्यू शो के नवीनतम एपिसोड में कहा कि मुझे लगता है कि आयुष म्हात्रे का भविष्य है। जब मैं उसे देखता हूं, तो उसके द्वारा खेले गए कुछ शॉट्स, मुझे लगता है कि अगर उसे सही तरीके से संभाला जाए और सही तरह के लोगों के साथ हो, तो वह ऐसा खिलाड़ी है जो बहुत आगे तक जा सकता है। दूसरी ओर, 14 वर्षीय सूर्यवंशी, जो आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं, ने राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के लिए 34 और 16 के स्कोर से प्रभावित किया, जिसमें आईपीएल में अपनी पहली ही गेंद पर शार्दुल ठाकुर को क्का लगाना भी शामिल है।



## सार संक्षेप

### ओलंपिक चैम्पियन झेंग किनवेन मैड्रिड ओपन से बाहर

**मैड्रिड।** चीनी टेनिस स्टार झेंग किनवेन शुक्रवार को मैड्रिड ओपन से बाहर हो गईं, उन्हें एक घंटे 40 मिनट तक चले मैच में रूस की अनस्तासिया पोटापोवा से 6-4, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड ऑफ 64 में झेंग के बाहर होने से मैड्रिड में पुरुष या महिला एकल टूर्नामेंट में कोई भी चीनी खिलाड़ी नहीं बचा है। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता को आठवीं वरीयता दी गई थी, लेकिन गर्म और धूप वाली दोपहर में दुनिया की 87वीं रैंकिंग वाली पोटापोवा के खिलाफ उन्हें अपनी लय हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, झेंग की मुख्य समस्या उनकी सर्विस को लेकर थी, क्योंकि वह पहले सेट में केवल 40 प्रतिशत अंक ही जीत पाईं, जबकि पोटापोवा ने बहुत अधिक निरंतरता दिखाई, उन्होंने पहले सर्विस पर 64 प्रतिशत अंक जीतकर झेंग को दबाव में रखा। झेंग ने तब निर्णायक मोड़ पाया जब उसने पहले सेट में 5-3 से पिछड़ने के दौरान पोटापोवा की सर्विस तोड़ी।

### यूपी की सब जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम कर्नाटक रवाना

**लखनऊ।** वाराणसी की काजल पटेल के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की सब जूनियर बालिका हैंडबॉल टीम आगामी 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के लिए शनिवार को कर्नाटक के लिये रवाना हो गई। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित प्रशिक्षण शिविर की समाप्ति के बाद चयनित खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की।उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को किट वितरित करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश की टीम ने पिछली चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था और इस बार उम्मीद है कि टीम अपने प्रदर्शन में सुधार करते हुए प्रदेश का परचम लहराएगी। 39वीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप कर्नाटक के मंड्या जिले में 30 अप्रैल से 4 मई 2025 तक आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश की टीम शनिवार को कर्नाटक के लिए रवाना हो चुकी है।

# केकेआर और पंजाब के समर्थन में आए प्रशंसक

**कोलकाता,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच मैच कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा जिसके लिए केकेआर के प्रशंसक बड़ी संख्या में पहुंच चुके हैं, हालांकि पंजाब के प्रशंसकों ने भी उम्मीद जताई है।



केकेआर के समर्थक रोहित कुमार ने कहा कि मैं केकेआर का समर्थन कर रहा हूं। केकेआर ने श्रेयश अय्यर को बाहर करके गलत काम किया है। मैं कोलकाता के इस बेहतरीन खिलाड़ी को अच्छी तरह से जानता हूं। उसे खेलना आता है। लेकिन मैं चाहता हूं कि आज केकेआर जीते, टीम के जीतने में वेंकटेश अय्यर और सुनील नारायण की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी क्योंकि दोनों बढ़िया खेल रहे हैं। एक अन्य प्रशंसक ओवैस ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि आज केकेआर जीतेगी और मैं यह देखने आया हूं। पंजाब टीम के प्रशंसक भी अपनी टीम के प्रति गहरा समर्थन व्यक्त कर रहे हैं। एक प्रशंसक अमरदीप कुमार केसरी ने कहा कि यह मैच ज्यादा जोशपूर्ण और आनंददायक होगा। श्रेयश अय्यर अच्छा खेलेंगे। केकेआर ने श्रेयश अय्यर को बाहर करके गलत काम किया है। एक समर्थक सुशील कुमार चौहान ने कहा कि मैं आज पंजाब का समर्थन कर रहा हूं।

# वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में चरनी के प्रदर्शन पर रहेगी नजर : हरमनप्रीत कौर

**कोलंबो,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि युवा बाएं हाथ की स्पिनर एन श्री चरनी आगामी वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला में कैसा प्रदर्शन करती हैं, जहां टीम रविवार को आर प्रेमदासा स्टेडियम में मेजबान श्रीलंका से भिड़ेगी। आंध्र प्रदेश के वाईएसआर कडप्पा जिले से आने वाली चरनी ने डब्ल्यूपीएल 2025 में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए दो मैचों में चार विकेट लेकर ध्यान आकर्षित किया, जहां रन फ्लो को नियंत्रित करने और बीच के ओवरों में बल्लेबाजों को चकमा देने की उनकी क्षमता सबसे अलग थी। बाद में उन्होंने देहरादून में सीनियर महिला मल्टी-डे चैलेंजर ट्रॉफी के तीन मैचों में नौ विकेट चटकाए, जिसके बाद उन्हें पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया। हरमनप्रीत ने शनिवार को प्री-सीरीज प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि चरनी ने डब्ल्यूपीएल में वाकई प्रभावित किया है और हम किसी ऐसे बाएं हाथ के स्पिनर की तलाश कर रहे हैं जो टीम के लिए वाकई अच्छा प्रदर्शन कर सके। मैं व्यक्तिगत रूप से यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं कि वह इस खास टूर्नामेंट में कैसा प्रदर्शन करने जा रही है। त्रिकोणीय सीरीज, जिसमें तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका है, भारत के लिए इस साल के अंत में होने वाले घरेलू वनडे विश्व कप के लिए अपनी अंतिम टीम तय करने के लिए एक महत्वपूर्ण चरण की शुरुआत है। यह सीरीज विश्व कप से पहले हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है और मुझे लगता है कि यह हमारे लिए दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलने और उस अनुभव को प्राप्त करने का एक शानदार अवसर है।



चरनी ने डब्ल्यूपीएल में वाकई प्रभावित किया है और हम किसी ऐसे बाएं हाथ के स्पिनर की तलाश कर रहे हैं जो टीम के लिए वाकई अच्छा प्रदर्शन कर सके : हरमनप्रीत

# ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय महिला हॉकी टीम पहले मैच में 3-5 से हारी

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। भारतीय महिला हॉकी टीम ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के अपने पहले मैच में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन शनिवार को पर्थ के पर्थ हॉकी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया 'ए' के खिलाफ 3-5 से हार गई। भारत ने महिमा टेटे (27%), नवनीत कौर (45%) और लालरेम्सियामी (50%) के माध्यम से गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया 'ए' के लिए नेसा फ्लिन (3%), ओलिविया डाउन्स (9%), रूबी हैरिस (11%), टैटम स्टीवर्ट (21%) और केंड्रा फिट्जपैट्रिक (44%) ने गोल किए। मैच की शुरुआत बहुत ही शानदार रही, जिसमें ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने शुरुआत में ही नियंत्रण बना लिया और नेसा फ्लिन (3%) द्वारा बनाए गए बेहतरीन फील्ड गोल के माध्यम से गतिरोध को तोड़ दिया। घरेलू टीम ने लगातार दबाव बनाना जारी रखा और ओलिविया डाउन्स (9') और रूबी हैरिस (11') ने डिफेंसिव खामियों का फायदा उठाते हुए दो और फील्ड गोल किए, जिससे पहले क्वार्टर में 3-0 की बढ़त हासिल हुई। ऑस्ट्रेलिया 'ए' ने दूसरे क्वार्टर में भी अपनी लय बनाए रखी और भारतीय डिफेंस पर लगातार दबाव बनाए रखा।

# योगासन में उत्कृष्टता का जश्न : दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप शुरू

**नई दिल्ली,** 26 अप्रैल (एजेंसियां)। दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप का उद्घाटन कल के. डी. जाधव इंडोर रेसलिंग हॉल, इंदिरा गांधी स्टेडियम, नई दिल्ली में बड़े उत्साह और उमंग के बीच हुआ। इस प्रतियोगिता का आयोजन योगासन भारत ने युवा मामले और खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सहयोग से किया है। इस चैम्पियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं और योगासन को एक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मनाने का यह अद्वितीय अवसर है। इस उद्घाटन समारोह में दिल्ली की मुख्यमंत्री, रेखा गुप्ता, मुख्य अतिथि के रूप में और भारत सरकार के संस्कृति और पर्यटन मंत्री, गजेंद्र सिंह शेखावत, सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि श्रीमती रेखा गुप्ता ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि दूसरी एशियाई योगासन स्पोर्ट चैम्पियनशिप की ऊर्जा को देखना मुझे खुशी से भर देता है। मैं योगासन भारत को इस ऐतिहासिक चैम्पियनशिप के लिए बधाई देती हूं और इंद्रप्रस्थ योगासन के प्रयासों को सराहती हूं। मैं 20 देशों के सभी खिलाड़ियों, यहां मौजूद 200 से अधिक एथलीटों को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। यह चैम्पियनशिप केवल एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह भारत, एशिया और दुनिया के लिए योगासन को एक वैश्विक खेल के रूप में मनाने की नई शुरुआत है। गजेंद्र सिंह शेखावत ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब भारत की प्रतिष्ठा वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ रही है, ऐसे समय में इस जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का हिस्सा बनना एक प्रेरणादायक अनुभव है। भारत का ज्ञान, विज्ञान और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर एक बार फिर हमारी वैश्विक पहचान को नया रूप दे रही है। हम योगासन को एक खेल के रूप में बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार की और अंतरराष्ट्रीय चैम्पियनशिप्स भारत में आयोजित करने का समर्थन करते हैं। मुझे विश्वास है कि आगामी चैम्पियनशिप्स में भारत की सफलता हमारी गहरी संस्कृति और परंपराओं का प्रतिबिंब बनेगी।




■ इस चैम्पियनशिप में 20 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष खिलाड़ी भाग ले रहे हैं

| पोजिशन | टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | गुजरात टाइटंस | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.104 |
| 2- | दिल्ली कैपिटल | 8 | 6 | 2 | 12 | +0.657 |
| 3- | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 9 | 6 | 3 | 12 | +0.482 |
| 4- | मुंबई इंडियंस | 9 | 5 | 4 | 10 | +0. 673 |
| 5- | पंजाब किंग्स | 8 | 5 | 3 | 10 | +0.177 |
| 6- | लखनऊ सुपर जायंट्स | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.054 |
| 7- | कोलकाता नाइट राइडर | 8 | 3 | 5 | 6 | +0.212 |
| 8- | सनराइजर्स हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 | -1.361 |
| 9- | राजस्थान रॉयल्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -0.103 |
| 10- | चेन्नई सुपर किंग्स | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.392 |